हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • शुक्रवार • 15.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 113 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

# भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड में आदिवासी-मूलवासी सरकार चलाएं : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड में आदिवासी-मूलवासी सरकार चलाए। भाजपा के लोग आदिवासी मूलवासी के लोगों को मजबूत होते नहीं देखना चाहते हैं। पूरे देश की ताकत लगाकर यहां की सत्ता को कब्जा करना चाहते हैं।

वह उक्त बातें चास प्रखंड के विनोद बिहारी स्टेडियम सोनाबाद में बोकारो विधानसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्वेता सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से फिर से एक बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि हमारी सरकार कोरोना काल में लाचार एवं बेबस लोगों के लिए सहारा बनने का काम किया है। वही एनडीए के लोगों ने उन्हें बेसहारा छोड़ दिया था।

उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार ने मंईंया सम्मान योजना,आबुआ आवास, बिजली बिल माफ सहित कई कल्याणकारी योजना लाकर गरीबों का राहत दिया है। बीस सालों में भाजपा सरकार कोई भी ऐसी योजना दिखा दे जो गरीब,आदिवासी दलित का कल्याण हुआ है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट, रेलवे, डीवीसी भी बेचने का काम अपने व्यापारी मित्रों के हाथों में भाजपा ने किया है। इन घुसपैठियों एवं राजनीतिक व्यापारियों से झारखंड को बचाना है।

उन्होंने बोकारो इंडिया गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार श्वेता सिंह तथा चंदनकियारी से उमाकांत रजक को भारी मतों से विजयी बनाने के मौजूद जनसभा से अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार से ही झारखंड का विकास संभव है। बोकारो के विधायक ने अपना विकास किया है। अगर उनकी नियत अच्छी होती तो अपना अस्पताल बनाने की वजह यहां सरकारी अस्पताल बनाने का काम करते।

इंडिया गठबंधन बोकारो प्रत्याशी श्वेता सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गठबंधन की सरकार द्वारा बोकारो में 500 बेड का अस्पताल खोला जा रहा है। पिछले 10 सालों में बोकारो के जनता को विधायक ने ठगने का काम किया है ।

## देशभर के चिड़ीमार झारखंड में घूम रहे हैं : हेमन्त

**रांची :** सीएम हेमन्त सोरेन ने आज सारठ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसमे उन्होंने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि इस चुनाव में देशभर के चिड़ीमार लोग यहां आकर घूम रहे हैं। कहा, इनसे आपको सावधान रहने की जरूरत है। इन लोकतंत्र के चोरों से सावधान रहने की जरूरत है। सासंद चोरों से सावधान रहने की जरूरत है। विधायक चोरों से सावधान रहने की जरूरत है। हेमंत ने कहा, बीजेपी और एनडीए के बड़े-बड़े नेताओं ने यहां डेरा डाल रखा है। कहा कि देश के गृहमंत्री, असम के मुख्यमंत्री और केंद्र के बड़े नेता ने यहां डेरा डाल रखा है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों से इनके बड़े नेता यहां आकर डेरा डाले हुए हैं। हेमंत ने कहा कि पांच साल से ये लोग मुझे पकड़ना और फंसाना चाह रहे हैं। एक बार जेल भी भेज दिया। लेकिन हम फिर से जेल से निकल गये। कहा ये लोग अभी भी हमको पकड़ना चाह रह हैं। पांच साल से सरकार गिराने के लिए परेशान हैं। कोशिश कर कर के थक चुके हैं। कहा ये थके हुए लोग हैं। हेमंत ने कहा, राज्य बनने के बाद से ये लोग सत्ता पर काबिज थे। हमने पिछले चुनाव में इनको पहली बार सत्ता से बेदखल किया। तब से ये लोग मछली की तरह सत्ता पाने के लिए छटपटा रहे हैं। जनादेश वाली सरकार को गिराने की कोशिश की।

## राज्य की मंईयां जीत गई, तानाशाह हार गया : सीएम



**रांची :** मंईयां सम्मान योजना पर रोक के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इस योजना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया है और कहा है कि राज्य की मंईयां जीत गई। तानाशाह हार गया पर लड़ाई जारी है। मंईयां के खिलाफ अब ये सुप्रीम कोर्ट जाएँगे - पर मैं आपका भाई, आपका बेटा वहां भी इन्हें हराएगा जय मंईयां, जय जय झारखंड। उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के ट्विटर हैंडल से भी एक पोस्ट किया गया है जिसमें कहा गया है कि जीत गई जीत गई। राज्य की सारी मंईयां जीत गई। हाई कोर्ट में तानाशाह मंईयां के खिलाफ केस हार गई। अब कभी वे मंईयां के तरफ नजर उठा कर नहीं देखेंगे।

# झारखंड स्थापना दिवस आज, होंगे कई कार्यक्रम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को यानि 15 नवंबर को झारखंड अपना 24वां स्थापना दिवस मनायेगा। साल 2000 में इसी दिन बिहार से अलग करके झारखंड राज्य बनाया गया था। इसके साथ ही झारखंड देश का 28वां राज्य बना था। इस साल झारखंड राज्य अपना 24वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर राज्यभर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंग।

झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी निवासियों तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता से संपन्न झारखंड अपनी अनोखी विरासत और परंपराओं के लिए विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग अपने श्रम, साहस और आत्मनिर्भरता के लिए जाने जाते हैं एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि झारखंड प्रगति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहे और यहां के लोग सुख, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर रहें।

प्रो. संजय ने बताया कि इस दिन झारखंड के भगवान माने जाने वाले धरती बाबा यानी बिरसा मुंडा की जयंती भी होती है। यह दिन झारखंड की संस्कृति, इतिहास और विकास को समर्पित होता है। इस अवसर पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैली और विशेष सरकारी कार्यक्रम शामिल होते हैं।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने की याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज




**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने का आग्रह करने को लेकर दायर जनहित याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार एवं प्रार्थी का पक्ष सुना। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से यह याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया है कि आने वाले कुछ माह में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को सीधे अकाउंट के माध्यम से पैसे नहीं दे सकती है। राज्य सरकार पब्लिक के परपस के लिए पैसा दे सकती है क्योंकि जनता के टैक्स के पैसे से ही सरकार चलती है। सरकार का काम पैसा को उस योजना में लगाना है,जिससे पब्लिक का फायदा हो, किसी को सीधे पैसा देना सही नहीं है। उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि चार माह से वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी पेंशन की योजनाएं नहीं चल रही हैं। विधानसभा चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि मंईयां सम्मान योजना से 40 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाएं और बुजुर्ग महिला को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। जिसके तहत किसी घर में तीन महिलाएं और बुजुर्ग हैं तो सरकार सालाना 60 हजार रुपये देगी।

## एक नजर

### राहुल गांधी आज एक दिवसीय चुनावी दौरे पर आयेंगे झारखंड

**रांची :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर 15 नवंबर को झारखंड आएंगे। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने दौरे के दौरान राहुल गांधी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस क्रम में कांग्रेस की महगामा उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में महगामा विधानसभा के बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में 12 :30 बजे पहली जनसभा तथा बेरमो उम्मीदवार कुमार जय मंगल सिंह के समर्थन में बेरमो विधानसभा के भंडारडीह मैदान में अपराह्न 3 :15 से दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे।

# झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : शाह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है। जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है।

उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं।

झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही इस संबध में कानून बनाया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का झारखंड में भी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव जैसा हाल होने वाला है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी परिवार की चार पीढ़ियां भी अब इसे वापस नहीं ला सकतीं। उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ बोर्ड कानून लाना हमारी सरकार का संकल्प है।

# झारखंड में फिर बनेगी हेमन्त सरकार : कल्पना सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्ना सोरेन ने गुरुवार को कहा कि झारखंड की जनता ने मूड बना लिया है। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। कल्पना सोरेन गोमिया विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद के समर्थन में कसमार प्रखंड के सपाहीटांड़ खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने जनता से गोमिया विधानसभा क्षेत्र से योगेंद्र प्रसाद को विजयी बनाने की अपील की। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जहां धनकुबेरों का ऋण माफ कर रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड की हेमंत सरकार ने 35 लाख गरीबों का बिजली बिल माफ कर दिया। हर परिवार को प्रतिमाह 200 यूनिट फ्री बिजली दे रही है। हेमंत सोरेन सरकार ने मंईयां सम्मान जैसी दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं को सरजमीं पर उतारा, जिससे विकास काफी तेजी से हुआ।

हेमंत सोरेन राज्य की आदिवासी मूलवासियों की हित की रक्षा में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं तो विपक्षियों को चूभ रही है। जिस झारखंड में 18 से 20 साल तक एनडीए ने राज्य किया,तब न यहां की आधी आबादी, किसान, मजदूर, गरीब, दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, मूलवासियों के हित में सोची अब जब जनता ने राज्य से डबल इंजन की सरकार को हटाया तो हितैषी बनने की घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार झारखंड की जनता के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए दबाकर बैठी है, जिससे झारखंडियों का विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार मंईयां से ज्यादा भैया लोग खुश हैं, इसलिए कोई भी ताकत इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने से नहीं रोक सकती। गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि उन्होंने 19 साल तक जनता की सेवा की, अब जनता की बारी है। अपना आशीर्वाद दें और 2014 की तरह वोट देकर दुबारा सेवा करने का मौका दें। पूर्व विधायक बबिता देवी ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, गुणानंद महतो, मनोहर मुर्मू, दिलीप हेंब्रम, सिकंदर कपरदार, बिनोद महतो रसलीन, सोहेल अंसारी, शेरे आलम, कुलदीप करमाली, मुकेश महतो समेत हजारों लोग मौजूद थे।

# केंद्र में कांग्रेस थी तो रोज शहीद होता था झारखंड का जवान अब आतंकियों की होती है जहन्नुम की यात्रा : सीएम योगी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद/बोकारो :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की।

### झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह कर रहे कांग्रेस व राजद

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।

### मजदूरों को ब्लैकमेल कर माल कमाते हैं वामपंथी

सीएम योगी ने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है। यहां का कोयला मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी संघर्ष का नारा लगवाएंगे, हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और लाल सलाम वाले मालामाल बन जाते हैं। कोई बैरियर बनता है तो यह लोग उसकी निर्मम हत्या भी करते हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लालसलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि मोदी जी राशन भेजते हैं, लेकिन यहां झामुमो, कांग्रेसी, राजद व कम्युनिस्ट खा जाते हैं। जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो झारखंड का जवान रोज शहीद होता था। यह लोग जवानों से कहते थे कि जब दुश्मन गोली चलाएगा, तब गोली चलाना लेकिन नया भारत घुसपैठ करने वाले आतंकियों का काम तमाम कर उसकी जहन्नुम की यात्रा निकाल देता है। आतंकियों का हाल देख आका पाकिस्तान भी कांप जाता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि झारखंड को लव और लैंड जेहाद का अड्डा बना दिया है। दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। झामुमो, राजद व कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाले की नहीं होगी सीबीआई जांच : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें सीबीआई को राज्य विधानसभा में की गई नियुक्तियों और पदोन्नति में कथित अनियमितताओं की जांच करने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस बी आर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ ने झारखंड विधानसभा और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें हाईकोर्ट के 23 सितंबर, 2024 के फैसले को चुनौती दी गई है।

वकील तूलिका मुखर्जी के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने किसी आपराधिक या संज्ञेय अपराध की अनुपस्थिति में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस मुद्दे की जांच करने का निर्देश देकर गलती की है, वह भी एक ऐसे सिविल मामले में जिसमें सेवा न्यायशास्त्र और अन्य के संबंध में कानून और तथ्यों के जटिल और शुद्ध प्रश्न शामिल हैं। याचिका में कहा गया है, उच्च न्यायालय ने सीबीआई को प्रथम जांच एजेंसी के रूप में जांच करने का निर्देश देकर गलती की है, जबकि इस बात का कोई ठोस और ठोस कारण नहीं है कि राज्य की जांच एजेंसी कथित अनियमितता या अवैधता की जांच करने के लिए उपयुक्त नहीं है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान मामले में कोई एफआईआर नहीं है और कोई संज्ञेय अपराध नहीं है। याचिका में दावा किया गया है कि पैसे के लेन-देन का कोई सबूत नहीं है, पैसे देने या लेने का कोई सबूत नहीं है, धोखाधड़ी का कोई सबूत नहीं है और कोई आपराधिकता नहीं बनाई जा सकती है₹। याचिका में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा सचिवालय (भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम, 2003) 10 मार्च, 2003 को अस्तित्व में आया। इसमें कहा गया है कि विधानसभा सचिवालय और विधानसभा समितियों के काम को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## एक नजर

### बरही में पांचवां बाल संस्कार केंद्र का हुआ उद्घाटन

**बरही :** गुरुवार को अंबेडकर नगर बाराटांड़ स्थित भिखन दास जी के आवासीय प्रांगण में पांचवें बाल संस्कार केंद्र का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बिनोद साव ने दीप प्रज्वलित और नारियल फोड़कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा, बचपन में दिए गए संस्कार ही बच्चों की सबसे बड़ी पूंजी हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा, शिक्षा और संस्कार से ही समाज को सुशिक्षित और संस्कारवान बनाया जा सकता है।वहीं, क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री त्रिवेणी साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योग, गीत, श्लोक, कथा-कहानी और खेल जैसे माध्यमों से सतत प्रयास किया जाता है। इस बाल संस्कार केंद्र की शिक्षिका मोनिका कुमारी होंगी। उद्घाटन समारोह में विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग के जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, पूर्व मुखिया सुमन देवी समेत अंबेडकर नगर और आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जो समाज निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रामा आई एंड डेंटल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

**बरही :** गया रोड स्थित ओवरब्रिज के पास रामा आई एंड डेंटल हॉस्पिटल का उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महावीर साहू और बिनोद साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा की शुरूआत का प्रतीक बना। हॉस्पिटल के प्रोपराइटर डॉ. रामटहल और डॉ. विशाखा गुप्ता ने इस नई पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हॉस्पिटल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है और यहां आंखों तथा दांतों से जुड़ी सभी समस्याओं का उच्च-स्तरीय उपचार उपलब्ध होगा। डॉ. विशाखा गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य मरीजों को किफायती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यहां आने वाले हर मरीज को पूर्ण देखभाल और विशेषज्ञ उपचार का भरोसा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में प्रो. बद्री साव, कोबरा वाहिनी 203 के इंस्पेक्टर पंकज यादव, पंकज कुमार, बालगोविंद साव, बाल्मीकि साव, मुरली साव, रामचंद्र साव, दसरथ यादव, कुंदन, पंकज, और दीपक प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी ने हॉस्पिटल के उद्घाटन को लेकर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### कोडरमा में देर रात ईवीएम वज्र गृह हुआ सील

**कोडरमा :** मतदान खत्म होने के बाद बुधवार को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ इवीएम व वीवीपैट मशीन को राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में बनाए गए वज्रगृह में जमा किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की निगरानी में पोलिंग पार्टियों से इवीएम व वीवीपैट मशीन प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा ली गयी। इवीएम व वीवीपैट मशीन जमा करने का सिलसिला बुधवार देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के अलावा प्रेक्षक माल सिंह भयडिया, डीडीसी ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर आदि मौजूद थे।

# गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तिवारी महतो को जिताएं : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी दौरा करने के बाद वहां चुनाव संपन्न होने के उपरांत अब मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव कैंपेन में जान झोंकना शुरू कर दिया है। बुधवार को मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दिनभर ताबड़तोड़ तूफानी दौरा करने के बाद गुरुवार को दिन भर मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का चुनावी दौरा कर मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो के पक्ष में जनसंपर्क



अभियान चलाया। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत चुरचू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम इंदिरा से किया जिसके दुबा गढ़ा, जरबा और मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मांडू डी, ठाकुर बेड़ा, बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, तोपा चौक, आरा उत्तरी 96 कॉलोनी, सिरका, सोनडीहा, बड़गांव, नवाडीह, गुड्डूटांड़, चोपड़ा मोड़, केदला हाउसिंग के बाद ड्राइवर हॉट में समापन किया। सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और हरेक गांवों में एनडीए के समर्थन में लोगों का अभूतपूर्व जन समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बजे बजे के साथ सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और एनडीए को पूर्ण समर्थन का उन्हें भरोसा जताया। सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान पंचायत बुमरी स्थित ग्राम ठाकुर गोडा में मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो और तिवारी महतो की धर्मपत्नी सोनोका देवी अपने महिला काफिले के साथ जुड़ी और फिर उनके साथ कई गांवों में जनसंपर्क चलाकर अपने पति के पक्ष में लोगों से केला छाप में मतदान करने का अपील किया। तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी अपने पति के लिए स्टार प्रचारक की भूमिका में खूब पसीना बहा रही हैं । मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में बदलाव के लिए मतदान करने के साथ झारखंड राज्य से झामुमो, कांग्रेस और राजद की भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की पर्यायवाची बनी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेक और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए की सशक्त सरकार झारखंड में बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए लगातार संघर्ष और जनसेवा में तत्पर रहने वाले समाजसेवी को एवं के क्रम संख्या 02 में चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट जरूर दें ।रामगढ़ जिले के बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, अंबिका सिंह उर्फ. खोखा सिंह, पंकज साहा, भाजपा महिला नेत्री रीमा देवी, उपेंद्र सिंह, भोला सिंह, रंजीत साव, मुकेश सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, अमित बेलथरिया, कपिल साव, बबलू कुशवाहा, बीरेंद्र मुंडा, रामानन्द सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, छोटू सिंह, बजरंगी सिंह, महेश महतो, राजेश सिंह, अलखदेव सिंह, राजू महतो, प्रदीप महतो, गिरधारी महतो, संजय शर्मा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## आईसेक्ट इंटर कॉलेज में मनाया गया बाल दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती हर वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आईसेक्ट इंटर कॉलेज, हजारीबाग में भी गुरूवार को हर्षोल्लास से बाल दिवस मनाया गया। बता दें कि इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुत किए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल 14 नवंबर का दिन हमारी युवा पीढ़ी के पालन-पोषण और शिक्षित करने के महत्व की याद दिलाती है। साथ ही उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति लगाव से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ गोविंद ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व भी बताए। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए आईसेक्ट



इंटर कॉलेज के शिक्षक बच्चों की ताकीद कर रहें हैं, इसका सकारात्मक परिणाम भी आने वाले वर्षों में देखने को मिलेंगे।मौके पर मौजूद आईसेक्ट विश्वविद्यालय के डीन एडमिन डॉ एसआर रथ भी बच्चों से मुखातिब हुए और कहा कि सभी विद्यार्थियों को पंडित नेहरू के बताए पदचिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होंने पंडित नेहरू के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए बच्चों का विकास जरूरी है। ऐसे में समाज और देश की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रहने योग्य बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा दी जाए और इस बात को कहते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है कि आईसेक्ट इंटर कॉलेज इस ओर बेहतर कार्य कर रही है। बताते चलें कि इस खास मौके पर मुख्य अतिथि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों मौजूद सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए गए।कार्यक्रम में शिक्षक एसएनके उपाध्याय, आशा गुप्ता, बिरेंद्र कुमार, अभिमन्यु पांडेय, पूजा भारती, प्रियंका मेहता, डॉ बचनदेव कुमार राय, सुशांत कुमार, संतोष कुमार रविदास, लक्ष्मी कुमारी व अर्जुन राणा के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## हारे या जीते आपकी बेटी क्षेत्र में रहेंगी बरकरार : अंबा प्रसाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पतरातू प्रखंड के डीजल कॉलोनी स्थित सुभाष नगर में बीती रात एक दुकान में अचानक आग लगने की घटना हुई, जिससे दुकानदार को भारी नुकसान हुआ। घटना की सूचना पाकर महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद तुरंत मौके पर पहुंचीं और प्रभावित दुकानदार से मुलाकात की। अंबा प्रसाद ने स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर घटना का संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि प्रभावित दुकानदार को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके और वह जल्द ही अपने व्यवसाय को पुनः स्थापित कर सके। अंबा प्रसाद ने कहा, इस मुश्किल समय में मैं पीड़ित दुकानदार के साथ खड़ी हूं और हर संभव मदद सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगी। प्रशासन की ओर से मुआवजा राशि का तुरंत भुगतान होना चाहिए ताकि राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस त्वरित सहायता और संवेदनशीलता के लिए अंबा प्रसाद का आभार जताया।

## गरडीह में मतदान केंद्र बनने से मतदाताओं ने जमकर किया मतदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा निर्वाचन-2024 के तहत 13 नवम्बर को हजारीबाग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें ईचाक प्रखण्ड के डाडीघाघर पंचायत स्थित बूथ संख्या 390 गरडीह में क्षेत्र के महिला, पुरूष मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त बूथ में मतदान का प्रतिशत लगभग 70 प्रतिशत रहा। मतदान करने की सुविधा से उमड़ी पुरूष व महिला मतदाताओं की भीड़, जताया जिला प्रशासन का आभार इस क्रम में गरडीह मुखिया नन्दकिशोर ने बताया कि यह अति संवेदनशील एरिया के अंतर्गत आता है तथा चारों ओर जंगली पहाड़ी से घिरा हुआ है। सुरक्षा कारणों से इसे 10 किलोमीटर दूर फुफुंदी स्थित बूथ में जाकर मतदान करने में मतदाताओं खासकर वृद्ध व बीमार मतदाताओं को काफी दिक्कत होती थी। जिसकरण मतदान प्रतिशत भी कम रहता था। वहीं गरडीह के मतदाताओं का काफी समय से यह मांग थी कि हमलोग का बुथ गरडीह में ही किया जाय इसी मांग के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा उक्त बुथ फफूंदी से गरडीह किया गया। गरडीह में ही बूथ (संख्या 390) हो जाने, सड़क व अन्य सुविधा मिलने से मतदाताओं को सुविधा हुआ जिससे यहां मतदाताओं में उत्साह और जोश के चलते मतदान प्रक्रिया में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## देश के चहुंमुखी विकास के लिए नेहरू जी हमेशा प्रयत्नशील रहे : निसार खान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वाधीन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती बाल दिवस के रूप में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नें उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का जवाहर देश की करोड़ो जनता का हृदय सम्राट प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नहरू ने ऐशोआराम की जिन्दगी न अपनाते हुए स्वाधीनता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ जूझना स्वीकार किया। प्रिय पत्नी का देहांत होने पर भी मन को कठोर




कर नेहरूजी सत्याग्रह आंदोलन में कूद पड़े। कांग्रेस का अध्यक्ष पद अपने पिता के स्वयं स्वीकार कर पूर्ण स्वराज्य की शपथ ली और स्वाधीन देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को विश्व के चोटी के राष्ट्रों के मध्य ले जाकर प्रतिष्ठित किया। देश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रत्यनशील रहे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह प्रदेश प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह, कैलाश पति देव वरिष्ठ कांग्रेसी अकिल अहमद, अदिब रिजवी, राजू चौरसिया, प्रखंड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति, विजय कुमार सिंह, अनिल भुईयां, मिथिलेश दुबे, बाबर अंसारी, बाबू खान, मुस्ताक अंसारी, जगदेव राणा, गोविंद राम, उदय पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# जिले का प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र नृसिंह स्थान मंदिर सज-धज कर तैयार, आज लगेगा कार्तिक पूर्णिमा का मेला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** स्थानीय लोगों में एक कहावत है हजारीबाग की तीन पहचान। झील, पंचमंदिर और नृसिंह स्थान। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग से छह किलोमीटर दूर बड़कागांव रोड में कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत श्री नृसिंह स्थान मंदिर जिले का प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र है। यह प्राचीन धरोहर को लगभग चार सौ बर्ष के इतिहास को संजोए हुए है। यह यह मुगलकाल अकबर के राज्य से लेकर ब्रिटिश शासन और वर्तमान लोकतंत्र का साक्षी भी रहा है। यहां भगवान विष्णु के अवतार नृसिंह की पाँच फीट की प्राचीन प्रतिमा है। जो काले रंग के ग्रेफाइट पत्थर की बनी है। वर्तमान में इसका मूल्य करोड़ो



मे बताया जाता है। ऐसी मानता है कि यहां गर्भ गृह में भगवान विष्णु के साथ शिव साक्षात विराजमान है। यहां स्थापित शिवलिंग जमीन से तीन फीट नीचे है। गर्भ गृह में शिव के साथ विष्णु भगवान के विराजमान रहने का का अद्भुत संयोग है। जो वैष्णव और शिव भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा भगवान सूर्य देव, नारद, शिव पार्वती और नवग्रह के प्रतिमा दर्शनीय है।गर्भ ग्रह के बाहर हनुमान जी की प्रतिमा है। यहां सालों पर दर्शन पूजन करने श्रद्धालु आते हैं। गुरुवार और पूर्णिमा के दिन पूजा का अपना एक अलग महत्व है। कार्तिक और माघ महीने में भक्तों की भीड़ यहां बढ़ जाती है। यहां मुंडन, जनेउ, शादी विवाह व अन्य धार्मिक का आयोजन किए जाते हैं। शहर एवं आसपास लोक नया वाहन खरीदने पर यहां पूजा करने पहुंचते हैं। यह कार्तिक पूर्णिमा के दिन नृसिंह मेला लगता है। जो झारखंड में प्रसिद्ध है। मंदिर से कुछ दूरी पर मां सिद्धेश्वरी का मंदिर है जिसे नकटी महामाया मंदिर भी कहते हैं। यह सिद्ध पीठ है। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के दशा अवतार के मंदिर हैं। जिसमे मत्स्य, कुर्म, वाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम,कृष्ण बुद्ध और कल्कि अवतार के मंदिर शामिल है। इसके अलावा यहां काली मंदिर और लक्ष्मी नारायण का भी मंदिर है। श्री नृसिंह मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इसकी स्थापना 1632 ईस्वी में पंडित दामोदर मिश्र ने की थी। जो रामायण के रचनाकार संत तुलसीदास के समकालीन थे। वह संस्कृत और ज्योतिष के विद्वान के होने के साथ-साथ तांत्रिक भी थे। संस्कृत में उन्होंने कई रचनाए लिखी है। वह दुर्लभ पांडुलिपि आज देखरेख के अभाव में खत्म होने के कगार पर हैं। उनके वंशजों का कहना है कि वह औरंगाबाद सीरीश कुटुंबा के रहने वाले थे। उन्होंने बनारस मे शिक्षा दीक्षा लेने के बाद गंगा नदी के किनारे सिद्धेश्वरी घाट पर भगवान विष्णु के उग्र रूप नृसिंह की आराधना कर सिद्धि प्राप्त की थी। उसके बाद वह अपनी माता लवंगा के साथ हजारीबाग खपरियांवा पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ नाजिर अंसारी ने जनसंपर्क अभियान तेज कर विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा अंतर्गत विष्णुगढ़ में आजाद पार्टी केतली छाप के उम्मीदवार डॉ नजीर अंसारी ने विष्णुगढ़ के कुसुंभा, नवादा, बनासो पंचायत के अतिरिक्त अन्य गांव में जनसंपर्क अभियान किया। डॉ नजीर ने जनसंपर्क अभियान में एक-एक घर जाकर अपने विचारों से चुनाव में जितने का आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क अभियान में डॉक्टर नजीर के काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाल दिवस पर बीएम मेमोरियल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव बी.एम मेमोरियल स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उप प्राचार्य पूनम कुमारी और शिक्षिका अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी बच्चों को खेल से संबंधित जानकारियां दी गई। खेलकूद प्रतियोगिता में बैलून फोड़, बिस्कुट दौड, मटर दौड़, मेंढक दौड़,बिस्किट दौड़, सुई धागा, चम्मच दौड़, दौड़, रसीद दौड, कुर्सी खेल, कबड्डी, थ्रो बॉल, बाधा दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने खेल के मैदान में एक से बढ़कर एक खेल दिखाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भी अति आवश्यक होते है। खेल से हमारे शरीर का संपूर्ण विकास होता है। हमारे लिए खेल उतना ही जरूरी है जितना कि पढ़ाई। हम खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। वहीं स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे स्कूल बड़कागांव प्रखंड के सभी स्कूलों से अलग व्यवस्था देती है हमारे यहां खेलकूद के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा, प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था, सहित विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को पढ़ाई करवाई जाती है। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से। उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, दिलेश्वर दास, आनंद कुमार, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, आशीष यादव,आर्य कुमारी, अंजली मिश्रा, मनीषा कुमारी, ऋषभ अग्रवाल, राजेश कुमार रवि, सुमित कुमार, देवंती देवी, सोनू कुमार, स्नेहा कुमारी, सुभाष प्रसाद, सुमन कुमारी, नेहा कुमारी, गंगा भारती, विकाश ठाकुर, सहित दर्जनों शिक्षक व सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### रामनवमी संरक्षण समिति के द्वारा नरसिंह मेला में होगा खिचड़ी का वितरण



**हजारीबाग :** रामनवमी संरक्षण समिति की अहम बैठक प्रधान कैफेटेरिया में संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान की अध्यक्षता में हुई । बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार दिनांक 15 नवंबर 2024 को नरसिंह स्थान में एक खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम होगा। जो सुबह से लेकर संध्या 5:00 बजे तक चलता रहेगा। इसमें मंदिर के प्रांगण में आए हुए लोगों को खिचड़ी भोग का प्रसाद का वितरण किया जाएगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से संरक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान एवं संस्थापक राजकुमार यादव सचिव ओम प्रकाश गोप,पिंटू सिन्हा, धर्मेंद्र शुक्ला, राकेश सिन्हा , मुकेश कुमार, सुरज प्रकाश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रामनवमी संरक्षण समिति के सभी पदाधिकारी एवं सभी सदस्य गण को नरसिंह स्थान मंदिर में अपने भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित होने की अपील की गई है ।

### संजय मेहता का मांडू विस क्षेत्र में जनसंपर्क मोटरसाइकिल रैली में जुटी भारी भीड़



**मांडू :** मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मांडू में गुरुवार को संजय मेहता द्वारा जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया, जिसमें कई स्थानों पर मोटरसाइकिल रैली और सार्वजनिक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और उनके साथ सशक्त संवाद स्थापित किया गया। जनसंपर्क अभियान का प्रमुख केंद्र दिगवार, पोचरा और बोगांबार फोर लाइन था, जहां मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने दोपहिया वाहनों के साथ हिस्सा लिया और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद एक सार्वजनिक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने अपने विचार रखे और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और जनता से अपील की कि वे उनके साथ मिलकर मांडू को एक नई दिशा दें। इसके अतिरिक्त, मांडू प्रखंड के सेवटा में भी जनसंपर्क किया गया, जहां संजय कुमार मेहता ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संजय कुमार मेहता ने कहा, हमारा उद्देश्य मांडू को उसका गौरव लौटाना है। मांडू क्षेत्र के विकास के लिए हम कृतसंकल्प हैं। मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमारे अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर रोहित महतो, दीपशिखा कुमारी, आनंद मुंडा, दिनेश रजवार, मनोरंजन तिर्की समेत सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।


# हेमंत सोरेन सरकार में झारखंड को मिला लव जिहाद व लैंड जिहाद : अनुराग ठाकुर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि रपिछले पांच वर्ष अगर आप राजद-कांग्रेस-झामुमो की सरकार के देखेंगे तो झारखंड के लोगों को 'लव-जिहाद', 'लैंड जिहाद' ही मिला है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के बजाय 'जिहाद-कल्याण' यहां पर चल रहा है और इसके कई उदाहरण यहां पर आपके सामने हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहनों को बहला-फुसलाकर उनके अधिकार मारे जा रहे हैं। झारखंड की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करती है। यहां पर जल, जंगल और जमीन का घोर भ्रष्टाचार हुआ है। इस लूट वाली सरकार को अब जनता खुली छूट नहीं देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं ने मन बना लिया है कि अब वे भाजपा के साथ चलेगा। हेमंत सोरेन ने कितनी नौकरियां दीं? रिकॉर्ड पेपर लीक का काम हुआ। इन्होंने पेपर लीक तो बंद नहीं करवा पाए, लेकिन इण्टरनेट बंद करवा दिए। सरकार ने माना है कि पांच साल में मात्र 11,400 लोगों को ही नौकरी मिल पाई और बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई थी लेकिन पांच प्रतिशत भी नहीं मिल पाया है। बृद्ध महिलाओं के लिए कहा था कि इन्हें ढाई हजार रुपए प्रति माह देंगे और वंचित–शोषित महिलाओं को भी देंगे, इन्होंने उसे अस्वीकार्य कर दिया है।

## बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों की पीएमएलए कोर्ट में हुई पेशी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गिरफ्तार एक महिला सहित चार आरोपितों को ईडी ने पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार के कोर्ट में पेश किया। इनमें बांग्लादेशी नागरिक रानी मंडल, समीर चौधरी और भारतीय नागरिक पिंटू हलधर एवं पिंकी बसु मुखर्जी शामिल है। पेशी के बाद सभी आरोपितों को 18 नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल के 17 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद सभी चारों को ईडी ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल के कोर्ट में इन्हें पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर सभी को रांची लाया गया है। छापेमारी में फर्जी आधार, फर्जी पासपोर्ट, अवैध हथियार सहित कई दस्तावेज, नकदी और गहने ईडी ने बरामद किया है। मानव तस्करी का इन सभी पर आरोप है। बरियातू थाना में दर्ज प्राथमिकी को ईडी ने टेकओवर कर यह कार्रवाई की है।

## 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को किया गया शो-कॉज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में डिस्पैच के दिन बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने शो-कॉज जारी किया गया है। 12 नवम्बर को 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों की बिना अनुमति अनुपस्थिति को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के दिन अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों द्वारा स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को शुक्रवार के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरूण रंजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण को सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न संस्थान में सेवारत पदाधिकारी व कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन व मतदान पदाधिकारी के रुप में दायित्व निर्वहन के लिए की गयी थी। निर्गत नियुक्ति पत्र पर सभी पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को स्पष्ट निदेश दिया गया था कि वे 12 नवम्बर को प्रातः 06:00 बजे अपना योगदान बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आवंटित विधानसभा में देना सुनिश्चित करेंगे, लेकिन 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों ने अपना योगदान नहीं दिया, जिन्हें शो-कॉज जारी किया गया है।

## रांची की आरडीसीआईएस, सीईटी और एसएसओ इकाइयों ने मनाया गुणवत्ता दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विश्व गुणवत्ता दिवस के उपलक्ष्य में सेल रांची की आरडीसीआईएस, सीईटी और एसएसओ इकाइयों ने गुणवत्ता दिवस मनाया। आरडीसीआईएस में, एस के कर, कार्यपालक निदेशक ने गुणवत्ता ध्वज फहराया, उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक एस वशिष्ठ भी थे। सीईटी में, एस के वर्मा, कार्यपालक निदेशक ने गुणवत्ता ध्वज फहराया, उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक टी घोष भी थे। सीईटी टीम को संबोधित करते हुए, वर्मा ने अपना विजन, अनुभव साझा किया और गुणवत्ता के मूल मंत्र पर जोर दिया और कहा कि हमें गुणवत्ता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और इसे अपनी आदत बनाना चाहिए। उन्होंने हाल के दिनों में विभिन्न संयंत्रों की विभिन्न मेगा परियोजनाओं के लिए कार्य आदेशों के सफल प्लेसमेंट पर टीम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कर ने आरडीसीआईएस और एसएसओ के सभी कर्मचारियों को गुणवत्ता शपथ भी दिलाई। उन्होंने जापानी उद्योग का उदाहरण दिया जो गुणवत्ता में सुधार के अवसर का लाभ उठा सकता है। उन्होंने निम्न कार्बन स्टील के संदर्भ में बायो चार, हाइड्रोजन आधारित डीआरआई और संबद्ध स्टील निर्माण के उपयोग का भी उल्लेख किया। आरएस प्रसाद और सुश्री प्रियंका परमेश्वरन ने सीईटी में सभी कर्मचारियों को क्रमशः हिंदी और अंग्रेजी में गुणवत्ता शपथ दिलाई। गुणवत्ता प्रश्नोत्तरी और गुणवत्ता भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो पहले आरडीसीआईएस और एसएसओ के कर्मचारियों के लिए आयोजित किए गए थे।

## दूसरे चरण में 528 उम्मीदवारों में 148 पर आपराधिक मामले दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। इस दौरान 528 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। 528 उम्मीदवारों में 148 उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि 122 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर अपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर की रिर्पोट में इसका खुलासा हुआ है। रिर्पोट के अनुसार महिला पर अत्याचार के मामले 12 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। तीन उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले हैं। जबकि 34 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। दूसरे चरण के चुनाव में 55 महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इस चरण में 220 उम्मीदवारों की उम्र सीमा 25 से 40 साल के बीच है। 238 उम्मीदवारों की उम्र सीमा 41 से 60 साल के बीच है। जबकि 64 उम्मीदवारों की उम्र सीमा 61 से 80 साल के बीच है। एडीआर की रिर्पोट के अनुसार पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति 38 उम्मीदवार के पास है। दो से पांच करोड़ की संपत्ति 42 उम्मीदवारों के पास है। 50 लाख से दो करोड़ तक की संपत्ति 130 उम्मीदवारों के पास है। 10 से 50 लाख तक की संपत्ति 176 उम्मीदवारों के पास है। 10 लाख से कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों की संख्या 136 है। दूसरे चरण के होने वाले चुनाव में भाजपा के 23 उम्मीदवार करोड़पति हैं। झामुमो के 18 उम्मीदवार करोड़पति हैं। कांग्रेस के 10, आजसू के पांच, बीएसपी के चार और राजद के दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों में एक निरक्षर, 34 साक्षर, पांचवीं पास चार, आठवीं पास 36, 10वीं पास 91, 12वीं पास 116, ग्रेजुएट 127, ग्रेजुएट प्रोफेशनल 29, पीजी पास 73, डॉक्टरेट पांच और डिप्लोमाधारी छह उम्मीदवार हैं।

# विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के इवीएम वीवीपैट स्ट्रांग रूम में सील : के रवि कुमार

- सभी 15 जिले के स्ट्रांगरूम की सुरक्षा में एक-एक कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं
- ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर संपन्न मतदान के बाद इवीएम, वीवीपैट आदि स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्हें सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी 15 जिले के स्ट्रांगरूम की सुरक्षा में एक-एक कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं। यह बातें कुमार ने गुरुवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने प्रथम चरण के शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। आगे के चुनाव को ध्यान में रखकर निर्वाचन आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर काम करेगा। हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि 43 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 66.48 रहा है। इंड ऑफ पोल डेटा में मामूली बढ़ोत्तरी संभावित है। वहीं पोस्टल बैलेट का पूरा डेटा आने के बाद मतदान प्रतिशत में आंशिक बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन विभिन्न मामलों में कुल दस केस दर्ज किये गये हैं। उसमें कांके, हटिया और रांची में एक-एक, जमशेदपुर पूर्वी में चार, जमशेदपुर पश्चिमी में दो और पलामू में एक मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान भी पूर्व से चालू योजना के क्रियान्वयन पर कोई रोक नहीं होती। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 2 अरब 13 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन रोड से युवती का अपहरण जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित रांची रेलवे स्टेशन रोड से एक युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती अपनी मां के साथ दिल्ली से आ रही थी। गुरुवार की सुबह चार बजे रांची रेलवे स्टेशन में वह ट्रेन से उतरी और ऑटो पकड़ने के लिए मां-बेटी दोनों स्टेशन से बाहर निकली। उसी समय ऑटो से युवती का अपहरण कर लिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना की पुलिस ने लड़की की मां के बयान के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम युवती के सकुशल बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। खबर लिखे जाने तक लड़की बरामद नहीं हुई है। पुलिस सीसीटीवी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर लड़की की खोजबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार, लड़की गुमला जिले की रहने वाली है। सूत्रों का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का है।

### वाहन से आयकर विभाग ने बरामद किया 25 लाख

**रांची :** देवघर से धनबाद जा रहे एक वाहन से आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को 25 लाख रुपया बरामद किया है। इससे पहले इसी वाहन की पुलिस ने जांच भी की थी, लेकिन रूपया बरामद नहीं हुआ था। यह मामला गिरिडीह जिला के देवरी मोड का है। जहां आयकर विभाग ने एक गाड़ी की स्टेपनी में छिपाकर रखे गए 25 लाख रुपए जब्त कर लिए। हालांकि पुलिस को जांच के दौरान उस गाड़ी से रुपए नहीं मिले थे। आयकर विभाग फिलहाल रुपए के स्रोतों की जांच कर रहा है। आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर से धनबाद की तरफ जा रहे एक वाहन में रुपया है। सूचना मिलने के बाद आयकर विभाग ने देवघर से धनबाद जाने वाले सभी रास्तों की जानकारी गूगल मैप से ली। इसके बाद गिरिडीह पुलिस को वाहन में रुपया होने की सूचना दी। वहीं दूसरी तरह आयकर विभाग की क्यूआरटी को गूगल मैप के अनुसार देवघर के सभी रास्तों पर नजर रखने का निर्देश दिया। आयकर विभाग की ओर से दी गयी सूचना और गूगल मैप के अनुसार पुलिस ने देवड़ी मोड़ के पास गाड़ी को रोक कर जांच की और रुपए नहीं मिलने की वजह से उसे छोड़ दिया। इस बीच आयकर विभाग की क्यूआरटी भी वहां पहुंच गयी और गाड़ी रोक कर जांच की। जांच के दौरान गाड़ी में कहीं रूपया नहीं मिला। इसके बाद क्यूआरटी ने गाड़ी की स्टेपनी खुलवायी। जिसके बाद स्टेपनी में छिपा कर रखे गए 25 लाख रुपया बरामद किया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मेहनत 23 को दिखाई देगा : धीरज साहू

**रांची :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय में पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी कार्यकताओं का उत्साह देखते बन रहा था। सबों ने कहा कि लोहरदगा जिला की आपसी सौहार्द सद्भावना बनाये रखने का धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर लोहरदगा की जनता ने अपार स्नेह और आशीर्वाद कांग्रेस के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव को दिया है। जिसे आम कार्यकताओं तथा अमन चैन पसंद लोगों की जीत मानी जाएगी। पूर्व सांसद ने कहा कि कार्यकताओं का मनोबल और उत्साह से ऐसा लगता है कि लोहरदगा ने अमन चैन, आपसी सौहार्द सद्भावना और राहुल गांधी की नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान को लोगों ने पसंद किया है और भारी मतों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विजयी होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स के चिकित्सकों ने किया सफल बीटिंग हार्ट सर्जरी




**रांची :** रिम्स के सीटीवीएस विभाग के चिकित्सकों की ओर से सफल बीटिंग हार्ट कोरोनरी आर्टरी बायपास सर्जरी किया गया। रिम्स के पीआरओ डॉ.राजीव रंजन ने गुरुवार को बताया कि बिहार के औरंगाबाद से कार्डियक इमरजेंसी से आये इस मरीज को पिछले कुछ दिनों से सीने में दर्द की परेशानी हो रही थी। जांच में तीव्र हृदयघात (एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम) का ज्ञात हुआ। कोरोनरी एंजियोग्राम करने पर ट्रिपल वेसल कोरोनरी आर्टरी बीमारी की जानकारी प्राप्त हुई। मरीज की स्थिति को देखते हुए पहले दवाओं के माध्यम से उसे स्थिर किया गया और सीएबीजी की योजना बनाई गयी। मरीज का सफलतापूर्वक बीटिंग हार्ट बायपास सर्जरी किया गया। उन्होंने बताया कि इस सर्जरी के दौरान हृदय शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त भेजना जारी रखता है। पारंपरिक बाईपास सर्जरी में दिल की धड़कन को रोका जाता है, ताकि दिल न हिले और खून से भरा हुआ हो। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार है और आज उसे आइसीयू से रिकवरी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क की गयी है एवं सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री अमृत फामेर्सी से उपलब्ध कराई गयी थी। सर्जरी टीम का नेतृत्व सीटीवीएस विभाग के डॉ राकेश चौधरी ने किया। टीम में सीटीवीएस विभाग के डॉ अंशुल कुमार, निश्चेतना विभाग से प्रो शिव प्रिय, डॉ नितीश कुमार, अन्य रेजिडेंट चिकित्सक, ओटी असिस्टेंट राजेंद्र और खुशबू भी शामिल थे।

### सृजन हेल्प मंदबुद्धि और मुखबधिर आश्रम में रिलेशंस ने बांटी शिक्षण सामग्री



**रांची :** रिलेशंस की ओर से बाल दिवस के अवसर पर समाजसेवी स्व राम सेवक शाही की याद पर गुरुवार को पहाड़ी मंदिर स्थित सृजन हेल्प मंदबुद्धि और मुखबधिर आश्रम में शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। स्पेशल बच्चों के बीच कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर आदि कई शिक्षा की जरूरत सामग्रियों के साथ भोजन की भी सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपहार पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मौके पर मुख्य रूप से सृजन हेल्प कि संचालिका गुंजन गुप्ता,रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी आनंद साही, रंजीत गुप्ता, ऋषिकेश लाल, सुगंध शाही, अपूर्व शाही सहित कई लोग उपस्थित थे।

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा



**रांची :** उत्पाद विभाग ने टाटीसिल्वे थाना के महिलोंग के महुआ टोली बस्ती में छापेमारी कर एक अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। छापेमारी के क्रम में मनोज कुजूर के मकान के अंदर और मकान के पीछे करकट के कमरे से 980 प्लास्टिक बोतल में विदेशी शराब और 250 ब्रांडेड शराब की बोतलें जब्त की गई है। घटनास्थल से मकान मालिक मनोज कुजूर को हिरासत में लिया, जबकि मुख्य अभियुक्त चंदन यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी प्लास्टिक बोतल के नकली शराब को ब्रांडेड शराब की बोतलों में भरा जा रहा था। मौके से अवैध विदेशी शराब 828 लीटर बरामद किया गया।

### झारखंड के सीएम बनना चाहते हैं हिमंता बिस्व सरमा : हेमन्त सोरेन



**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा को घेरा। कहा कि वे झारखंड के सीएम बनना चाहते है। पिछले एक साल से वे यहां डेरा डाले हुए हैं। यही नहीं वे सुपारी लेकर पिछले कई साल से हमारी सरकार को गिराने में लगे हुए थे। लेकिन उन्हें असम के आदिवासियों की फिक्र नहीं है। सीएम हेमंत गुरुवार को सारठ में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया। उनके राज्यों में बेटियों का चीरहरण होता है। मुश्किल घड़ी में महिलाओं ने साथ दिया सीएम कहा कि कोराना जैसी महामारी के वक्त मुश्किल घड़ी में महिलाओं ने साथ दिया। घर–घर जाकर लोगों को मुफ्त भोजन कराने का काम किया। उसी वक्त हमने संकल्प लिया था कि हम महिलाओं को सशक्त करने का काम करेंगे। इसी के तहत हमने उनके खाते में एक–एक हजार रूपए भेजने का काम किया।

### प्रकाश पर्व पर निकाली गई गुरूग्रंथ साहेब की शोभायात्रा

**रांची :** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के पर गुरुवार को बिड़ला मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिममें कडरू गुरूद्वारा, स्टेशन गुरुद्वारा, पिस्कामोड़ गुरूद्वारा, रातु रोड गुरूद्वारा और मेनरोड गुरुद्वारा के सिख समुदाय शामिल हुए। इसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। वहीं बिड़ला मैदान में विशाल पंडाल बनाया गया। जहां पर दीवान सजाया गया। बिड़ला मैदान में 12000 स्कावयर फीट का भव्य पंडाल बनाया गया है। लंगर के लिए 24000 स्कावयर फीट, 3300 स्कावयर फीट जोड़ा घर के लिए तथा विभिन्न सेवा शिविर के लिए 3500 स्कावयर फीट का स्टाल बनाया गया है। वहीं यह शोभायात्र मेट्रो गली,रातु रोड, किशोरी यादव चौक, महावीर चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, अल्बर्ट एक्का, चर्च कम्प्लेक्स और लाला लाजपत राय चोक होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरू नानक स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हो जाएगी। इस दौरान आयोजन स्थल में पंजाब से जसकरण और जम्मू से जगतार सिंह गुरू ग्रंथ साहेब के कीर्तन से परिसर गुंजायामान होता रहा। शोभायात्रा में सबसे आगे रीयल इसराइल बैंड ग्रुप, गुरुनानक हाइयर सेकेंड्री स्कूल हटिया के विद्यार्थियों नेअस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया। गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड के 40 छात्रों ने मार्सल आर्ट की प्रस्तुती दी। झारखंड सिख फेडरेशन ने गुरु ग्रंथ साहिब को विशेष वाहन से सजाया गया था। गुरुद्वारा गुरू सिख सभा मेन रोड के भरपुर सिंह (जत्थ) नगर कीर्तन कर गाये जा रहे थे।

## एक नजर

### डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

**बोकारो** : डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 8 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 14 नवंबर भारतीय बच्चों के लिए एक विशेष दिन होता है इस दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था और वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे उनका मानना था कि यह छोटे झिलमिलाते टिमटिमाते नन्हे बच्चे आने वाले समय में नवभारत का भविष्य बनेंगे । कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय कि प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। कक्षा 6 और कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के बच्चों ने जवाहरलाल नेहरू के जीवन की विशेष बातों पर प्रकाश डाला और अपने विचारों द्वारा जवाहरलाल नेहरू को चाचा नेहरू कहकर संबोधित किया। इस अवसर पर ऊ्रश इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 9ए के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की एवं इस दिवस से संबंधित प्रमुख तथ्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य श्री उत्तम कुमार राय ने ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने की दिशा में कार्य करना है।
इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान महत्वपूर्ण था, विशेषत: वरीय श्री प्रशांत , कुमार जीत पीयूष कुमार निकिता, पूजा, नितिन, दुलाल सीमा एवं अंजू का योगदान सराहनीय रहा मंच संचालन पूर्णिमा सिंह के द्वारा किया गया।

### स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**बोकारो** : डॉ राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल रानीपोखर सेक्टर 9 में गुरूवार को में मना विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ओरिएंटल फांउडेशन स्कूल के प्राचार्य आमीर हुसैन व स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी व संस्कृत को मिलाकर कुल 82 मॉडल बनाकर बेहतरीन तरीके से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें स्वॉयल कंजरभेशन, न्यू पार्लियामंट हाउस, एग्रीकल्चरल सिस्टम, ड्रीप एरिगेशन, सनातन संस्कृति, नर्व सेल आदि मॉडल का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। समारोह के मुख्य अतिथि आमीर हुसैन ने सभी मॉडल का अवलोकन किया व बच्चों ने उसका सुंदर ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने कहा बच्चों की ओर से बनाया गया मॉडल से काफी कुछ सीखने का मौका मिला। प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा बच्चों ने मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मौके पर स्कूल के उप प्राचार्य आलोक चतुर्वेदी, सरिता सिन्हा, बिंदु सिंह,साक्षी कुमारी, निवेदिता कुमारी, राखी कुमारी, गीता सिंह, एसके सिंह, वीणा कुमारी, स्निग्धा बोस आदि शामिल रहे।

# झारखंड की हेमंत सरकार प्रदेशवासियों को समृद्ध के बदले बनाया गरीब : अमित शाह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : झारखंड समृद्ध है लेकिन यहां के निवासी समृद्ध विहीन हैं। झारखंड की हेमंत सरकार ने प्रदेशवासियों को समृद्ध के बदले गरीब बनाया है। कांग्रेस और जेएमएम की महागठबंधन सरकार ने पाँच वर्षो में झारखंड की संपति को लुटने का काम किया है,जिसका कांग्रेस की सांसद आलम गीर आलम के घर से साढे तीन लाख करोड़ रुपए की अवैध मिलना, सबसे बड़ा प्रमाण है। यह बातें गुरुवार को बेरमो के डुमरी विधानसभा के नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र ऊपरघाट के कंजकिरो फुटबॉल मैदान में विजय संकल्प चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कही। उन्होंने कहा कि यहां पर कल करखानें और कोयला की खदान रहने के बावजूद युवा




बेरोजगार होकर अन्य प्रदेश को पलायन कर रहे हैं। एनडीए की सरकार बनते ही बेरोजगारों को रोजगार देना पहली मोदी जी की गारंटी है। आगे शाह ने कहा झारखंड की हेमंत सरकार ने केन्द्र को 84 हजार करोड़ रुपए दिया, लेकिन केन्द्र सरकार ने 3 लाख 90 हजार करोड़ मोदी सरकार ने दिया। वहीं आजसू सूप्रीमो सुदेश महतो ने कहा झारखंड कि हेमंत सरकार निकम्मी है, इसे सफाई करना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो झारखंड को खोखला बना देगा। इस सरकार में भ्रष्टाचार,लुट-खसोट की चरम सीमा पर है। जल जंगल जमीन बचाव की नारा देकर जमीन लुटने में लगा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनना तय है। डुमरी विधान सभा से यशोदा देवी की भागीदारी सरकार में रहे, इसे तय करना डुमरी की जनता का कर्तव्य है। अगर डुमरी का सर्वांगिण विकास करना चाहते हैं तो एनडीए को मजबुत करने के लिए यशोदा देवी को जीत दिलाकर रॉंची भेजने का संकल्प लें। एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी के कैंसर पीड़ित पुत्र प्रदीप ने कहा वोट नहीं तो कफन दें,ताकि मैं अपने पिता के स्वर्ग घर पहुंच सकूं। कहा मेरी माँ डुमरी विधान सभा को विगत बीस वर्षो से सेवा कर रही है, लेकिन इसके एवज में हमारे परिवार को दुःख के सिवाय और कुछ नहीं मिला, लेकिन मेरी माँ ने जनता की सेवा करना नहीं छोड़ी। मैं कैंसर पीड़ित हूं। उन्होंने मां को जीताकर की अपील की।

**लुटेरी हेमंत सरकार को उखाड़ने की जरूरत : यशोदा**

झारखंड में हेमंत सरकार ने अपनी वादें से भटक कर केवल कोयला,बालू,लोहा की चोरी करने का काम किया है। युवकों को बेरोजगारी दूर न करके सभी सरकारी रिक्त पड़े को लाखों रुपए बेंच कर लोगों को दिग्भ्रमित कर पांच साल राज किया है, इसलिए इस गुंगें बहरे की सरकार पराजित कर एनडीए की सरकार झारखंड बनाने की आज संकल्प लेने की अह्वान किया गया। चुनावी सभा को भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय,जिला आजसू अध्यक्ष गुड्डू, भाजपा केन्द्रीय सदस्य मोती महतो, प्रशांत जसवाल, बोकारो जिला मंत्री ईश्वर महतो,जिप सदस्या कुमारी खुशबू महतो, आजसू केन्द्रीय सदस्य टिकेत कुमार महतो,भाजपा ऊपरघाट मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार, तेलो मंडल अध्यक्ष मेघन महतो,आजसू के छक्कन महतो, चुनावी सभा को जिला अध्यक्ष जयदेव राय एवम संचालन भाजपा नेता प्रदीप साहू ने किया।

## धनबाद में मुर्दे भी महफूज नहीं, चूहों ने कुतर डाला मोर्चरी में रखा शव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : देश की कोयला राजधानी धनबाद में अब मुर्दे भी महफूज नहीं रह गए हैं। जी हां, धनबाद जिले से एक शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल यहाँ के एक निजी अस्पताल 'असर्फी' में मोर्चरी में रखे शव को चूहों ने बुरी तरह से कुतर दिया है। शर्मसार कर देने वाली यह सूचना जैसे ही मृतक के परिजनों को मिली, वह अस्पताल पहुंच कर हंगामा करने लगे। जिसके बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने परिजनों को किसी तरह समझा कर शांत कराया। जानकारी के अनुसार गिरिडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआ निवासी बोधि मंडल बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब मृतक का शव लेने उसके परिजन अस्पताल पहुंचे तो शव की हालत देख वे सभी दंग रह गए। दरअसल मोर्चरी में रखे शव को चूहों ने बुरी तरह से कुतर दिया था। मृतक के कान, नाक और पैर को चूहों ने कुतर डाला था। यह देख परिजन काफी आक्रोशित हो गए और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किए।

## संत जेवियर्स विद्यालय में फेट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेंट जेवियर्स विद्यालय परिसर में गुरुवार को फेट का आयोजन बाल दिवस के सुअवसर पर होना किसी सौभाग्य से कम नहीं, जो हम जेवियरियंस के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। संत जेवियर्स का सबसे प्रतीक्षित कार्यक्रम हमारा वार्षिक मेला है, जो मुख्य रूप से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया जाता है। मेले की शुरूआत विद्यालय के आदरणीय प्राचार्य महोदय फादर अरुण मिंज , एस. जे. द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम के श्रीगणेश की घोषणा करने के साथ हुई। इस साल का प्रमुख आकर्षण सुपरहीरोज थीम था। विभिन्न प्रकार के खाने और खेल के स्टॉलों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व आगंतुकों को आकर्षित किया। फेट की एक नई अतिरिक्त विशेषता एक कॉन्सर्ट थी जिसमें सभी ने बहुत आनंद उठाया। मेले के अवसर पर,




कई पुराने जेवेरियंस, विशेष रूप से 1992 बैच के, चाहे वे देश के विभिन्न हिस्सों में या विदेशों में कार्य करते हों , सभी ने स्कूल का दौरा किया और स्कूल में अपना पुनर्मिलन मनाया। 1992 बैच के उत्तीर्ण जेवियरंस ने दान स्वरूप 1,30,000 रुपए दिए। पुराने जेवियरियंस की बॉक्सा समिति, बोकारो ओल्ड जेवियरियंस एसोसिएशन के पूर्व छात्रों ने एक चाय स्टॉल लगाया, ताकि गैर-शिक्षण, शिक्षण स्टाफ व अतिथियों को मुफ्त में चाय प्रदान की जा सके। यह उनकी ओर से एक सराहनीय योगदान था। मेले का नेतृत्व वरिष्ठ छात्रों ने शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन के समर्थन और मार्गदर्शन के साथ किया। इस मेले से अर्जित सम्पूर्ण मुनाफे को सामाजिक कार्यों के लिए दान किया जाएगा। यह आयोजन शिक्षा के समर्थन में एकजुट होने का एक अद्भुत अवसर है , जिसमें गरीब बच्चों और मंसा गेट में मिशनरीज ऑफ चैरिटी ब्रदर्स के देखरेख में कुष्ठ रोगियों की मदद की जाती है। कुल मिलाकर, यह मेला एक बहुत बड़ी सफलता थी , जो कक्षा 12 वीं के सभी छात्रों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। इसके अलावा, कक्षा ग्यारहवीं ने भी अपने वरिष्ठों की हर संभव सहायता करके अपना अमूल्य समर्थन दिया।

## विश्व मधुमेह दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : गुरुवार को विश्व मधुमेह दिवस पर हर साल की तरह इस साल भी जोड़ा फाटक रोड शक्ति मंदिर के समीप झारखंड डायबिटिक एण्ड आई सेंटर में मरीजो के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद क्षेत्र एंव अन्य जिलो के भी 250 से अधिक लोगो ने भाग लिया। संस्था द्वारा पूरे सप्ताह के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है 13 नवंबर को फेसबुक लाइव किया गया था। गुरुवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप यूनिट एक और यूनिट दो, कैप टी-शर्ट और हेल्दी ब्रेकफास्ट का वितरण हुआ आगे की पुरे हफ़्ते के विवरण में 15 नवंबर शुक्रवार को अवेयरनेस रैली, ब्लड शुगरऔर बीपी चेक अप, टोपी और टी-शर्ट का वितरण और इंस्टाग्राम लाइव का कार्यक्रम है।16 नवंबर को ब्लड शुगर और बीपी चेकिंग लायंस क्लब के साथ बैंक मोड़ क्षेत्र में होगी। 17 नवंबर को डायबीटिक फुट प्रिवेंशन प्रोग्राम रोटरी क्लब के द्वारा लांच की जाएगी। 18 नवंबर को ब्लड शुगर, बीपीऔर हृदय जांच बोकारो में किया जायेगा। और सप्ताह के आखिरी दिन 21 नवंबर को ब्लड शुगर और बीपी चेकअप गिरिडीह में होगा। गुरुवार को झारखंड डायबीटीज और आई सेंटर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचबीए 1सी यूरिन मिक्रल, लिपिड प्रोफाइल, डायबीटिक रेटिनोपैथी, स्क्रीनिंग यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन स्पायरोमेट्री, बीएमआई, बीएमडी, इसीजी फाइब्रोस्कैन इत्यादि जाँच मुफ्त में किया गया जिससे गरीब एंव जरूरतमंद लोगो को काफी मदद मिली। साथ हि डॉ. अजय पटवारी एंव सीमा पटवारी ने लोगो को इस बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक भी किया कि इस बीमारी को हम अपने रोजमर्रा कि आदतों में सुधार लाकर इस पर काबू पा सकते है। जिसके लिए हमें पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। जंक फूड या किसी भी प्रकार का डब्बा बंद खाने का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## नौ वर्षों से कमरे में बंद मानसिक रोगी 30 वर्षीय युवती को डालसा ने दिया नया जीवन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर आज मानसिक रूप से दिव्यांग एक युवती का रेस्क्यू कर उसे ईलाज हेतु रिमपास भेजा गया । इस बावत जानकारी देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तिवारी ने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाई जा रही निरोगी भवः एवं सहयोग परियोजना के तहत सिंदरी के डोंगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर कार्यक्रम के दौरान पारा लीगल वालंटियर प्रदीप चक्रवर्ती की मुलाकात एक दिव्यांग व्यक्ति सुभाष चंद्र घोषाल से हुई तो पता चला कि उनकी बेटी विगत 9 वर्षों से एक अंधेरे कमरे में अपने आप को बंद करके रखती है एवं अति अल्पाहार करती है और उसी कमरे में ही शौच, मलत्याग आदि करती है क वह किसी भी व्यक्ति को अपने आस-पास नहीं आने देती है और जैसे ही उसके पास कोई व्यक्ति जाता है तो उग्र होकर तोड़फोड़ करने लगती है क पैसे के अभाव में वह उसका इलाज नहीं करवा रहा है इसकी सूचना



पीएलवी ने अवर न्यायाधीश सचिव डालसा राकेश रोशन को दी ।उनके निर्देश पर अवर न्यायाधीश रौशन ने अविलम्ब कार्रवाई करते हुए डॉ. चन्द्र भानु प्रतापन, सिविल सर्जन धनबाद एवं डॉ. एस. के. चौरसिया, अधीक्षक, एसएनएमसीएच धनबाद को पत्र लिख कर रेस्क्यू टीम गठित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन धनबाद एवं सचिव डालसा द्वारा गठित रेस्क्यू टीम जिसमें डॉ. मिहिर कुमार एमओआईसी झरिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज सोरेन, तनवीर आलम, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,अरुण कुमार, राजेश कुमार सिंह एवं सेविका साथी चुनकी देवी थी क इन सभी के साझा प्रयासों से युवती को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से उचित इलाज हेतु रिनपास रांची में एडमिट करवाया गया जिससे उसका समुचित इलाज संभव हो सका ।

# डबल इंजन सरकार की तुलना में हेमन्त सरकार ने किया है बेहतर काम : कल्पना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जनपद के चंदनकियारी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने की पत्नी कल्पना सोरेने ने एनडीए गठबंधन पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार आदिवासी, मूलवासियों को सशक्त व सबल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से अपील किया कि अबुआ सरकार की इस मुहिम में चंदनकियारी से महागठबंधन के प्रत्याशी उमाकांत रजक को तीर–धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर झारखंड को अब्वल राज्य बनाने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ बड़े–बड़े धन कुबेर हैं,ये गरीबों की नहीं सुनते परंतु अमीरों की लोन माफ करते हैं। वह चंदनकियारी चंडीपुर मैदान में महगठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक के पक्ष में आयोजित महती चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को बारिकी से रखा और पिछले डबल इंजन के सरकार की कामों से तुलना की। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन अलग राज्य के लिए लंबी लड़ाई लड़े और जेल



यातनाएं सही और उस लड़ाई में आपके प्रत्याशी उमाकांत रजक जेल गए हैं। आज जब हेमंत सोरेन राज्य की आदिवासी मूलवासियों की हित की रक्षा में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं तो विपक्षियों को चूभ रही है। जिस झारखंड में 18 से 20 साल तक एनडीए ने राज्य किया,तब न यहां की आधी आबादी, किसान, मजदूर, गरीब, दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, मूलवासियों के हित में सोची अब जब जनता ने राज्य से डबल इंजन की सरकार को हटाया तो हितैषी बनने की घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणीपुर जल रहा है वहां आदिवासी बहन बेटियों को निर्वस्त्र करके घुमाया जा रहा है। गुजरात में जब आदिवासियों की जमीन छिनता है,छत्तीसगढ़ में जंगलों को काटकर व्यापारियों को बेचा जा रहा है तब भाजपा चूप रहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन निडरता के साथ केन्द्र से बकाया एक लाख छत्तीस हजार करोड़ के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। ये रकम झारखंडियों के हक है। आजतक भाजपा के किसी नेताओं ने झारखंडियों के इस हक के लिए आवाज उठाने का हिम्मत नहीं किया। यह रकम मिलने से राज्य को संब्बल बनाने का काम होगा। आपकी अबुआ सरकार मात्र ढ़ाई साल में विकास की आधारभूत संरचना को खड़ा करने के साथ–साथ सर्वजन को सशक्त बनाने के लिए सर्वजन पेंशन,अबुआ आवास, हरा राशन कार्ड,सावित्री बाई फुले किशोरी समद्धि योजना,सीएम एक्सीलेंस स्कूल आदि धरातल में लाने का काम किया।


## संक्षिप्त खबरें

### पी डब्लू आई रेलवे अस्पताल स्टेशन परिसर में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**धनबाद** : धनबाद ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू आज सुबह 8:00 बजे ट्रैक मेंटेनेंस के बीच में पहुंचे और जहां एक जनसभा किये यूनियन के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताये कि उपस्थित वक्ता नेताजी सुभाष और राजेश प्रसाद ने एआरआरएफ और ईसीआरकेयू द्वारा किए गए रेल कर्मचारियों के हित कार्यों का उल्लेख किये और आने वाले दिन में भी रेल कर्मचारियों का हित में संघर्ष जारी रखने का काम करेंगे। ट्रैक मेंटेनेंस के सभा के बाद रेलवे स्टेशन परिसर में ऑपरेटिंग और कमर्शियल विभाग में भी जनसंपर्क अभियान चल रहा है और अंत में दोपहर 12:00 बजे धनबाद रेलवे मंडल अस्पताल में भी जनसंपर्क अभियान चलाएं और एक जनसभा भी किये। आज का इस जनसभा और जनसंपर्क अभियान में नेताजी सुभाष,राजेश प्रसाद के अलावे शशांक कुमार अश्विनी,मो नौसाद,लक्ष्मण मंडल,रविरंजन कुमार,विद्याभूषण प्रसाद,विनोद कुमार,संतोष राउथ,मिथिलेश पासवान,अशोक राम,सुनील कुमार,जयदेव प्रामाणिक,राकेश कुमार,आर के सिंह.बी के दुबे,जीतेन्द्र कुमार साहू ,एन.के खवास,टी के साहू ,ए के दा,सोमेन दत्ता,प्रदीपतो सिन्हा,प्रभाकर कुमार,सुदर्सन महतो,नीतू कुमारी,प्रशांत बनर्जी विमान मंडल चंद्रशेखर प्रसाद सुरेंद्र कुमार चौहान दिलीप कुमार इजहार आलम राजेश कुमार गोप अजय कुमार,शिव जी प्रसाद,आरएन विश्वकर्मा, रंजीत कुमार,राजकुमार, अमित रंजन जागेश्वर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गुलगुलिया विद्यालय में बाल दिवस अर्थपूर्ण तरीके से मनाया गया



**धनबाद** : गुरूवार को गुलगुलिया बस्ती झरिया स्थित गुलगुलिया विद्यालय के परिसर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस अत्यंत सादगी के साथ मगर, अर्थपूर्ण तरीके से मनाया गया ।उपरोक्त अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अनिल पाण्डेय ने सन्देश दिया की असामाजिक तत्वों ने गुलगुलिया विद्यालय ध्वस्त कर दिया है, बच्चों की पढ़ाई बाधित हो चुकी है। अभी निराशा का घना अंधेरा है,मगर हौसला पस्त नहीं हुआ है, एक दिन सूरज निकलेगा। विद्यालय का पुनर्निर्माण होगा वंचित बच्चे फिर पढ़ने आएंगे। श्री पांडेय ने बताया की वैसे चंद बच्चों के लिए शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था है। उपरोक्त आयोजन में जैक एंड जिल, फुसबंगला की प्राचार्या–सह–रीता फिटनेस सेंटर झरिया की डायरेक्टर रीता पाण्डेय मुख्य अतिथि थीं। संजय विशिष्ट अतिथि थे। विद्यालय समिति की सदस्या सामाजिक कार्यकर्ता रेखा देवी धिक्कार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### बाल दिवस पर पहला कदम में बाल हृदय जांच शिविर का हुआ आयोजन




**धनबाद** : नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में गुरुवार को चाचा नेहरू का जन्मदिन बहुत उत्साह पूर्वक मनाया गया ।बाल दिवस को बच्चों के लिए स्पेशल बनाने हेतु उनके दिल के रोगों के रोकथाम के लिए बाल हृदय जांच शिविर धनबाद जिला प्रशासन, कोल इंडिया लिमिटेड और श्री साई संजीवनी अस्पताल के सौजन्य से लगाया गया। यह शिविर पूर्णत: नि:शुल्क था। शिविर का लाभ करीब 40 से 50 बच्चों ने लिया। दिव्यांग बच्चों की खुशियो को बढ़ाने गोल्डन डेजी पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल हुए। दोनों स्कूल के बच्चो ने काफी मस्ती, गेम्स, आदि का आनंद लेते हुए चाचा नेहरू को याद किया। साथ ही राउंड टेबल 342 धनबाद के द्वारा इंडिया/लेडीज सर्कल इंडिया वीक के अंतर्गत बच्चों के बीच ड्राइंग कॉम्पिटिशन करवाया गया। विजेता बच्चों के बीच पुरुस्कार वितरित किये गए। आज का ब्रेकफास्ट सभी बच्चो के बीच गोल्डन डेजी पब्लिक स्कूल द्वारा कराया गया। बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाने डॉ. सुजाता होता ( सी एम एस इंचार्ज सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद) तथा आयुषी सिंग शामिल हुई। सभी बच्चों के बीच डॉ. सुजाता होता ने स्वादिस्ट अल्पाहार का वितरण किया। राउंड टेबल के सदस्य गण के द्वारा सुरुचिपूर्ण भोजन का वितरण किया गया। चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर सभी अतिथियो के सहयोग ने बच्चों के चेहरों में मुस्कान ला कर एक सराहनीय कार्य किया। पहला कदम परिवार ने श्री साई संजीवनी हॉस्पिटल, धनबाद जिला प्रशासन, कोल इंडिया लिमिटेड, राउंड टेबल,गोल्डन डेजी पब्लिक स्कूल, तथा डॉ.सुजाता होता का आभार प्रकट किया।

### अमर शक्ति मेमोरियल स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**चास** : प्रखण्ड के अमर शक्ति मेमोरियल स्कुल बिजुलिया में बाल दिवस मनाया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। बच्चों के बीच भाषण ,लेख चित्रांकन प्रतियोगिता की गयी। प्राचार्य अजीत कुमार महतो ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाले। बच्चों के बीच मिठाई बांटी गई। मौके पर उप प्राचार्य मुनमुन खावास, खुदीराम खावास, विश्व जीत खावास, अजय महतो, बिनोद महतो, हाराधन राजवार, अमन कुमार, हिमेश कुमार, देवश्री खावास,अंजली, रीना, शीतल, निकिता, अणु, जेनव,श्रुति व शिक्षक शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता को लेकर अंचलाधिकारी ने किया क्षेत्र भ्रमण

**सरिया (गिरिडीह) :** गुरुवार को सरिया अंचल अधिकारी के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर क्षेत्र के सिंगदहा, चौधरीडीह, नावाडीह आदि क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान मतदाता पर्ची का वितरण मतदाताओं को समय पर हो इसकी जांच की गई। इसे लेकर अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि अधिक से अधिक लोग मतदान में शामिल हो एवं संबंधित क्षेत्र के बीएलओ के द्वारा सभी मतदाताओं के बीच मतदान पर्ची का वितरण किया गया है कि नहीं इसका निरीक्षण किया गया। जिसमें जांच के क्रम में लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं के बीच मतदान पर्ची का विचारण किया गया है। वहीं शेष 20प्रतिशत मतदाताओं के बीच समय पर मतदान पर्ची का वितरण हो यह सुनिश्चित किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई पेड़ों पर कई राजनीतिक पार्टी के झंडे भी लग पाए गए जिसे उतर गया।

### स्थानीय अधिकार के लिए हम संकल्पित : देवेंद्रनाथ महतो

**अनगड़ा :** राज्य में प्रथम चरण विधानसभा चुनाव की मतदान समाप्त हो चुकी है। अब सभी प्रत्याशी अपने दूसरे चरण के तैयारी में है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। आज गुरुवार को सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने राहे प्रखंड का दौरा किया। राहे प्रखंड के बसंतपुर, बंसिया, अंबाझरिया और सतांकि पंचायत में कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया। और राज्य में नए बदलाव के लिए अपने चुनाव चिन्ह कैंची में मतदान का अपील किया। महतो ने कहा कि क्षेत्र में अब मुद्रा की नहीं मुद्दे की राजनीति होगी। राज्य में स्थानीय को अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हम चुनावी रणनीति में आए हैं। यहां के लोगों को क्षेत्रीय अधिकार के लिए हमें जनता जनार्दन की आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्रीय मौलिक अधिकार को सदन में रखने का काम हम करेंगे। बताते चलें कि कल शुक्रवार को बंता चौक सिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा जी के माल्यार्पण के साथ अपने चुनावी दौर में निकलेंगे।

### राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका अहम : सकलदीप

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में गुरुवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों से बहुत स्नेह और लगाव था। इसीलिए उन्हें प्यार से बच्चे चाचा नेहरू कहा करते थे। उन्होंने कहा कि बच्चे दुनिया के सबसे मूल्यवान संसाधन होते हैं। वे राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, क्विज और कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### संदिग्ध हालत में सरकारी शिक्षक का शव बरामद

**गिरिडीह :** नगर थाना क्षेत्र के बस पड़ाव में गुरुवार की सुबह सरकारी शिक्षक सुनील यादव का शव संदिग्ध हालात में मिला। मामला हत्या का है या हार्ट अटैक का, इसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने कहा कि पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी है। उन्होंने बताया कि बस पड़ाव में सुनील यादव का शव पड़ा मिला है।

# एमके डीएवी के छात्रों ने बाल दिवस पर चाचा नेहरू को किया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू) :** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन. खान ने 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ पंडित नेहरू के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की आठवीं ब की छात्रा वैभवी ने नेहरू जी पर सस्वर कविता प्रस्तुत किया। तथा प्रियांशु




12वीं ब की छात्रा ने पंडित नेहरू के जीवन,व्यक्तित्व एवं कृतित्व की विशद चर्चा की। प्रियांशु ने अपने भाषण का अंत नेहरू जी पर आधारित स्वरचित सुमधुर कविता पाठ से किया। छात्रों को उद्बोधित करते हुए डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी. एन. खान ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को उसे समय संभाला जब देश स्वतंत्रता के पश्चात शैशवावस्था में था। देश की बागडोर कुशल, राजनीतिज्ञ, प्रखरद्रष्टा एवं सर्वप्रिय नेता पंडित नेहरू के हाथों में थी। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता, कुशल नेतृत्व एवं अद्भुत सांगठनिक शक्ति से देश में उन्नति की लहर दौड़ा दी। इस देश ने आई.आई.टी. जैसे उच्च शिक्षण संस्थान एवं अनेक औद्योगिक संस्थानों के बल पर पराधीनता की बेड़ियों से निकलकर प्रगति के सोपान पर कदम रखा, जो पंडित नेहरू के नेतृत्व का ही परिणाम था। उन्हें बच्चों से प्यार था। वे कहते थे कि कल का भारत बच्चों के ही हाथों में सुरक्षित रह सकता है। अतः हमें बच्चों को उचित शिक्षा देनी चाहिए। ये कलियां उचित देखरेख में जब खिलेंगी तो अपनी सुगंध से संपूर्ण विश्व को सुवाषित करेंगी। प्राचार्य जी ने कहा कि हम पंडित नेहरू के इस विचार को पूर्णता देने में लगे हैं। यह विद्यालय प्रतिभावान एवं देशभक्ति से ओतप्रोत छात्रों को तैयार करने हेतु निरंतर प्रयास रत है। उन्होंने बताया कि नेहरू जी का दिया 'पंचशील' का सिद्धांत, संपूर्ण विश्व को एक नई दिशा दिखाने का कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। छात्रों के बीच चाकलेट वितरित किये गए।

## तांत्रिक सिद्धि के लिए मां ने दी नवजात की बलि, मामला दर्ज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के खरारपर गांव की एक मां ने अंधविश्वास में पड़कर तांत्रिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अपनी ही दूधमुंही एक वर्ष की बच्ची की बलि दे दी। इस घटना से गांव में आक्रोश के साथ दहशत का माहौल है। पुलिस ने उस मां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरारपर निवासी अरुण राम की 30 वर्षीया पत्नी गीता देवी ने मध्य रात्रि में अपने घर से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर के दूरी पर सिकनी बरवाढोड़ा जंगल की तरफ खिचड़नुमा मिट्टी में अपनी ही एक वर्ष की दूधमुंही बच्ची हत्या कर दफना दिया और रात्रि में आपत्तिजनक तरीके से गांव पहुंची। पड़ोसी का दरवाजा खटखटायी। पड़ोसी महिला को उस रूप में देखकर डर गया और इसकी सूचना गांववालों को दी। सूचना मिलने पर हुसैनाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची एवं महिला से पूछताछ के बाद बच्ची के शव को बरामद किया। इस संबंध में महिला की सास कौशल्या देवी ने मामला दर्ज कराया है।

## गुमला में पुलिस ने दो नाबालिग को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले के घाघरा से हथियार पहुंचाने पहुंचे दोनों नाबालिग को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक मोपेड बाइक जब्त किया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों नाबालिग से पुछताछ करते हुए हथियार सप्लाई गिरोह की सुराग तलाशने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि सूचना मिली कि दो नाबालिग एक बाइक से गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र से हथियार लेकर कुड़ू पहुंचने वाले हैं तथा हथियार को सप्लाई करने वाले हैं। हथियार सप्लाई गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। गुरुवार सुबह लगभग सात बजे एक बाइक से दो नाबालिग इंदिरा गांधी चौक से रूद चौक की तरफ



तेजी से गुजरे। पुलिस ने पीछा किया, पुलिस को देख नाबालिग रूद चौक से माराडीह जाने वाले सड़क पर प्रवेश कर गए। पुलिस ने लुना का ओवरटेक किया तो दोनों नाबालिग मोपेड को छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर कर दोनों को पकड़ा तथा जांच के क्रम में एक नाबालिग के पास एक देशी कट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में जानकारी मिली कि देशी कट्टा को चंदवा थाना क्षेत्र के एक हथियार सप्लायर को देना था, लेकिन पुलिस को देख नाबालिग रास्ता भटक गए तथा पुलिस गिरफ्त में फंस गए। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हथियार किसे देने के लिए दोनों नाबालिग घाघरा से कुड़ू पहुंचे थे। पूर्व में दोनों नाबालिग इस धंधे से जुड़े हुए तो नहीं है।

## संत माईकल स्कूल में साइंस, आर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** संत माईकल (+2) स्कूल, मुरी में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय द्वारा साइंस, आर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया जो कि मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय परिसर में विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर किया और उनकी उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस मौके पर सभी छात्र एवं छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए जैसे चंद्रयान



3, वायु प्रदूषण, जेसीबी, स्मार्ट सिटी, सोलर एनर्जी, वॉटर कनर्जवेशन, वॉटर फिल्टर, धनुष मिसाईल इत्यादि। ऑर्ट एंड क्राफ्ट के द्वारा भी बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने वाटर पेंट, ग्लास पेटिंग, ऑयल पेंटिंग के द्वारा कई तरह के पेंटिंग एवं पोस्टर प्रस्तुत किए साथ ही बच्चों ने घर के पुराने वस्तुओं जैसे पुराने कागज, ग्लास, प्लास्टिक बोतल, इत्यादि को रिसाइकल कर उनसे कई तरह के उपयोगी मॉडल तैयार किए। इस मौके पर बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल को देखने के लिए काफी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रतिभा को देखकर काफी सहराना की। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने सभी विद्यार्थियों को उनके परिश्रम और प्रतिभा की सराहना कर उनको बधाई दी और साथ ही सभी शिक्षको को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** कांग्रेस पार्टी की निति सिद्धांतों से प्राभावित होकर दर्जनों लोगों ने विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया खिजरी विधानसभा के महागंठबंधन प्रत्यासी राजेश कच्छप ने पार्टी का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलाया। विधानसभा चुनाव में काम करने का निर्देश दिया। अनगड़ा के सूपा से सूमित महतो, जीबलाल महतो, बालेश्वर महतो, सुरेश बैठा, सुखवा उरांव, विरेन्द्र महतो, दिनेश महतो, डेबरा उरांव, चूनवँ उरांव, सुकरा उरांव, पिंकी देवी, पंचसी देवी, बाजो देवी, सुनिता देवी, जयकिशोर महतो भाँवर ढिपा से ज्योति प्रेमिका एक्का, राजु तिर्की, किशोर लोहरा शासन बेड़ा से अनुप मिंज, बाहा कच्छप, अनिल कुजूर, चाँदी डीह से बबलु मुण्डा फूलचन्द मुण्डा शामिल हैं।

## ईवीएम वज्रगृह में सील, प्रत्याशियों की उलटी गिनती शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू प्रमंडल के नौ विधानसभा सीटों पर बुधवार शाम वोटिंग संपन्न होने के बाद गुरुवार दोपहर तक सारे मतदानकर्मी डिस्पैच सेंटर लौट गए। पलामू के पांच विधानसभा सीटों पर मतदान कराकर सारे कर्मी जीएलए कॉलेज में बने डिस्पैच सेंटर में लौटे। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा के भंडरिया में पड़ने वाले 9 बूथों से मतदानकर्मी हेलीकाप्टर से लौटे। सारे कर्मी कुख्यात रहे बूढा पहाड़ पर वोटिंग कराने के लिए गए थे। सारे मतदान दल के सकुशल वापस लौटने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी प्रेक्षक, आरओ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं पीठासीन पदाधिकारी की डायरी से मिलान कर सारी ईवीएम को सील करायी। सभी की मौजूदगी में ईवीएम




वज्रगृह में सील की गयी। ईवीएम की देखभाल के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दो स्तर पर सीआरपीएफ एवं एक स्तर पर जिला पुलिस के जवान तैनात हैं। ईवीएम सील होने के बाद प्रत्याशियों में उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। आज से ही प्रत्याशी मतगणना के दिन गिनने लगे हैं। पीठासीन पदाधिकारी की डायरी से मिलान के बाद पलामू में वोटिंग प्रतिशत 62.97 रहा। 2019 के विधानसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत से इस बार की वोटिंग प्रतिशत कम रही। पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 63.12 प्रतिशत रहा था। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत कई जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। लाखों रुपए खर्च किए गए। छह माह के भीतर ही विधानसभा चुनाव होने और एक बार फिर स्वीप के अंतर्गत कई जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, बावजूद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी नहीं हुई। पलामू की पांच विस सीटों के लिए 86 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांकी से 14, डालटनगंज से 23, विश्रामपुर से 17, हुसैनाबाद से 18 एवं छतरपुर से 14 हैं। इनके भाग्य का फैसला 17 लाख 31 हजार 538 मतदाता कर रहे थे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 42 हजार 770 है। पुरूष मतदाता 8 लाख 88 हजार 767 है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दिन की शुरूआत एक विशेष सभा से हुई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने एक एनिमेटेड फिल्म का आनंद लिया। इसके बाद, वे बाहर जाकर मजेदार खेलों में शामिल हुए, जिससे उनकी टीम भावना, खुशी और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने टम्बल टॉसर में खेलते हुए मस्ती की और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए खुशियाँ मनाईं। समारोह का समापन प्राचार्या के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएँ दीं और उन्हें हमेशा सीखते रहने व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने उन्हें अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में वोट डालने में पुरुषों से आगे निकली महिलाएं

**लोहरदगा :** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में वोट डालने में पुरुषों से आगे महिलाएं रही हैं। लोहरदगा विधानसभा में कुल मतदाता 287746 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 141438 एवं महिला मतदाता 146308 हैं। जिसमें से 100660 पुरुष मतदाताओं ने वोट दिया तो वहीं 110326 महिलाओं ने मतदान किया। यानी कुल 210986 लोगों ने वोट डाला। यानी 71.17 प्रतिशत पुरुष एवं 75.41 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाला है। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल 73.32 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि जिला प्रशासन सहित अन्य संगठनों के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा। शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता अपने घरों से मतदान केंद्रों तक जाना गंवारा नहीं समझे, जबकि शहरी मतदाताओं को जागरूक मतदाता कहा जाता रहा है। ग्रामीण इलाकों में मतदान को लेकर लोगों में ज्यादा उत्साह देखा गया। खासकर महिलाओं एवं नये मतदाताओं में काफी उत्साह रहा।

### 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग प्रशिक्षण आज से शुरू

**सिल्ली :** सिल्ली श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरशिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 30 दिवसीय कम्प्यूटराइज्ड एकाउंटिंग प्रशिक्षण (हल्का मोटर वाहन) प्रशिक्षण 15 नवंबर से शुरू होने जा रहा है कग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार युवक एंव महिला जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क नंबर 9523381187, 7820953480, 9308544400,7370885508।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**मेदिनीनगर(पलामू) :** रांची रोड रेडमा स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग व अपने हुनर कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया। चाचा नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक एन के भारती ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भुलाया नहीं जा सकता है। वही संस्था के अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा नेहरू जी बच्चों को बेहद प्यार करते थे उनकी इच्छा थी कि उनका जन्मदिन बाल दिवस के रुप में मनाया जाए और उनकी इच्छा के अनुसार बच्चों के प्यार के प्रति हम बाल दिवस के रूप में उनके जन्मदिन को मना रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने पंडित नेहरू के जीवन एवं उनके कार्यों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। इस अवसर पर विद्यालय में क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें टीम के छात्र श्रुति कुमारी, खुशी कुमारी, अर्चना कुमारी, मनीष कुमार, सुमित कुमार अनिल कुमार, विकास चैधरी, प्रिया कुमारी, अंशिका कुमारी अंजना पांडे, माही बर्मन, आर्यन कुमार आदित्य, युवराज, नंदनी कुमारी, स्मृति मिश्रा, सनवी दुबे और तन्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उपहार, मिठाइयां और टॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### मरहूम मद्दार बक्स के बड़े लड़के उस्मान गनी की मौत

**मेदिनीनगर(पलामू) :** बैरिया चौक निवासी गुलाम रसूल साहब मरहूम मद्दार बक्स के बड़े लड़के का इन्तेकाल बीती रात हो गयी वे एक सप्ताह से बीमार चल रहे थे। अभी कुछ दिन पहले ही इनके छोटे भाइ सुभान अंसारी की मौत अचानक हो गयी थी। मरहूम उस्मान गनी नवजवान हुसैनिया कमिटी बैरिया के संस्थापक सरपरस्त व आर जेडी के कद्दावर नेता के बड़े भाइ थे। अभी छोटे भाइ तबरेज आलम दूरदर्शन केन्द्र डाल्टेनगंज मे कार्यरत है जनाजे की नमाज चौक मस्जिद के पास बाद नमाज जोहर अदा की गयी बाद उसके स्थानीय पुलिस लाइन कब्रिस्तान मे उन्हें सपुर्दे खाक किया गया। उनके लड़के आसिफ अंसारी/गुड्डू ने बताया की शनिवार16नवंबर को बाद नमाज फजीर कुरआन खानी और मिलाद शरीफ का प्रोग्राम बैरिया चौक उनके दौलत खाने पर किया जाएगा।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
समाहरणालय, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)
आम–सूचना
विधान सभा आमचुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला के दोनों विधानसभा में अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों के Polled EVM-VVPATs के संधारण हेतु बज्रगृह एवं मतगणनाके निमित्त मतगणना कक्ष राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार में चिन्हित किया गया है।
बज्रगृह एवं मतगणना कक्ष निर्माण से संबंधित संशोधित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा अपने पत्रांक न0 470/पूर्व अनु–I/झार.–वि.स./2024, दिनांक 12.11.2024 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।
तदनुसार लातेहार जिला के दोनों विधानसभा में अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों के Polled EVM-VVPATsका संधारण एवं मतगणना राजकीय पोलिटेकनिक, लातेहार में निर्धारित तिथियों को सम्पन्न होगा।
अतएव जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों के पदधारक/प्रत्याशियों/सभी संबंधित मतदाताओं/ हितधारकों के सूचनार्थ प्रकाशित।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार
PR 340093 Election(24-25)D

# भारत के जनजातीय समुदायों के जीवन में पहली बार शामिल प्रगति के विभिन्न पहलू



ललित गर्ग

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया।

भारत के इतिहास में पहली बार देश के जनजातीय समुदाय परिवर्तनकारी पहलों की एक ऐसी लहर का अनुभव कर रहे हैं, जो उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में पहचान दिला रही है और उनका उत्थान कर रही है। वर्षों की सुनियोजित उपेक्षा के बाद, जनजातीय लोगों के कल्याण पर बिल्कुल नए सिरे से दिया जा रहा ध्यान न केवल अंतरालों को पाट रहा है, बल्कि उनकी विरासत का उत्सव मना रहा है, उनके युवाओं को सशक्त बना रहा है, उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बना रहा है तथा उन्हें आर्थिक अवसर भी प्रदान कर रहा है। इन महत्वपूर्ण कदमों के माध्यम से, भारत अपने जनजातीय नागरिकों के साथ अपने संबंधों को नया आकार दे रहा है - लंबे समय से उपेक्षित समुदायों में समृद्धि, सम्मान और समानता ला रहा है। यहां उन ऐतिहासिक पहली बार होने वाले बदलावों की एक बानगी प्रस्तुत है, जो एक अपेक्षाकृत अधिक उज्जवल व अधिक समावेशी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। अबतक का सबसे भारी निवेशः जनजातीय कल्याण निधि में 5.7 गुना की वृद्धि पहली बार, भारत ने जनजातीय कल्याण हेतु अपनी वित्तीय प्रतिबद्धता को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ाया है। अनुसूचित जनजाति से संबंधित विकास कार्य योजना के लिए निर्धारित निधि में पांच गुना वृद्धि की गई है। वर्ष 2013-14 में 24,600 करोड़ रुपये से कम रहने वाली यह निधि 2024-25 में अविश्वसनीय रूप से बढ़कर 1.23 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वित्त पोषण में यह बढ़ोतरी



शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, आवास और अन्य क्षेत्रों में विभिन्न पहलों को प्रोत्साहित कर रही है, जो जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने की एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनजातीय समुदायों की शिक्षा में क्रांतिः विद्यालय, छात्रवृत्तियां और अपेक्षाकृत अधिक अवसर।

जनजातीय विद्यार्थियों को आखिरकार वे सभी शैक्षिक अवसर मिल रहे हैं जिनके वे हकदार हैं। विद्यालयों में नामांकन 2013-14 में 34,000 से बढ़कर 2023-24 में 1.3 लाख से अधिक हो गया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का विकास इस बदलाव की आधारशिला रहा है। केवल एक दशक में ही इन विद्यालयों की संख्या लगभग चौगुनी होकर 123 से 476 हो गई है। ये विद्यालय देश भर के जनजातीय युवाओं को न केवल शिक्षित कर रहे हैं, बल्कि उनकी संभावनाओं में भी बदलाव ला रहे हैं। पहली बार सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए एक देशव्यापी मिशन पहली बार सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के माध्यम से, भारत एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या से निपट रहा है जो जनजातीय समुदायों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। पहले ही, 4.6 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है और तीन वर्ष के भीतर 7 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। सिकल सेल रोग को खत्म करने का यह मिशन केवल स्वास्थ्य से ही संबंधित नहीं है। इसका संबंध देश की जनजातीय आबादी के लिए एक स्वस्थ और अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण से है। छात्रवृत्तियों की नए सिरे से परिकल्पनाः जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बेजोड़ वित्तीय सहायता।

पहली बार, जनजातीय विद्यार्थियों को व्यापक छात्रवृत्ति सहायता मिल रही है। इन छात्रवृत्तियों से अब प्रत्येक वर्ष 30 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में छात्रवृत्ति के रूप में कुल 17,000 करोड़ रुपये का वितरण हुआ है। ये छात्रवृत्तियां वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर हैं। वास्तव में वे जनजातीय युवाओं के सशक्तिकरण का मार्ग हैं। पहली बार जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों और विरासत का व्यापक सम्मान

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। उनके सम्मान में 10 संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और देश के जनजातीय समुदायों की दृढ़ता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भी नामित किया गया है। पहली बार, जनजातीय गौरव को बढ़ावा देते और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए जनजातीय नायकों की कहानियों का उत्सव मनाया जा रहा है। जनजातीय उद्यमिता का विकासः वन धन केन्द्रों के माध्यम से आत्मनिर्भरता जनजातीय उद्यमिता के विकास को प्रोत्साहित करने के एक ऐतिहासिक प्रयास में, 3900 वन धन विकास केन्द्र स्थापित किए गए हैं। ये केन्द्र लगभग 12 लाख जनजातीय उद्यमियों को संसाधन प्रदान कर रहे हैं। ये केन्द्र जनजातीय लोगों को अपने पारंपरिक कौशल को लाभदायक उद्यमों में बदलने, आर्थिक आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम बना रहे हैं। भारत की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपतिः प्रतिनिधित्व के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का निर्वाचन जनजातीय समुदायों के उपयुक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सरकार के उच्चतम स्तर पर समावेशन और बाधाओं को तोड़ने का एक शक्तिशाली संदेश है। राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व देश के जनजातीय समुदायों के लाखों लोगों के लिए आशा और अवसर का प्रतीक है। पहली बार दूरदराज के जनजातीय समुदायों को बुनियादी सेवाएं

पीएम-जनमन के तहत आवास, स्वच्छ पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा जैसी आवश्यक सेवाएं पहली बार सबसे कमजोर जनजातीय समूहों तक पहुंच रही हैं। 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और 45 लाख से अधिक परिवारों को समर्पित 24,000 करोड़ रुपए से अधिक के बजट के साथ, यह पहल दूरदराज के जनजातीय समुदायों के लिए एक जीवनरेखा जैसी है। जम्मू एवं कश्मीर के जनजातिय समुदायों के लिए खुले दरवाजेः नौकरियों और शिक्षा तक नई पहुंच अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के साथ, जम्मू एवं कश्मीर में अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए अब शिक्षा और रोजगार के अवसरों की सुलभता बढ़ गई है, जिससे उनके उज्जवल भविष्य के द्वार खुल गए हैं और इस क्षेत्र में जनजातीय समूहों के समावेशन को बढ़ावा मिला है। आय का एक नया स्रोतः बांस, जनजातीय समृद्धि का हरा सोना पहली बार, बांस को एक पेड़ के रूप में वगीर्कृत किया गया है। इससे जनजातीय समुदायों को मुक्त रूप से इसकी खेती करने की अनुमति मिल गई है। इस बदलाव ने जनजातीय परिवारों के लिए आय के नए स्रोत और स्थायी अवसर पैदा किए हैं। इस प्रकार, जनजातीय समृद्धि के लिए बांस को हरा सोनाह्न में बदल दिया गया है।

शत - प्रतिशत जनजातीय कवरेज को एक मिशन बनाया गया


धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से, पहली बार जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इस अभियान में 63,000 गांव शामिल हैं और 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिल रहा है। इसका लक्ष्य लाभों की शत- प्रतिशत संतृप्ति है। कुल 80,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व बजट वाली इस पहल का उद्देश्य भारत के जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास और सशक्तिकरण प्रदान करना है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य जनजातीय सशक्तिकरण के लिए एक उपकरण बना पहली बार, न्यूनतम समर्थन मूल्य का ढांचा जनजातीय समुदायों के लिए एक सशक्त उपकरण बन गया है। यह एमएसपी समर्थन प्राप्त करने वाले लघु वन उपज वस्तुओं की संख्या से स्पष्ट होता है जो 12 वस्तुओं से बढ़कर 87 हो गई है। इससे जनजातीय समुदायों को स्थिर आय के अवसर मिले हैं और स्थायी संसाधन उपयोग को प्रोत्साहन मिला है। पहली बार लंबे समय से प्रतीक्षित मान्यता, संसाधन और अवसर मुहैया कराने से हमारे जनजातीय भाइयों और बहनों का जीवन हमेशा के लिए बदल रहा है। दशकों तक उपेक्षित रखे जाने के बाद, अब वे भारत के विकास में सबसे आगे खड़े हैं और सशक्त व सुदृढ़ बनकर अपना भविष्य खुद संवारने को तैयार हैं।

## संपादकीय

### ट्रंप का भारत प्रेम

अमेरिका में राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम का गठन करना शुरू कर दिया है। अभी तक जिनको जिम्मेदारी सौंपी गई है, उससे जाहिर होता है कि अमेरिका की घरेलू और विदेश नीति में बड़े. बदलाव हो सकते हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ईलान मस्क और भारतवंशी उद्योगपति विवेक रामास्वामी डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का नेतृत्व करेंगे। यह नया विभाग है जिसे ट्रंप ने ह्यसेव अमेरिका' अभियान के लिए जरूरी बताया है। ट्रंप के मुताबिक, यह विभाग नौकरशाही, अतिरिक्त नियम-कानून को खत्म करने, अनावश्यक खर्चों में कटौती करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का काम करेगा। विवेक परंपरावादी और शाकाहारी हिन्दू हैं। उन्होंने अमेरिका की वर्तमान विभाजनकारी राजनीति और आंतरिक संघर्ष से उबरने के लिए 10 सूत्री गुरूमंत्र दिया था। उनका मानना है कि नौकरशाही के दबदबे के लिए कोईस्थान नहीं है और संघीय जांच एजेंसी एफबीआई को भंग करने की बात कही थी। विवेक रामास्वामी को ट्रंप ने देशभक्त अमेरिकी बताया है।



फ्लोरिड़ा के भारत समर्थक सीनेटर मार्को रूबियो को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रूबियो की छवि भारत समर्थक और चीन-विरोधी है। वे चीन के सामान पर टैक्स बढ़ाए जाने की मांग कर चुके हैं। मांग स्वीकार कर ली जाती है तो चीन के खिलाफ बड़ा रणनीतिक कदम होगा और जिसका अमेरिका सहित यूरोपीय देशों पर विपरीत असर पड़ेगा। रूबियो ने इस साल सीनेट में एक विधेयक पेश किया था जिसका मजमून भारत-अमेरिकी संबंध मजबूत करना और आतंकवाद के प्रसार के कारण पाकिस्तान को सुरक्षा मदद रोकना था। भारत समर्थक और चीन विरोधी रुख रखने वाले फ्लोरिड़ा के सांसद माइक वॉल्टज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह इंड़िया कॉक्स समूह से जुड़े.हैं जो भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने की वकालत करता है। ट्रंप प्रशासन में भारतीय मूल और भारत समर्थक लोगों को शामिल किए जाने से जाहिर होता है कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। लेकिन ट्रंप चीन के प्रति क्या रुख अपनाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। वह चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानते हैं और विदेश मंत्री बनाए गए मार्को रूबियो सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन अशांति फैलाने का दोषी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ट्रंप प्रशासन चीन के प्रति सख्त रवैया अपना सकता है।

## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई।

सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ऐसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ऐसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती : एक ऐतिहासिक प्रेरणा



डॉ. कुंवर विजय शाह



भारत के समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा का नाम एक ऐसे वीर योद्धा और समाज-सुधारक के रूप में अंकित है, जिन्होंने अपने जीवन को जनजातीय समाज की उन्नति और उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। देश में हर साल 15 नवम्बर को उनकी जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनकी शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, अनवरत संघर्ष और स्वाभिमान का उत्सव भी है।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनका संघर्ष

बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में एक साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा था और उन्हें बाल्यावस्था से ही आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। सामाजिक असमानता, अत्याचार और विदेशी शासकों द्वारा जनजातियों पर निरंतर हो रहे शोषण ने बिरसा मुंडा के अंतर्मन को विद्रोह की भावना से भर दिया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारम्परिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

**उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व**

बिरसा मुंडा जी ने उलगुलान नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया, जो अंग्रेजी शासन और उनके द्वारा किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ था। उलगुलान का अर्थ है महान विद्रोह। इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भूमि नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना था। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में जनक्रांति की लहर पैदा कर दी और उन्हें धरती आबा या धरती पिता या धरा पितृ के रूप में सम्मानित किया जाने लगा।

**भगवान बिरसा मुंडा का समाज सुधारक के रूप में योगदान**

भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने तत्कालीन जनजातीय समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंध-विश्वास, जाति-भेद, नशाखोरी, जातीय संघर्ष और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा ने बिरसाइत नामक एक धार्मिक आंदोलन भी चलाया, जिसमें उन्होंने अपने अनुयायियों को आचार-विचार की शुचिता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना**

वर्ष 2021 में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। इसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का सम्मान करना है। इस दिन देशभर में जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर, उनकी परंपराओं और उनके गौरवशाली इतिहास को समझने और सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस जनजातीय समाज के संघर्षों और उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

बिरसा मुंडा का भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में योगदान भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अतुलनीय है। वे न केवल अपने क्षेत्र की जनजातियों के नेता थे, बल्कि उनके संघर्ष और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को भी एक नई दिशा दी। उनके उलगुलान आंदोलन ने अन्य जनजातीय समुदायों को भी संगठित किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी।

भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी विरासत आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है और उन्हें एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किया जाता है।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व**

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व केवल बिरसा मुंडा जी के योगदान को याद करने तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का जश्न मनाने का भी दिन है। जनजातीय समाज ने भारत के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। यह गौरव दिवस उनकी सांस्कृतिक धरोहर, संघर्षों और उपलब्धियों का सम्मान करता है। यह अवसर सभी भारतीयों को यह याद दिलाने का भी है कि जनजातीय समाज भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण व अभिन्न हिस्सा है और उनके योगदान को हमें सदैव संजोकर रखना चाहिए।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस हमें उनकी शिक्षाओं, राष्ट्रप्रेम और उनके संघर्ष को याद करने और जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान के प्रति संवेदनशील बने रहने के लिए प्रेरित करता है। जनजातीय समाज के स्वाभिमान और उनके अधिकारों की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस उनके प्रति हमारी कृतज्ञता, आदर और श्रद्धांजलि का प्रतीक है।

(लेखक मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री हैं।)

## पाकिस्तान का नया दांव है डिजिटल घुसपैठ

भारत एक ऐसा देश है जो सदियों से पंचशील के सिद्धांतों का पालन करता आया है। एशिया और अफ्रीका के विभिन्न देशों के गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद उनके समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान थीं जैसे कि अपनी आजादी को स्थायित्व प्रदान करने, विकास की प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने, अपनी संप्रभुता की रक्षा करने, अपनी राजनीतिक सीमाओं की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शिकार होने से बचने जैसी अनेक चुनौतियां विद्यमान थी, भारत भी इनमें से एक रहा है और इसी क्रम में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांतों को अपनाया था। वास्तव में भारत द्वारा यह सिद्धांत मूल रूप से अपने चिर-परिचित पड़ोसी चीन द्वारा उत्पन्न की जाने वाली भावी चुनौतियों से निपटने के लिए अपनाया गया था लेकिन न केवल चीन बल्कि पाकिस्तान व अन्य देशों के साथ आज भी भारत पंचशील सिद्धांतों का अनवरत पालन करते हुए विश्व को लगातार शांति,संयम,आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप को वरीयता देते हुए काम कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि एक दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान, सहयोगात्मक अहिंसा, घरेलू मामलों में सहयोगात्मक अहस्तक्षेप, पारस्परिक लाभ के लिए न्याय और सहयोग, तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील समझौते के प्रमुख सिद्धांत हैं। वास्तव में, पंचशील सिद्धांतों के माध्यम से ऐसे नैतिक मूल्यों का समुच्चय तैयार करना था, जिन्हें प्रत्येक देश अपनी विदेश नीति का हिस्सा बना सके और एक शांतिपूर्ण वैश्विक व्यवस्था का निर्माण कर सके, लेकिन आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर में लगातार यहां की शांति, सौहार्द को भंग करने में लगा हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत ने पाकिस्तान के प्रति सदैव एक बहुत ही सुसंगत और सैद्धांतिक नीति का पालन किया है, अर्थात: अपनी ह्यपड़ोसी पहले नीतिह्न को ध्यान में रखते हुए, भारत पाकिस्तान के साथ आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है।

सच तो यह है कि भारत किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। यहां तक कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में भी समय-समय पर दोनों देशों से शांति, सौहार्द,संयम व आपसी बातचीत से आपसी मुद्दों को सुलझाने की अपील की है। भारत कभी भी किसी भी देश के साथ हिंसा व युद्ध नहीं चाहता है और वह शांति और संयम का पुरजोर समर्थक है। आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर व घाटी की शांति, सौहार्द भंग करने के लिए लगातार आतंकियों व आतंकवाद का सहारा ले रहा है क्योंकि वह भारत से प्रत्यक्ष लड़ाई करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए वह चोरी-छिपे अमेरिका, चीन जैसे देशों की मदद से (हथियार, गोला-बारूद) भारत में समय-समय पर अशांति फैलाने की फिराक में रहता है और अब इसी क्रम में धारा-370 हटने के बाद वह बुरी तरह से तिलमिला उठा है और आतंकवाद के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल घुसपैठ वर्तमान में पाकिस्तान का एक नया पैंतरा है और वह डिजिटल घुसपैठ के जरिए लगातार भारत में अशांति, उपद्रव और हिंसा फैलाने की फिराक में है। पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है हालांकि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है। आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज पाकिस्तान डिजिटल गतिविधियों के जरिए नफरत फैलाने वाले भाषणों, चरमपंथी कंटेंट को लगातार बढ़ावा देने में लगा है. हमारी सुरक्षा एजेंसियों को इसे रोकने के लिए मिलकर एकजुट होकर काम करना होगा और चरमपंथी कंटेंट,नफरती भाषणों के आडियो-विडियो को तेजी से पहचानना होगा। हमें हमारे देश में तकनीकों को और अधिक विकसित व समृद्ध करने की जरूरत है। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया की हर कहीं बहुत व्यापक व आसान पहुंच है। आज इंटरनेट व सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकी संगठन कट्टरपंथी कंटेंट, नफरती भाषणों को फैलाने का ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि मीडिया में आई खबरें बतातीं हैं कि वे नये लोगों का रिक्रूटमेंट तक कर रहे हैं। सच तो यह है कि इंटरनेट के माध्यम से आज पाकिस्तान आभासी कट्टरपंथ पैदा कर रहा है। इससे विशेषकर जम्मू-कश्मीर व घाटी में शान्ति व्यवस्था बाधित हो सकती है। इसके लिए हमें एक मजबूत नेटवर्क के साथ ही इन सभी पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। मीडिया, साइबर क्राइम आदि के बारे में आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक व सचेत करने की जरूरत है। हमें देश से बेरोजगारी, गरीबी को भी दूर करना होगा क्योंकि बेरोजगार व गरीब युवा बहुत बार इनके चक्कर में आ जाते हैं और फिर इससे निकलने का रास्ता उन्हें नहीं सूझता है। हमें देश में विकास को बढ़ावा देना होगा, शिक्षा का उजियारा सब तक फैलाना होगा। इतना ही नहीं, हमें हमारे देश में सहयोगात्मक ऑनलाइन पुलिसिंग को भी बढ़ाना होगा। तकनीकी विकास तो करना ही होगा ताकि ऐसे कट्टरपंथी कंटेंट पर लगाम लगाई जा सके। डिजिटल घुसपैठ(कट्टरपंथी कंटेंट) किसी भी राज्य, संस्थाओं और नागरिकों को विभाजित कर सकती है, हिंसा फैला सकती है। डिजिटल घुसपैठ अराजकता और झूठी सूचनाएं फैला सकती है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल घुसपैठ और वास्तविक दुनिया का आतंकवाद दोनों ही खतरे पैदा करते हैं। पाकिस्तान के प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार डॉन के हवाले से यह खबर आई थी कि पाकिस्तान इंटरनेट पहुंच और डिजिटल गवर्नेंस के मामले में दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक है। बावजूद इसके पाकिस्तान के आतंकी संगठन डिजीटल घुसपैठ करने में कामयाब हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान में इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि के बावजूद लगभग 15 प्रतिशत आबादी के पास अभी भी इंटरनेट और मोबाइल या दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच नहीं है, तो ऐसा कैसे संभव हो पा रहा है कि वहां स्थित आतंकी संगठन डिजिटल घुसपैठ कर पा रहे हैं. भारत को इन सभी कारणों का पता लगाने के लिए पूरी तह में जाने की जरूरत है और इस पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की भी सख्त जरूरत है। तभी हम डिजिटल घुसपैठ कर लगाम लगा पाएंगे और अपने देश को तरक्की, प्रगति व उन्नयन के पथ पर अग्रसर करते हुए अपने भारत को सपनों का भारत बना पाएंगे।

सुनील कुमार महला

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक से अधेड़ का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बरहरवा/साहिबगंज :** पतना प्रखंड क्षेत्र के दिघी फाटक के समीप रांगा थाना पुलिस ने गुरुवार को ट्रेन से कटे एक अधेड़ व्यक्ति का अज्ञात शव बरामद किया है। शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। शव की पहचान बरहरवा थाना क्षेत्र के सातगाछी निवासी कमल मंडल उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है। सूत्र बताते हैं की कमल मंडल के घर पर किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। जिसको लेकर वह हमेशा तनाव में रहते थे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। हत्या या आत्महत्या सभी बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है।

### बीआइटी मेसरा का दीक्षांत समारोह कल, बटेंगी 2715 डिग्रियां

**रांची :** बीआइटी मेसरा का 34 वां दीक्षांत समारोह 16 नवंबर को होगा। दीक्षांत समारोह में कुल 2715 डिग्रियां बांटी जाएंगी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान तिरूवंतपुरम के संस्थाक सह पद्म भूषण डॉ बीएन सुरेश शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएट लेवल की 1824, पीडी लेवल की 636, डॉक्टरेट के 103 और डिप्लोमा की 152 डिग्रियां छात्रों के बीच वितरित की जाएंगी।

### गांव में मतदान केंद्र बनाने का लखाईडीह के ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जमशेदपुर :** डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ियों से घिरे लखाईडीह गांव के ग्रामीण विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। लखाईडीह के मतदाता इससे पहले भीतर आमदा के 274 नंबर बूथ पर वोटिंग करने जाते थे। इस बार नया बूथ लाखाईडीह गांव में स्थापित किया गया। भीतर आमदा से लखाईडीह की दूरी मुख्य सड़क से लगभग 24 किलोमीटर है। जबकि पहाड़ जंगल के रास्ते यह दूरी करीब 3 किलोमीटर है। पोटका विधानसभा क्षेत्र का लखाईडीह गांव झारखंड एवं ओडिशा के बॉर्डर पर स्थित है। यह गांव शैडो एरिया के रूप में जाना जाता है। यहां की पूरी आबादी अनुसूचित जनजाति की है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी सुविधा नहीं है।
ग्राम प्रधान ने सीईओ से फोन पर की बात गत लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय निवासियों ने लखाईडीह में पोलिंग बूथ बनाने का अनुरोध किया था। जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी के प्रयासों से विधानसभा चुनाव में लखाईडीह में नया बूथ स्थापित किया गया।

### वनकाटी शिशु मंदिर परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस

**जमशेदपुर:** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत वनकाटी शिशु मंदिर परिसर में गुरुवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर धूमधाम के साथ बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पंडित नेहरू के चित्र पर समाज सेवी गुहिराम साव ने माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। पंडित नेहरू की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी गुहिराम साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पंडित नेहरू की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बाल दिवस क्यों मनाया जाता है इसके ऊपर भी प्रकाश डाला। मंच का संचालन मंदिरा मुण्डा ने किया।

# जामा का बेटा हूं, सेवा करना मेरा धर्म है : सुरेश मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** जिले के जामा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने गुरुवार को महारो स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि विधानसभा का यह चुनाव केवल विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री चुनने के लिए नहीं है, बल्कि यह चुनाव जामा विधानसभा क्षेत्र की जनता के भविष्य को तय करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके जैसे अति गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि वाले कार्यकर्ता पर तीसरी बार विश्वास जताते हुए जामा से चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। स्वयं को जामा का बेटा बताते हुए सुरेश मुर्मू ने कहा कि वे जामा क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं और भविष्य में भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक होने के कारण उनमें सेवा की भावना संघ के संस्कारों से ही मिली है। यह चुनाव भू-माफिया, कोयला माफिया, बालू माफिया और गिट्टी माफिया को संरक्षण देने वालों एवं ग्रामवासी गरीब किसान कार्यकर्ता के बीच का है। ये चुनाव धनतंत्र एवं जनतंत्र के बीच का चुनाव है। झारखंड की अस्मिता को बचाने झारखंड के अस्मिता को लूटने वालों को संरक्षण देने वालों के बीच का चुनाव है। भय, भूख एवं भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए तथा बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों से क्षेत्र राज्य एवं देश को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधानसभा चुनाव को हिंदू त्योहारों एवं शोभायात्राओं पर पत्थर चलाने वालों को सबक सिखाने तथा अपने समाज की बेटियों को लव जिहाद के चंगुल से बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव यहां की सभ्यता, संस्कृति, रोटी, माटी, बेटी की रक्षा तथा मातृशक्ति के सम्मान, भारतीय सेवा के स्वाभिमान, बेरोजगार नौजवान के हक तथा यहां के किसान के भविष्य के चयन का चुनाव है।
उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव जामा में सुरेश मुर्मू नहीं लड़ रहा है बल्कि रामगढ़ तथा जामा दोनों ही प्रखंडों के सामान्य भाजपा कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के स्थान पर मौत बांटने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस एवं राजद के विनाशकारी गठबंधन वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए यहां की आम जनता स्वयं चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता एवं कार्यकर्ता के उत्साह को देखते हुए उन्हें जामा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजय में कोई संदेह नहीं है। भाजपा में भीतरघात एवं गुटबाजी के विषय में पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता एवं जनता दोनों मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं तो ऐसे में भितरघात एवं गुटबाजी का प्रश्न ही कहां उठता है।

**भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने जनसंपर्क कर मांगा जनसमर्थन**

जामा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने गुरुवार को दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अभियान की शुरूआत सिमरा पंचायत के चाचने, भोड़ाबदार, हल्दीपट्टी, दुबरीकदेली, बसबुटिया, लक्ष्मीपुर, कदरजोरिया, कामडुमरिया पहाड़िया टोला सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की और लोगों से आशीर्वाद मांगा।
इस दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से भेंट की और मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान प्रत्याशी ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है। रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करने वाली भाजपा सरकार बनने से पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। इधर भ्रमण के दौरान बाबुधन कुंवर, महेन्द्र कुंवर, विकास कुंवर, सूर्य राय, कुंदन कुमार, दिनेश कुंवर, पूरन कुंवर, नकूल बैध, अलिश्वर मिश्रा, दीपक टुडू, फूलदेव राय, रामजीत मरांडी, रोहित राणा, मनोज गंधर्व, कारू गंधर्व, धर्मेंद्र लर्वे, दीपक टुडू, सोमाय मुर्मू सहित दर्जनों युवाओं ने झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर योगदान कराया गया। इस मौके पर इंद्रकांत यादव, आनंदी राउत, दिलीप यादव, विनय यादव, विवेक कुमार, सुनील, रामयश, सुजीत, घनश्याम, पप्पू, मुकेश, हेमंत, दिपेश समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो बाइक की सीधी टक्कर में दो लोगों की मौत, तीन घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेल :** सरायकेला-चाईबासा मुख्य मार्ग पर कुड़ी मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में एक चुनाव कर्मचारी समेत दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक 10 वर्षीय बच्चा, महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम सिंहभूम जिले के भरभरिया में चुनावी ड्यूटी के बाद मतदान कर्मी ओमप्रकाश एवं सुबोध प्रसाद एक ही बाईक से गम्हरिया अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक बाइक पर सरायकेला के सिदमा गांव निवासी पवन पूर्ति अपने 10 वर्षीय पुत्र दुर्गा पूर्ति और भाभी पूनम के साथ बाइक से पठानमारा गांव जा रहे थे। इसी क्रम में कुड़ी मोड़ पर दोनों बाइक की सीधी टक्कर हो गई। घटना में बाइक चला रहे मतदान कर्मचारी सुबोध प्रसाद एवं पवन पूर्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सरायकेला थाना में इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## चुनाव को लेकर कल्पना सोरेन ने एम टी राजा के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** गुरुवार को राजमहल विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन का हुआ आगमन। वही इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन को देखने के लिए हजारों की संख्या में उमड़ी भीड। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी एम.टी. राजा के पक्ष में कल्पना सोरेन ने राजमहल मटियाल बस स्टैंड में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए एम टी राजा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। इस दौरान मंच पर प्रत्याशी एम.टी. राजा और क्षेत्र के जेएमएम नेता भी मौजूद रहे। कल्पना सोरेन ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने यहां की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री मईयां सम्मान से जोड़कर प्रत्येक माह सम्मान राशि एक-एक हजार रुपए भेजने का काम किया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने गरीब असहाय लोगों का बिजली बिल माफ किया है। इसके अलावा किसान का दो लाख रुपए तक का ऋण भी माफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को बरगलाने के लिए विपक्ष के लोग आएंगे मगर आप उनसे सावधान रहिएगा। वही कल्पना सोरेन ने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति व सभ्यता किसी से छिपी नहीं है और हमें इस पर गर्व है। इस अवसर पर उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी एम.टी. राजा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वही इस सभा में हजारों की जनसंख्या में कार्यकर्ता एवं राजमहल विधानसभा क्षेत्र की जनता महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## अवसर मिला तो आजीवन करूंगा लिट्टीपाड़ा की सेवा : बाबुधन मुर्मू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** गुरुवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बाबुधन मुर्मू ने आमड़ापाड़ा मंडल अध्यक्ष आशीष हेमब्रम एवं अन्य कार्यकताओं के साथ कई गावों का दौरा किया। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत मोहोलबोना पंचायत के सुरजबेड़ा से की और बोहड़ा पंचायत के कालाझोर होते हुए जामुगाड़िया पंचायत के जामकनाली और जामुन टोला में लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने सभी से 20 नवंबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आपने मुझे एक अवसर दिया तो मैं आजीवन आप सभी की सेवा करता रहूँगा। लिट्टीपाड़ा के लोगों को पलायन के लिए मजबूर ना होना पड़े और यहाँ उन्नति के सुरज का उदय हो, यही मेरा लक्ष्य है। आगे भाजपा के संकल्प पत्र से आमजनों को अवगत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर 21 लाख लोगों के पक्के मकान बनेंगे, बालू भी मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा युवाओं को 3 लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। तैयारी करने वाले बेरोजगार युवकों को भत्ता भी मिलेगा।

## पाकुड़ से आजसू प्रत्याशी के पक्ष में सुदेश महतो ने किया रोड शो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने गुरुवार को पाकुड़ विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी अजहर इस्लाम के समर्थन में रोड शो किया। बरहरवा प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय के पास से शुरू हुए रोड शो में प्रत्याशी अजहर इस्लाम भी शामिल थे। सुदेश महतो ने कोरीपाड़ा, कहारपाड़ा, बंगालीपाड़ा, पतना चौक, स्टेशन चौक होते हुए पूरे बड़हरवा बाजार का भ्रमण किया और लोगों से अजहर इस्लाम को विजयी बनाने की अपील की। बड़हरवा नगर पंचायत के भ्रमण के दौरान सुदेश महतो व अजहर इस्लाम पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। रोड शो में भाजपा के कमल कृष्ण भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष पांचो सिंह, श्यामल दास, लोकेश कुशवाहा, ललित पासवान, कुशमाकर तिवारी, आजसू पार्टी के बड़हरवा प्रखंड अध्यक्ष नवीन दुबे, सलीम जहांगीर, यादुल शेख आदि शामिल थे।

# असम के मुख्यमंत्री ने हिंदुओं पर जताई चिंता, उधवा हाई स्कूल व राधानगर हाई स्कूल में जनसभा को किया संबोधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा :** राजमहल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा के पक्ष में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा बृहस्पतिवार के दिन जनसभा को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी इस झारखंड में सरकार बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करती दिख रही है। इसी के मद्देनजर झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने मोहम्मद ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा एवं पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और मौजूदा मंत्री इरफान अंसारी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने बृहस्पतिवार को दोपहर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नीति गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर घुसपैठ पर अंकुश नहीं लगाया गया तो 20 साल में झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में एक रैली के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि जहां 1951 का जिक्र करते हुए की हिंदू और आदिवासी की आबादी यहां तेजी से घट रही है, वहीं मुस्लिम आबादी बढ़ रही है असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि संथाल परगना में 90 प्रतिशत आबादी हिंदू और आदिवासियों की रही है, लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। साथ ही मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि हेमंत सोरेन ने घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए जगह दी है शर्मा ने कहा, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे: हिमंता बिस्वा शर्मा ने झामुमो पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। हिमंता शर्मा ने बांग्लादेशियों की घुसपैठ बढ़ने के मामलों पर भी चिंता जताई और सचेत किया कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह समस्या राज्य की महिलाओं के लिए गंभीर खतरा बन जाएगी। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता शर्मा ने अपने भाषण के दौरान कहा झामुमो वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं को बांटना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा-बोड़ाम के विभिन्न स्कूलों में मनाया गया बाल दिवस



**पटमदा :** पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस काफी धूमधाम मनाया गया। कटीन के वीणापानी विद्या मंदिर स्कूल में बाल दिवस पर बच्चो के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता,निबंध सहित कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी ने बताया कि स्कूली छात्रों के बीच आयोजित किए गए प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी,कमलेंदु राय,अमिताभ त्रिपाठी,पायल महंती,मुनमुन सरकार,रीता दास,अनिमेष मिश्रा, अमित, आशीष,विष्णुपद, परमीला,राकेश,अंजना,पुस्पा, अंकिता आदि उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर 01- राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सी के प्रसन्ना ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के क्रम में वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौजूद पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।सामान्य प्रेक्षक ने साहेबगंज प्रखंड के टिकलीचर के मिडिल स्कूल में बूथ संख्या 49 और 50 का निरीक्षण किया, बूथ संख्या 51 और 52 का निरीक्षण करते हुए, उच्च मध्य विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने बूथ पर मतदान केंद्र की सूचियों का गहन सत्यापन सुनिश्चित करने और सभी आवश्यक चुनावी दस्तावेजों के गहनता पूर्वक जानकारी ली। प्रेक्षक के द्वारा मतदान केंद्र में मूल भूत सुविधाओं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग प्वाइंट, नल की व्यवस्था आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बीएलओ, अन्य उपस्थित थे।

### जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट में संत जेवियर स्कूल ने 1 विकेट से दर्ज की जीत



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत गुरुवार को संत जोसेफ स्कूल बनाम संत जेवियर स्कूल बी के बीच मैच खेला गया। वहीं संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संत जोसेफ की टीम ने 22.2 ओवर में 150 रन बना कर ऑल आउट हो गई। तौकीर अनवर ने 36, देव हरि ने 16, मो कैफ ने 16 रनों की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज पार्थ सिंह राणा ने 3, पुष्कर राज ने 3 व मीत कुमार ने अधिकतम 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 151 रन बना कर 1 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य कुमार ने 34, आयुष व सूरज राज ने 31-31 रनों की पारी खेली। संत जोसफ के गेंदबाज पीयूष यादव ने 3 व वारिस अली हसन ने 3-3 विकेट लिए। संत जेवियर के गेंदबाज पुष्कर राज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जिला बैडमिंटन संघ के सचिव सह अधिवक्ता जय कृष्ण शर्मा ने पुष्कर को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

### विधानसभा के प्रत्याशी सुनील यादव के समर्थन में सड़कों पर उतरी महिलाएं



**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के समर्थन में साहिबगंज शहर की सड़कों पर भारी संख्या में उतरी महिलाएं और अपने अपने हाथों में बैनर लिए हुए पूरे शहर में भ्रमण कर रैली किया। वहीं महिलाओं ने निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के लिए रैली के माध्यम से शहर के गली गली में जाकर वोट देने के लिए अपील किया। निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने सभी महिलाओं को समर्थन के लिए प्रणाम कर आभार व्यक्त किया। निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने कहा कि इस बार राजमहल विधानसभा चुनाव में जनता का आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने बताया कि वे गरीबों की आवाज बनकर, दुख दूर करने के लिए जनता के बीच आए हैं। ज्ञात हो कि निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव साहिबगंज जिला परिषद से लगातार दो बार के उपाध्यक्ष पद पर चुने गए हैं। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि इस बार जनता बदलाव के मूड में नजर आ रही है और महिलाएं भी खुलकर निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव का समर्थन कर रहे हैं। सुनील यादव लगातार लोगों से जुड़ने का काम जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कर रहे हैं। मौके पर गुड्डू यादव, राहुल यादव और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# शेयर बाजार में 2 दिन में 13 लाख करोड़ डूबने से गहराने लगा डर

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार ने पिछले 2 दिनों में स्टॉक्स की धज्जियां उड़ते देखा है। सेंसेक्स इन 2 दिनों में 1805 अंक लुढ़क गया है। बाजार में इस भारी गिरावट का नतीजा यह हुआ कि 2 दिन के अंदर निवेशकों ने 13 लाख करोड़ रुपये गंवा दिए। 2 दिन में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 13,07,898 करोड़ रुपये घटकर 4,29,46,189.52 करोड़ रुपये हो गया है। सेंसेक्स ने बुधवार को 1.25 फीसदी का गोता लगाया और 77690 अंकों पर कारोबार बंद किया. 50 शेयरों वाला निफ्टी 1.36 फीसदी टूटकर 23559 के स्तर पर बंद हुआ। हीरो मोटोकॉर्प 4 फीसदी से ज्यादा टूटकर बंद हुआ। इसके अलावा हिंडाल्को, एमएंडएम, आयशरमोटर्स व टाटा स्टील 3 फीसदी से ज्यादा टूटकर बंद हुआ। स्टॉक मार्केट के दिग्गज निवेश रमेश दमानी अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद भारतीय बाजार में आई तेजी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था` कि शायद हमने इस साल का उच्चतम स्तर हासिल कर लिया है। ट्रंप की जीत के कारण बाजार में शुरुआती उत्साह के बाद 2-3 महीने की गिरावट या स्थिरता देखने को मिल सकती है और इसके बाद ही बाजार फिर नई ऊंचाई की ओर बढ़ सकता है। रमेश दमानी की यह बात अभी तक तो सच होती ही दिख रही है। ट्रंप की वापसी से जो तेजी बाजार में आई थी वह टिक नहीं सकी। पिछले 5 सत्रों में बाजार ने लगातार गिरावट ही देखी है। जानकारों के अनुसार गिरावट के पीछे कई फैक्टर्स काम कर रहे हैं। जैसे अमेरिकी बॉन्ड यील्ड्स में तेजी, घरेलू स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और कंपनियों के अतिश्योक्तिपूर्ण मूल्यांकन इनमें शामिल हैं। इसके अलावा विदेशी निवेशक लगातार घरेलू बाजार से पैसा निकाल रहे हैं जिसका सीधा संबंध अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और मजबूत होते डॉलर से है। इस महीने के शुरुआती 5 ट्रेडिंग सेशन में एफपीआई ने भारतीय बाजार से करीब 20,000 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं।

## भारत का स्मार्टफोन बाजार 6 फीसदी बढ़कर 4.6 करोड़ यूनिट हुआ

**- भारत में स्मार्टफोन का जलवा, प्रीमियम सेगमेंट में विवो और एप्पल ने बढ़ाई बाजार हिस्सेदारी**



**नई दिल्ली ।**

जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में भारत का स्मार्टफोन मार्केट 6 फीसदी की ग्रोथ के साथ 4.6 करोड़ यूनिट पर पहुंच गया। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस तिमाही में वीवो सबसे आगे रही, जबकि टॉप 10 ब्रांड्स में आईक्यू ने सबसे ज्यादा ग्रोथ दर्ज की। बाजार में चीनी कंपनियों का दबदबा रहा, और टॉप ब्रांड्स ने कुल 72 फीसदी मार्केट शेयर हासिल किया। आईडीसी के ग्लोबल मोबाइल फोन ट्रैकर के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में एप्पल ने 8.6 फीसदी और सेमसंग ने 12.3 फीसदी मार्केट शेयर हासिल किया। एप्पल ने इस तिमाही में अपनी सबसे बड़ी 40 लाख यूनिट की सेल दर्ज की, जिसमें आईफोन-15 और आईफोन-13 मॉडल्स टॉप पर रहे। वैल्यू के हिसाब से एप्पल का मार्केट शेयर 28.7 फीसदी और सेमसंग का 15.2 फीसदी रहा, जिससे एप्पल की लीड और बढ़ गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रीमियम सेगमेंट (50,000 से 68,000) रुपए में 86 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की गई और इसकी हिस्सेदारी 2 फीसदी से बढ़कर 4 फीसदी हो गई। इस सेगमेंट में एप्पल का मार्केट शेयर बढ़कर 71 फीसदी हो गया, जबकि सेमसंग का शेयर घटकर 19 फीसदी रह गया। टॉप मॉडल्स में आईफोन 15/13/14, गैलेक्सी एस 23 और वन प्लस 12 शामिल रहे। 16,000 से 35,000 रुपए के एंट्री-लेवल प्रीमियम सेगमेंट में 42 फीसदी की ग्रोथ हुई और कुल सेल्स में इसका 28 फीसदी योगदान रहा।

## नई टाटा एसयूवी की बढ़ी मांग, बुकिंग के तीन महीने बाद ही मिल पाएगी गाड़ी

**नई दिल्ली।**




नई टाटा एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है। कंपनी इन वाहनों को समय पर डिलेवर भी नहीं कर पा रही है। वेटिंग लिस्ट इतनी लंबी हो गई है कि तीन महीने बाद ही ग्राहक को एसयूवी मिल पाएगी। बता दें कि दिग्गज कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने भी कुछ महीने पहले अपनी स्टाइलिश कूप-एसयूवी कर्व को भारतीय मार्केट में लॉन्च किया था। ग्राहकों के लिए टाटा कर्व इलेक्ट्रिक, पेट्रोल और डीजल तीनों वेरिएंट में उपलब्ध है। लॉन्च होने के बाद से ही लगातार टाटा कर्व की डिमांड में तेजी देखी जा रही है। बता दें कि टाटा कर्व 5,351 यूनिट एसयूवी की बिक्री करके बीते महीने यानी अक्टूबर, 2024 में कंपनी की तीसरी बेस्ट-सेलिंग कार रही। न्यूज वेबसाइट ऑटोकार इंडिया में छपी एक खबर के अनुसार, इस बढ़ती डिमांड की वजह से नवंबर महीने में टाटा कर्व का वेटिंग पीरियड 3 महीने तक बढ़ गया है। आइए जानते हैं वेरिएंट वाइज टाटा कर्व के वेटिंग पीरियड के बारे में विस्तार से।

अगर टाटा कर्व ईवी की बात करें तो इसके सभी वेरिएंट का वेटिंग पीरियड 4 हफ्ते तक है। बता दें कि अधिकांश टाटा आउटलेट्स पर कर्व ईवी की पर्याप्त डिलीवरी हुई है जिससे ग्राहकों को जल्दी कार की आपूर्ति हो रही है। बता दें कि टाटा कर्व ईवी सिंगल चार्ज पर अपने ग्राहकों को अधिकतम 585 किलोमीटर तक ड्राइविंग रेंज देने का दावा करती है। दूसरी ओर डीजल इंजन से लैस टाटा कर्व स्मार्ट, प्योर, क्रिएटिव और एक्म्प्लिश्ड वेरिएंट में उपलब्ध है। बता दें कि मैनुअल गियरबॉक्स वाले एंट्री-लेवल कर्व स्मार्ट का वेटिंग पीरियड 2 महीने से थोड़ी अधिक है। वहीं, मैनुअल गियरबॉक्स वाले कर्व डीजल के अप्योर, क्रिएटिव और एक्म्प्लिश्ड का वेटिंग पीरियड 1 महीने से थोड़े अधिक है। जबकि कर्व डीजल ऑटोमैटिक के सभी वेरिएंट के लिए वेटिंग पीरियड लगभग 2 महीने है।

## स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने सेबी एंजेल फंड्स के नियम बनाएगी आसान

**सेबी जल्द ही एंजेल फंड्स में नए निवेशकों को शामिल करने की दे सकता है अनुमति**

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एंजेल फंड्स के लिए नए नियम बनाने की संभावना जताई है। अब इनवेस्टर्स की चर्चा में है कि सेबी, एंजेल फंड्स में नए निवेशकों को भी शामिल करने की अनुमति दे सकता है। अब तक, इनवेस्टमेंट सिर्फ मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए ही उपलब्ध था, लेकिन ऐसा हो सकता है कि हिंदू उत्तरी परिवार, फैमिली ट्रस्ट और एकल मालिकाना फर्म जैसे नए सेक्टरों को भी एंजेल फंड्स में जगह मिले। एंजेल फंड्स का मुख्य उद्देश्य स्टार्टअप्स में निवेश करना है और सेबी के इस कदम से इसमें नए निवेशकों के लिए अवसरों की वृद्धि हो सकती है। आईये, हम देखते हैं कि ये कानूनी कदम क्या संदेश देते हैं। सेबी द्वारा प्रस्तावित नियमों में छूटें और शर्तें समेटी गई हैं जो एंजेल फंड्स को आकर्षित बना सकती हैं। सेबी ने एंजेल फंड्स के लिए मुख्य प्रस्ताव दिए हैं - मिनिमम इन्वेस्टमेंट, कॉर्पस के मामूलीकरण, लॉक-इन पीरियडों की प्रतिबंध कम करना और विविधता की सीमा को हटाना। इससे एंजेल फंड्स और भी प्रोफेशनल और उपयुक्त बन सकते हैं, जो निवेशकों को भी नया और अच्छा अवसर प्रदान कर सकते हैं। यदि ये नए नियमन स्थापित हो जाते हैं, तो एंजेल फंड्स के लिए एक नया दौर आ सकता है। इन्वेस्टर्स को निवेश के लिए और अधिक रुचि लेने के लिए ऐसे सुधार करने से समाज को एक नया चेहरा देखने को मिलेगा। हमारी समस्याओं का समाधान केवल सरकारी कदमों से होना चाहिए, परन्तु इनेवेस्टर्स के लिए नियमन के इस नए चेहरे ने एक सकारात्मक संकेत दिया है कि हमारी मुसीबतों का समाधान सामाजिक उत्थान में भी समाहित हो सकता है। इसे जोड़कर, सेबी की इस नई सोच ने यह साबित किया है कि भारत समृद्धि की राह में एक कदम और आगे बढ़ रहा है।

## शादियों के सीजन में सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**- सोने के भाव 73,850 रुपए, चांदी 88,000 रुपए के करीब**

**नई दिल्ली ।**

सोने-चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को सुस्ती देखी जा रही है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 73,850 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 487 रुपये की गिरावट के साथ 73,995 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 615 रुपये की गिरावट के साथ 73,867 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 73,996 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 73,840 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 197 रुपये की गिरावट के साथ 89,000 रुपये पर खुला। इस समय यह 1,191 रुपये की गिरावट के साथ 88,006 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,000 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,003 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,578.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,586.50 डॉलर प्रति औंस था। इस खबर लिखे जाने के समय यह 21.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,565.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.41 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.66 डॉलर था। इस समय यह 0.44 डॉलर की गिरावट के साथ 30.22 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## निवा बूपा का शेयर छह प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**कंपनी के शेयर का बीएसई पर 78.50 रुपये बढ़कर 80.94 रुपए हो गया**

**नई दिल्ली ।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने गुरुवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के साथ उछाल देखा। कंपनी के शेयर का मूल्य बीएसई पर 78.50 रुपये बढ़कर 80.94 रुपये पर पहुंच गया। इसके अलावा एनएसई पर भी शेयर की कीमत में वृद्धि देखी गई। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,069.93 करोड़ रुपये था। इसका बड़ा हिस्सा आईपीओ के दौरान नए शेयर और बिक्री पेशकश के माध्यम से इकट्ठा हुआ। आईपीओ में 70-74 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा था। कंपनी ने पहले 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई थी, परंतु बाद में उसने निर्गम का आकार घटा दिया। कंपनी में बूपा सिंगापुर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की 62.19 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि फेटल टोन एलएलपी की 26.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस उछाल ने बाजार में धूम मचा दी है और निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के व्यापक विकास की संभावनाओं को स्पष्ट किया है।




## आईसीआईसीआई बैंक ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में किया कुछ बदलाव

**- सालाना ब्याज दर 45 प्रतिशत रखी गई**

**मुंबई ।** नवंबर महीने में विभिन्न नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की गई है। आईसीआईसीआई बैंक ने भी अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। इन बदलावों के तहत क्रेडिट कार्ड के उपयोग से उससे जुड़े फाइनेंस चार्ज, लेट पेमेंट चार्ज, एजुकेशन और यूनिटलिटी ट्रांजैक्शन पर नए नियम लागू होंगे। ऐसे ही आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ओवरड्राफ्ट और कैश एडवांस से जुड़े नियमों में भी परिवर्तन किए हैं। यदि आप 1 महीने से ज्यादा उधार लेते हैं, तो आपको 3।75 प्रतिशत ब्याज देना होगा। सालाना ब्याज दर 45 प्रतिशत रखी गई है। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड के जरिए किसी भी स्कूल या कॉलेज में इंटरनेशनल एजुकेशन फीस भुगतान करने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा। हालांकि, एजुकेशन पेमेंट के लिए थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन का उपयोग करने पर आपको 1 प्रतिशत का चार्ज देना पड़ेगा। इन बदलावों के जानकारी को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद, क्रेडिट कार्ड का सही तरीके से उपयोग करना जरूरी है। आपको इन नए नियमों के अनुसार अपनी व्यवस्थाओं को संशोधित करने की आवश्यकता हो सकती है।

## डॉ रेड्डीज पर 27 लाख का जुर्माना

**कंपनी ने निर्धारित दिशानिर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं किया**

**नई दिल्ली ।** भारतीय बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज पर मेक्सिको के दवा नियामक द्वारा 27 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है क्योंकि उन्होंने निर्धारित दिशानिर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं किया। हैदराबाद स्थित कंपनी ने इस मामले में शेयर बाजार को सूचित किया। इस मामले में इनवॉइस के बिल की तारीख में हुई त्रुटि और आयात लाइसेंस के विरुद्ध संदर्भ मानक के नाम में त्रुटि को लेकर जुर्माना लगाया गया है। यह मामला कंपनी के लिए एक चुनौती साबित हो सकता है जिससे उन्हें पालन की दिशा में सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती है। डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज की ओर से इस मामले में किए गए उल्लंघन के विषय में कोई जानकारी अभी तक उपलब्ध नहीं है। हालांकि, यह मामला दिखता है कि दवा कंपनियों को अपनी कारोबारिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है।

## होंडा सीबी350 बाइक का निर्यात अब यूरोप में

**नई दिल्ली ।** बीते दिनों भारतीय बाजार में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने 2023 में सीबी350 को लॉन्च किया था। इस बाइक का निर्यात अब यूरोप में शुरू करने जा रही है, जहां इसे होंडा जीबी350एस के नाम से पेश किया गया है। यह मॉडल ईआईसीएमए 2024 में माय2025 लाइनअप का हिस्सा बनकर प्रदर्शित हुआ था। होंडा ने होंडा जीबी350एस का प्रोडक्शन भारत में किया है, और यह पहले से जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में बेची जा रही है। यूरोप में इसके लॉन्च से कंपनी की वैश्विक उपस्थिति को और बढ़ावा मिलेगा, खासकर क्लासिक बाइक सेगमेंट में। यूरोपीय बाजार में इसका मुकाबला रॉयल इनफिल्ड क्लासिक 350 और बेनेली इंपेरियल 400 जैसी बाइक से होगा। होंडा जीबी350एस का डिजाइन भारतीय मॉडल जैसा ही है, जिसमें क्लासिक स्टाइलिंग और फॉर्क गेटर्स, टीयर-ड्रॉप फ्यूल टैंक, रिब्ड सीट और ब्लैक एग्जॉस्ट जैसी विशेषताएँ हैं। होंडा जीबी350एस में ऑल-एलईडी लाइटिंग, डिजिटल रीडआउट वाला इंस्ट्रूमेंट कंसोल, और यूएसबी चार्जिंग पोर्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स भी मिलते हैं। यूरोप में यह बाइक पियरल दीप मड ग्रे, गनमेटल ब्लाक मेटालिक और पुको ब्ल्यू रंगों में उपलब्ध होगी। हालांकि, यूरोपियन वर्जन में 19-इंच फंट और 17-इंच रियर कैस्ट एल्यूमिनियम व्हील्स दिए गए हैं, जबकि भारतीय वर्जन में रियर व्हील 18 इंच का होता है। इस बाइक में 348 सीसी सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन है, जो 20.7 बीएचपी पावर और 29 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। इंजन को 5-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है। इसमें डिस्क ब्रेक्स और डुअल-चैनल एबीएस भी हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। शेयर बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहना रहा है। वैश्विक दबाव और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार नीचे आया है। कारोबार के अंत में एफएमसीजी, पीएसयू बैंक, फार्मा, और मेटल क्षेत्र में बिकवाली दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 110.64 अंक करीब 0.14 फीसदी टूटकर 77,580.31 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 26.35 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 23,532.70 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 91.20 अंक करीब 0.18 फीसदी ऊपर आकर 50,179.55 पर पहुंच गया। निफ्टी मिडकैप अंत में 242.25 अंक तकरीबन 0.45 फीसदी बढ़कर 54,043.10 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 142.15 अंक या 0.81 फीसदी बढ़ने के बाद 17,601.05 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, रियलिटी, मीडिया, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा सेक्टर में खरीदारी और इसके शेयर ऊपर आये जबकि पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाल से गिरावट रही।

कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एम एंड एम, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स और जेएसडब्ल्यू स्टील सबसे अधिक लाभ वाले रहे। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, एनटीपीसी, नेस्ले इंडिया, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 शेयर लाभ पर बंद हुए। रिलायंस, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एचडीएसफसी बैंक सेंसेक्स के टॉप-5 गेनर्स रहे। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, जेएसडब्लयू स्टील, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर भी उपर आये।

दूसरी ओर 30 शेयरों में से 20 शेयर गिरावट पर बंद हुए। एचयूएल, नेस्ले इंडिया, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक और पावर ग्रिड सेंसेक्स सबसे धिक नुकसान वाले शेयर लूजर्स रहे।




**इससे पहले आज सुबह**

सेंसेक्स और निफ्टी हल्की बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 106 अंकों की बढ़त के साथ 77,797 पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 में 26.55 अंकों की बढ़त देखी गई और यह 23,585 पर कारोबार करता नजर आया। प्री-ओपनिंग सेशन में गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 में गिरावट दर्ज की गई। प्री-ओपन में बीएसई सेंसेक्स 50 अंक गिरकर 77,643 पर आ गया, जबकि निफ्टी 50 16.90 अंक की गिरावट के साथ 23,542 पर कारोबार करता दिखा।

## सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स हाइड्रोजन-पावर डीआरआई पायलट परियोजना करेगा विकसित

**- प्रोजेक्ट का कुल व्यय 230 करोड़ रुपए होगा**

**नई दिल्ली ।** सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स ने एक सरकारी पहल के तहत भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने हरित हाइड्रोजन से चलने वाले डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) पायलट संयंत्र के विकास के लिए सरकार के साथ मिलकर अपनी सहायता को दर्शाया है। इस परियोजना में उनके साझेदारों ने भी विशेषज्ञता प्रदान करने का वायदा किया है। प्रोजेक्ट का कुल व्यय 230 करोड़ रुपये है, जिसमें सरकार 70 फीसदी वित्तपोषण देगी। यह परियोजना आगे बढ़ने की दिशा में एक बड़ी उम्मीद का संकेत है। इस परियोजना के माध्यम से हरित हाइड्रोजन के उपयोग से प्रदूषण की मात्रा को कम करने में मदद मिलेगी और भारत की ऊर्जा स्वायत्तता में भी महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। सरकार ने इस परियोजना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न घटकों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं, जो अब जल्द ही उसे बढ़ावा देंगे। सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स और उनके साझेदारों के अनुसार, यह परियोजना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक नई दिशा का संकेत है, जो आने वाले वर्षों में भूमिका निभा सकती है। इस परियोजना से जुड़े सभी संबंधित स्थानीय और राष्ट्रीय अंशों को ध्यान में रखते हुए, इसे सफलता की दिशा में अग्रसर होना जरूरी है।

## अक्टूबर में थोक 2.36 फीसदी तो रिटेल महंगाई 6.21 फीसदी पहुंची

**-बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं पर पड़ेगा बोझ, जेब होगी खाली**

**नई दिल्ली।**

अक्टूबर में भारत में थोक महंगाई में बढ़ोतरी हुई है। अक्टूबर में यह महंगाई 2.36 फीसदी पर पहुंच गई, जो सितंबर में 1.84 फीसदी थी। इसके साथ ही अगस्त में यह दर 1.31 फीसदी थी। यह सभी सरकारी आंकड़ों में बताए गए हैं। इस बढ़ोतरी से पता चला है कि उत्पादन क्षेत्रों पर महंगाई का दबाव बढ़ सकता है, जो अंततः उपभोक्ताओं पर असर डाल सकता है जिससे लोगों की जेब खाली होगी। जब थोक महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती है, तो निर्माता अक्सर अपनी बढ़ी हुई लागतों का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी करते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक रिटेल महंगाई भी अक्टूबर में बढ़कर 6.21 फीसदी तक पहुंच गई, जो पिछले 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर है। यह बढ़ोतरी विशेष रूप से खराब मौसम और सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुई। सितंबर में रिटेल महंगाई 5.49 फीसदी थी, जो अब अक्टूबर में बढ़ी है। इससे यह साफ है कि उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों और अन्य जरुरी वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। थोक महंगाई में यह बढ़ोतरी प्रमुख रूप से फैक्ट्री से जुड़े उत्पादों, जैसे मेटल, केमिकल, प्लास्टिक और रबर में देखी गई है। इन उत्पादों का थोक मूल्य महंगाई में ज्यादा वेटेज है, जिससे निर्माता इन लागतों को बढ़ाकर उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं। अगर थोक महंगाई लगातार बढ़ती रहती है, तो इसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी हो सकता है, जिससे उत्पादन और उपभोक्ता खर्च दोनों पर असर हो सकता है। सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं ताकि थोक महंगाई को नियंत्रित किया जा सके। जैसे कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के दौरान सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी। हालांकि सरकार टैक्स



कटौती को सीमित रूप में ही कर सकती है। इसकी वजह यह है कि ज्यादा टैक्स कटौती से राजस्व में कमी हो सकती है, जो सरकारी योजनाओं पर असर डाल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस वित्तीय वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 4.5 फीसदी रखा है, लेकिन आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई में कमी आ रही है, हालांकि इसकी प्रगति धीमी और असमान है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की महंगाई और आर्थिक विकास की स्थिति संतुलित है, लेकिन सरकार और आरबीआई को सतर्क रहना होगा ताकि महंगाई नियंत्रण में रहे सकें।

## स्पाइसजेट ने कनाडा की ईडीसी के साथ विवाद सुलझाया


**- 6.83 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बचत होगी**

**नई दिल्ली ।**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा (ईडीसी) के साथ 9.08 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सुलझा लिया है। इस समाधान के तहत कंपनी द्वारा 2.25 करोड़ अमेरिकी डॉलर में 13 क्यू400 विमानों का स्वामित्व लिया जाएगा, जिससे 6.83 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बचत होगी। यह विकल्प कंपनी के लिए मजबूती का स्रोत होगा और क्यू400 विमानों को नियमित सेवाओं में वापस लाने में मदद मिलेगी। बताया गया है कि ईडीसी के साथ 9.08 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद 2.25 करोड़ अमेरिकी डॉलर में पूरी तरह से हल हो गया है। स्पाइसजेट के एक वेरिष्ठ अे धिकारी ने इसे एक मजबूत बही-खाते के साथ विमानन कंपनी के आगे बढ़ने में मददगार साबित किया। उन्होंने यह भी जताया कि इस समाधान से परिचालन लागत को कम करने में सहायता मिलेगी। इस समाधान के बाद कंपनी के परिचालन बेड़े के बारे में अभी कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। स्पाइसजेट अब क्यू400 विमानों को सेवाओं में वापस लाने के साथ अपनी प्रेरणा को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित है।

# गर्लफ्रेंड के लिए शादी के 11 दिन बाद छोड़ा

## पत्नी से कहा, अपना रास्ता देख लो मैं तुम्हें नहीं रख सकता, लड़की के भाई-मामा की पिटाई


भागलपुर । गर्लफ्रेंड के लिए एक युवक ने अपनी पत्नी को शादी के 11 दिन बाद छोड़ दिया। युवक का अफेयर 2019 से उड़ीसा की एक लड़की से है। इसी कारण उसने पत्नी को अलग रहने का फरमान सुनाया है। पत्नी से कहा कि 'तुम अपना रास्ता देख लो मैं किसी और से प्यार करता हूं। मैंने परिवार वालों के दबाव में शादी की थी।' पीड़िता संध्या की शादी 11 मार्च को संतोष से हुई थी। पीड़िता के अनुसार तीन माह पहले थाने में केस किया था, पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को लड़की पक्ष के लोग लड़के के घर गए थे। जहां लड़की वालों की पिटाई कर दी गई। धारदार हथियार से हमला किया। संख्या का भाई और मामा घायल गए। इन्हें मायागंज रेफर किया गया है। आज गुरुवार को महिला थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता संध्या कुमारी ने कहा कि पति के अफेयर की जानकारी उसके परिवार वालों को पहले से थी। शादी में मेरी मां के 25 लाख रुपए खर्च हो गए। होली के बाद मेरे पति ड्यूटी पर चले गए। वे मुंबई सेंट्रल में रेलवे के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हैं। मेरे देवर ने मैसेज दिखाया है। जिसमें प्रूफ है कि उसका 2019 से अफेयर चल रहा। हमलोगों को लगा था कि सब ठीक हो जाएगा। मेरी सास ने मेरा सारा जेवर चोरी कर लिया। मेरे देवर मुझे प्रताड़ित करते हैं। मेरे तीन मोबाइल तोड़ दिए। महिला थाना सपोर्ट नहीं कर रही है। पुलिस पैसों की भूखी है। संध्या की मां ने कहा कि 26 मार्च को ट्रेन पकड़कर दामाद गया था। उसके बाद फोन कर के मेरी बेटी को बोला तुम अपना रास्ता देखो मेरे जिंदगी में कोई और है। कहता है लड़की पागल है। मामा सौरभ कुमार ने कहा कि पंचायती के लिए गोपाल मंडल भी आने वाले थे। लड़का लड़की को नहीं रखना चाह रहा। वो कहता है हम दूसरे लड़की के चक्कर में है, तुम्हें नहीं रख पाएंगे। मेरी बच्ची पर गलत इल्जाम लगाया जा रहा है। बरारी थाना अध्यक्ष अभय शंकर ने बताया कि दोनों पक्षों से केस दर्ज कराया गया है। लड़का पक्ष ने केस में लड़की पक्ष

## रिहायशी इलाके में घुसा जंगली जानवर, किया रेसेक्यू



नालंदा । बिहार शरीफ के गढ़पुर मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक सियार की एंट्री हुई, जिसके बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। जंगल की ओर से आया सियार एक घर के बाथरूम में जाकर बैठ गया। इसके बाद गांव के लोगों ने वन विभाग को सियार के हमले और घर में घुसने की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने सियार को पकड़ लिया। वनकर्मी ने बताया कि करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सियार को पिंजरे में कैद किया गया। अब उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। सियार गढ़पुर के रहने वाले वेद प्रकाश के घर में घुसा था। उन्होंने बताया कि पहले बाहर लोगों का शोर सुना था। बाद में पता चला कि मेरे घर के अंदर सियार घुसा है। काफी सावधानी से जब खोजबीन की गई, तो पता चला कि सियार बाथरूम में छिपकर बैठा था। सुबह सियार को देखते ही इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग अपने घरों में दुबक गए। वेद प्रकाश ने बताया कि सियार को बाथरूम में देखने के बाद दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया।

वन विभाग के आने तक सियार को देखने के लिए आसपास के कुछ लोगों की भीड़ जुट गई थी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी मोनू कुमार अकेला ने बताया की सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची और आधे घंटे की मशक्कत के बाद सियार को पिंजरे में कैद कर लिया।

# सेमीफाइनल दौड़ में रोमांचक मोड़

## अपनी दावेदारी मजबूत करने उतर रही टीमें




नालंदा। एक दिन के विश्राम के बाद एशियन वीमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज फिर से रोमांच की वापसी होगी। टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। जहां सेमीफाइनल की दौड़ में कई टीमें अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए मैदान में उतरी हैं। कोरिया की टीम, जो वर्तमान में एक अंक के साथ चौथे स्थान पर है। मलेशिया के विरुद्ध बड़ी जीत की तलाश में होगी। कप्तान चीयोन यूनबी के नेतृत्व में टीम ने भारत और जापान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। वहीं, मलेशिया की टीम अभी तक खाता भी नहीं खोल पाई है। दिन का सबसे रोचक मुकाबला होगा चीन और जापान के बीच। चीन की टीम, जिसने अब तक 20 गोल दागे हैं, सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान में उतरेगी। जापान, जो दो ड्रॉ के साथ संघर्ष कर रहा है, अपनी आक्रामक रणनीति पर भरोसा करेगा। मेजबान भारत, जो चीन के साथ छह अंकों के साथ शीर्ष पर है, थाईलैंड के खिलाफ अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगा। हालांकि, थाईलैंड ने जापान के खिलाफ अपने पिछले मैच में दिखाया है कि वह किसी भी बड़ी टीम को चुनौती दे सकता है। टूर्नामेंट के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर हर टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। विशेष रूप से कोरिया और जापान के लिए यह दिन निर्णायक साबित हो सकता है, जबकि भारत और चीन अपनी स्थिति और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

# बिहार का पहला 6 लेन केबल ब्रिज

## बेगूसराय में गंगा नदी पर बन रहा एशिया का सबसे चौड़ा पुल, 11 जिलों की कम होगी दूरी



बेगूसराय। बिहार का पहला और एशिया का सबसे चौड़ा 6 लेन केबल ब्रिज बनकर लगभग तैयार है। केबल ब्रिज यानी एक्स्ट्रा डोजेज स्टे सड़क-पुल पर अप्रैल 2025 से आवाजाही शुरू हो जाएगी। ब्रिज के शुरू होने के बाद मोकामा का औंटा और बेगूसराय का सिमरिया आपस में जुड़ जाएगा। गंगा नदी पर बन रहे इस पुल का काम करीब 92 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। संभावना है कि मार्च 2025 तक ये पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। यह ब्रिज 1161 करोड़ की लागत से 1.865 किलोमीटर लंबे और दोनों ओर एप्रोच रोड बनाया जा रहा है। एप्रोच रोड और ब्रिज को मिलाकर इसकी लंबाई कुल 8.15 किलोमीटर हो जाएगी। इस ब्रिज का शिलान्यास पीएम नरेन्द्र मोदी ने साल 2017 में किया था। इसके बाद 11 अगस्त 2018 को वेलस्पन इंटर प्राइजेज के तहत एसपी सिंगला कंट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया गया था। सिक्स लेन सड़क पुल के दोनों ओर यानी औंटा से हाथीदह और सिमरिया बिंदटोली से राजेन्द्र पुल स्टेशन के पास एनएच-31 तक अन्य प्रोजेक्ट्स भी अंतिम चरण में हैं। इसमें एक रेल ओवर ब्रिज (आरओबी), 2 रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 6 वेकल अंडर ब्रिज (वीयूबी) शामिल है। हाथीदह जंक्शन के पास आरओबी का निर्माण तेजी से चल रहा है। यहां नेशनल हाई-वे-80 के ऊपर से एनएच-31 गुजरेगा। एशिया के सबसे चौड़े इस ब्रिज का पूरा लोड केबल पर ही रहेगा। नई तकनीकी से बन रहे इस पुल की चौड़ाई 34 मीटर होगी, जिससे आवाजाही और अधिक आसान हो जाएगी। पुल पर दोनों साइड 13-13 मीटर चौड़ी तीन-तीन लेन रहेगी, जबकि दोनों साइड डेढ़ मीटर चौड़ा फुटपाथ भी होगा। जिस पर पैदल, साइकिल या बाइक सवार चल सकेंगे। शाम या रात के वक्त रोशनी की भी व्यवस्था रहेगी। इससे पहले इस ब्रिज का निर्माण दो बार फेल हो चुका है। पुल निर्माण शुरू होने के बाद इसे 42 महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन अलग-अलग कारणों की वजह से इसे तय समय पर पूरा नहीं किया जा सका। पहले निर्माण कार्य को मार्च 2022 और फिर दिसंबर 2023 में पूरा किया जाना था, लेकिन दोनों बार पुल निर्माण पूरा नहीं किया जा सका। अधिकारियों के अनुसार, कोरोना और बार-बार हुई गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की वजह से काम पर ब्रेक लगा दिया था। ब्रिज के बनने से उत्तर बिहार (दरभंगा समस्तीपुर, सहरसा, मधुबनी), दक्षिणी बिहार (लखीसराय, शेखपुर, जमुई, नवादा, गया) और पश्चिम बिहार (पटना, आरा, बक्सर) के बीच की दूरी कम हो जाएगी। देश की आजादी के बाद जब गंगा नदी पर पुल बनने की बात आई थी, तो सबसे पहला पुल सिमरिया में ही बना था।

## लखीसराय में बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन



लखीसराय । पहली बार तीन दिवसीय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन 14, 15, और 16 नवंबर 2024 को किया गया है। इसका उद्घाटन डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने किया। महोत्सव में फिल्मी जगत की कई प्रमुख हस्तियां हिस्सा ले रही हैं। बच्चों को फिल्म में करियर की जानकारी दी जाएगी। आयोजन की देखरेख डीएम मिथिलेश मिश्र और संयोजक रविराज पटेल कर रहे है। कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है। उद्घाटन सत्र में लखीसराय संग्रहालय में साल 2021 में बनी नेपाली-हिंदी फिल्म 'द साइलेंट इको' और 2023 में बनी हिंदी फिल्म 'शेरा' का प्रदर्शन किया जाएगा। दिल्ली के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म समीक्षक दीपक दुआ और मुंबई के अभिनेता व फिल्म निमार्ता विकास कुमार सिनेमा में करियर के विषय पर बच्चों के साथ संवाद करेंगे। जिला प्रशासन ने विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों से 100 बच्चों का चयन कर उन्हें मुफ्त एंट्री दी गई है। महादेव टाकीज और राज सिनेमा में बच्चों के लिए 'तारे जमीन पर,' 'आइ एम कलाम,' 'बिट्टू,' और 'इकबाल' जैसी फिल्में भी दिखाई जाएंगी।

## संक्षिप्त डायरी

### सीमेंट कारोबारी की पत्नी को बंधक बनाकर लूट, लाखों नकद सहित 15 लाख की संपत्ति ले भागा



नालंदा। बिहार शरीफ में एक सनसनीखेज वारदात ने शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार थाना क्षेत्र के चौखंडी मोहल्ले में स्थित प्रमुख सीमेंट कारोबारी सौरव अग्रवाल के घर में गुरुवार दोपहर को एक नकाबपोश बदमाश ने धावा बोल दिया। बदमाश ने घर में अकेली मौजूद उनकी पत्नी श्रेया अग्रवाल को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर लगभग 15 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली। पीड़िता ने बताया कि दोपहर के समय वह अपने घर में मोबाइल फोन पर व्यस्त थी। इसी दौरान एक नकाबपोश व्यक्ति अचानक सामने प्रकट हुआ और चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बदमाश ने घर से कई सामान लूटा, इनमें तीन सोने की चेन, चार सोने की चूड़ियां, तीन पायल, चार सोने की अंगूठियां, छह कान के आभूषण, एक मोबाइल फोन और 4.35 लाख रुपये नकद ले गया। विशेष रूप से चिंताजनक यह है कि अपराधी सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गया, जिससे उसकी पहचान करना और भी मुश्किल हो गया है। घटना के समय सौरव अग्रवाल अपनी दुकान पर थे, जबकि उनका परिवार उनकी मां के ऑपरेशन के लिए दो दिन पहले सूरत गया हुआ था। श्रेया अग्रवाल घर में अकेली थी, जिसका फायदा बदमाश ने उठाया। बिहार शरीफ थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़िता की शिकायत पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### आरा के व्यक्ति का सहरसा में शव बरामद, पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कार्रवाई में जुटी पुलिस



सहरसा। जिले से होकर गुजरने वाले सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग स्थित मध्य विद्यालय बेला बगरौली के समीप अज्ञात शव बरामद होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। शव की पहचान आरा जिले के उदंत नगर थाना क्षेत्र के शुरसुआ गांव निवासी 40 वर्षीय बृजभूषण सिंह पिता स्वर्गीय सत्येंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, मामले की जानकारी परिजनों को भी दे दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दो दिन पहले घटना स्थल के आसपास मृतक को घूमते देखा गया था। जो देखने से मानसिक रूप से विक्षिप्त नजर आ रहे थे। हालांकि, परिजनों के आने के बाद ही मृतक की सही जानकारी सामने आएगी। आखिर वह कब और कैसे यहां पहुंचा। घटना के बाद लोगों के बीच कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। कोई ठंड से तो कोई भूख से मौत की बात कह रहे हैं। हालांकि, यह लोगों का कहना है। सही जानकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही सामने आएगी। शव मिलने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। लेकिन पहचान नहीं हो पा रही थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस मृतक की पहचान कर पाई। पुलिस परिजन के आने का इंतजार कर रही है। इस बाबत प्रशिक्षु डीएसपी सह बिहरा थानाध्यक्ष दयानंद कुमार ने बताया कि बुधवार देर रात शव होने की जानकारी मिली। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए थाना लाया। जहां शव को सुरक्षित रखा गया है। परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 साल है। वह कई साल से मानसिक रूप से बीमार था। कई साल से घर से बाहर इधर-उधर घूमते रहते थे। इसी दौरान वह इधर आ गए। संभवतः ठंड के कारण मौत हो गई है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने कहा कि परिजन आरा से शव प्राप्त करने के लिए विदा हो गए हैं। उन लोगों के आने के बाद अग्रतर कार्रवाई कर शव सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## राजगीर महोत्सव 30 से 2 दिसंबर तक होगा



नालंदा। बिहार की प्राचीन नगरी राजगीर में 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक राजगीर महोत्सव है। जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन की ओर से इस तीन दिवसीय आयोजन को अभूतपूर्व बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आरआईसीसी और हॉकी मैदान के पास प्रमुख कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इस वर्ष के महोत्सव में विशेष आकर्षण के रूप में सर्व धर्म मंगलाचरण, सद्भावना मार्च और परंपरागत तांगा-पालकी सज्जा को शामिल किया गया है। नालंदा जिला अपर समाहर्ता मंजीत कुमार ने बताया कि महोत्सव में कृषि मेला, व्यंजन मेला और महिला महोत्सव जैसे विशेष आयोजन भी होंगे। स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था, पार्किंग, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ ही शहर की सड़कों की मरम्मत और विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। महोत्सव को और आकर्षक बनाने के लिए निजी भवनों, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों की सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को पुरस्कृत करने की भी योजना है। जिला प्रशासन के राजगीर महोत्सव न केवल स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगा। हम आशा करते हैं कि इस वर्ष का महोत्सव पिछले सभी आयोजनों से बेहतर होगा।

# डिप्टी सीएम और मंत्री ने सफाईकर्मियों के पैर धोए

## जमुई में बुजुर्ग कर्मियों को किया सम्मानित, कल जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम





पटना। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को जमुई में सफाईकर्मियों के पैर धोए। कल यानि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई आएंगे। उनके दौरे से पहले डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और दिलीप जायसवाल शहर पहुंचे। यहां के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। सफाई अभियान में शामिल दोनों मंत्रियों ने बुजुर्ग सफाईकर्मियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि देश के शहर, गांव, गली-मोहल्ले से लेकर घरों और इलाकों की साफ-सफाई का जिम्मा उठाने वाले सफाई कर्मी इसके हकदार हैं। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि 'स्वच्छता हमारे जिंदगी का वो अनमोल धरोहर है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। 21वीं सदी में भारत के सपने को साकार करने में हम प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साकार करते हैं। महात्मा गांधी ने भी इस अभियान को बड़ी गंभीरता से लिया था।' इस दौरान राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'बेहतर जन जागरूकता अभियान का प्रारंभ होना चाहिए। इस अभियान में सभी लोग हिस्सा लें।' सफाईकर्मियों के पैर धोने के बाद डिप्टी सीएम और मंत्री ने कचहरी चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा को भी पानी से धोया।

प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एक दिन पहले जमुई जिला मुख्यालय के महावीर वाटिका में एनडीए की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में बीजेपी, जेडीयू और लोजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जनजातीय गौरव दिवस में बल्लूपुर मैदान में होगी पीएम मोदी की सभा बल्लूपुर मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर 15 नवंबर यानी कल पीएम मोदी की जनसभा होगी। जनसभा को लेकर एक दिन पहले हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 'आजादी के बाद पहली बार इस देश में किसी प्रधानमंत्री ने अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। प्रधानमंत्री ने उन लोगों के कल्याण को लेकर जो संकल्प लिया उसे साकार करने का लगातार काम कर रहे हैं।

पीएम की कथनी और करनी एक है। जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से इसका संकेत हर एक व्यक्ति तक जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सबसे निचले तबके में बैठे लोगों तक प्रकाश की रोशनी पहुंचेगी।'



शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है।

# सेहत का राज बस 4 ग्लास पानी एक साथ

सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, मोटापा, बेहोशी, दमा, खांसी, लीवर की कमजोरी, पेशाब की बीमारी, गैस, कब्ज, एसीडिटी, कमजोरी, आंख की बीमारी, मानसिक रोग, महिलाओं को होने वाली बीमारियां एवं शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है। कमी है तो बस इसके जनसाधारण के बीच प्रसार की।

## पानी प्रयोग की विधि क्या है

सुबह उठकर बिस्तर में बैठ जाएं और चार बड़े ग्लास भरकर (लगभग एक लीटर) पानी एक ही समय एक साथ पी जाएं। ध्यान रहे कि पानी पीने के पहले मुंह न धोएं, न ब्रश करें तथा शौचकर्म भी न करें। पानी पीने के बाद थूकें नहीं। पानी पीने के पौन घंटे बाद आप ब्रश/दातून, मुंह धोना, शौचकर्म इत्यादि नित्यकर्म कर सकते हैं। जो व्यक्ति बीमार या कमजोर काया के हैं और वे एक साथ चार ग्लास पानी नहीं पी सकते तो उन्हें शुरूआत एक-दो ग्लास पानी से करना चाहिए तथा धीरे-धीरे चार ग्लास तक बढ़ाना चाहिए। साथ ही भोजन करने के बाद लगभग दो घंटे पानी न पिया जाए तो अति उत्तम रहेगा।

चार ग्लास पानी पीने की यह विधि स्वस्थ या बीमार, सभी के लिए अति लाभदायक सिद्ध हुई है। सकनीरा एसोसिएशन के अनुभव द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि कई बीमारियां इस प्रयोग से निम्नलिखित समय में दूर होती जाती हैं।

- मधुमेह एक माह के लगभग। ● उच्च रक्तचाप एक माह के लगभग।
- गैस दो सप्ताह के लगभग। ● टी.बी. छः माह के लगभग। ● कब्जीयत- दो सप्ताह के लगभग।

# सावधान रहें ताजातरीन सब्जियों से

**यूं तो हम हर रोज तरह-तरह की सब्जियां खाते हैं लेकिन वे ताजा होती हैं इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। हर रोज सामने आ रही बीमारियों के पीछे कहीं न कहीं एक कारण यह भी है कि आज इंसान को शुद्ध और ताजा आहार नसीब नहीं हो पा रहा। मिलावट और रसायन संरक्षण से सब्जियां भी अछूती नहीं हैं।**



सब्जी विक्रेता आज या तो रसायन में संरक्षित कर रखी गई सब्जियां बेचते हैं या फिर मुनाफे के चक्कर में लौकी जैसी सब्जियों का आकार बढ़ाने के लिए उनमें ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगा देते हैं। आहार विशेषज्ञ का कहना है कि लोगों को अपने आहार में ताजा सब्जियों का इस्तेमाल करना चाहिए और ऐसी सब्जियों के सेवन से बचना चाहिए जो बहुत दिनों से संरक्षित कर रखी गई हों। ताजा सब्जियां जहां खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं वहीं उनमें विटामिन काबोहाइड्रेट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व भी प्रचूर मात्रा में होते हैं लेकिन सावधानी यह जरूरी है कि सब्जियां सचमुच ताजा हो न कि उन्हें इंजेक्शन से ताजा बनाया गया हो। बाजार से सब्जियां खरीदते समय बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। यदि ऐसी सब्जी खरीद ली जाती है, जिसका आकार बढ़ाने के लिए या चमकदार दिखाने के लिए किसी रसायन का इस्तेमाल किया गया हो तो इससे पेट में अल्सर अम्लता और गैस बनने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सब्जियों को संरक्षित कर रख दिए जाने स

उनके पोषक तत्वों में कमी आ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे बार-बार गर्म करके रात तक इस्तेमाल किया जाता रहे। ऐसा करने से उसके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और शरीर को कोई फायदा नहीं पहुंचता। एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे कुछ घंटों के भीतर ही इस्तेमाल कर लेना चाहिए। सब्जी को फ्रिज में रख देने का मतलब यह नहीं है कि वह जरा भी खराब नहीं होगी। फ्रिज में रखी सब्जी को भी छह-सात घंटे के भीतर इस्तेमाल कर लेना चाहिए। इसके बाद उसके पोषक तत्वों में ह्रास होने लगता है।



# सिर्फ 5 आहार ठंड में रखे सदाबहार

**सर्द मौसम में व्यायाम करके अपने शरीर को गर्म व ऊर्जावान बनाए रखने के साथ ही अपने भोजन में ऐसी चीजों को शामिल करना भी जरूरी हो गया है जिनकी कम मात्रा लेने पर भी शरीर को भरपूर कैलोरी मिले। पेश है 5 ऐसे आहार जो आपको सर्दियों में तरोताजा और स्वस्थ बनाएंगे।**

### सलाद

आपके सुबह व शाम के भोजन में सलाद के लिए एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए। यदि आप कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला फूड लेना चाहते हैं तो सलाद आपके लिए बेहतर विकल्प है। सलाद के लिए प्रयोग में आने वाली कच्ची सब्जियों व फलों में एंटी ऑक्सीडेंट, नेचुरल एंजाइम्स और फाइबर्स होते हैं जो शरीर के कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही भोजन के पाचन में भी सहायक होते हैं। इससे आपका वजन भी नियंत्रित रहता है। यदि आप सेहत के प्रति जागरूक हैं तो आपको रोजाना कम से कम एक बड़ा कप हरी सलाद खानी चाहिए।

### छिलके वाली दालें

छिलके वाली दालों में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। प्रोटीन के साथ ही दालों में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन बी आदि होता है। इनका रोजाना सेवन शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है जिससे आपका वजन नियंत्रित होता है।

### पीले व खट्टे फल

फलों में सबसे अधिक गुणकारी खट्टे फल होते हैं। पीले व नारंगी रंग के फलों में बीटा केरोटिन व एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। खट्टे फल विटामिन सी, कैल्शियम, मिनरल, फाइबर्स आदि का प्रमुख स्रोत होते हैं जो शरीर के विकास के लिए उपयोगी होते हैं। नींबू में मौजूद पेक्टिन शरीर में जमा वसा को गलाता है और पाचन प्रक्रिया को भी धीमा करता है जिससे खाने के बाद भी लगने वाली भूख शांत होती है। खट्टे फलों का सेवन डाइबीटिज, कैंसर, एनीमिया, मोतियाबिंद, अस्थमा, किडनी में पथरी आदि रोगों में लाभदायक होता है। इन फलों को निरंतर सेवन से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

### तरल, जूस व ड्रिंक

भोजन के पूर्व या पश्चात यदि आप तरल पदार्थ लेने के आदी हैं तो इस सर्द मौसम में भी आप छाछ, लस्सी, दही व फरूट जूस का सेवन कर सकते हैं। दही, छाछ व ताजे फलों का रस आपके शरीर के लिए गुणकारी होता है। खट्टे फलों में नीबू का रस वजन कम करने, डेंटल केयर, बुखार, रक्त शुद्धि आदि में सहायक होता है। भोजन के बाद ली जाने वाली छाछ में दूध की अपेक्षा फैट की मात्रा कम होती है। यदि हम लिक्विड में नारियल पानी की बात करें तो इसमें पोटेशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के साथ ही शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, शर्करा व वसा की कम मात्रा होती है।

### अंकुरित अनाज

अंकुरित किए जाने से अनाज में पोषक तत्वों की मात्रा दुगुनी हो जाती है। चना, मूंग, सोयाबीन, मटर आदि को अंकुरित करके खाया जा सकता है। सर्दियों के मौसम में नाश्ते में अंकुरित अनाज को शामिल करना स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर है। भरपूर अंकुरित अनाज का सेवन आप सूप या सलाद के साथ भी कर सकते हैं। सुलभ, सस्ता, बनाने में आसान व पौष्टिक होने के कारण अंकुरित अनाज का सेवन आपके शरीर के लिए लाभदायक होता है। विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, एंटी ऑक्सीडेंट आदि की भरपूर मात्रा होने के कारण अंकुरित अनाज हमारे भोजन के पाचन में भी सहायक होता है।

# ब्रेस्ट कैंसर से बचाता है विटामिन डी

ब्रिटेन के विशेषज्ञों का कहना है कि विटामिन डी के सेवन से स्तन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है. लंदन की सर्जन एवं प्रो. केफाह मोकबेल के अनुसार इससे एक हजार जिंदगियां प्रतिवर्ष बचाई जा सकती हैं. वैसे तो धूप विटामिन डी का सबसे बड़ा स्रोत है. लेकिन महिलाएं अक्सर अपनी दिनचर्या में इससे महरूम हो जाती है. प्रो. मोकबेल का दावा है कि 20 साल की आयु के बाद महिलाएं को प्रतिदिन एक विटामिन डी की गोली का सेवन करना चाहिए. इसके सेवन से स्वस्थ्य महिलाओं में भी ब्रेस्ट कैंसर होने की आशंका काफी घट जाती है. महिलाओं में जरूरी विटामिन डी लेबल काफी उच्च स्तर का होता है. जो अक्सर कम हो जाता है. इसे मेंटेंन करके खतरे को कम किया जा सकता है.

अध्ययन के अनुसार इसका (विटामिन डी की गोलियों का) खर्च काफी कम है और लाभ काफी अधिक क्योंकि इससे बड़ी परेशानी की आशंका काफी कम हो जाती है. एक अध्ययन के अनुसार, ब्रिटेन में हर साल 50 हजार महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में आ रही हैं. इसमें 1200 मौत के मुंह में चली जाती हैं. अध्ययन के अनुसार, वैसे तो विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है. लेकिन अब यह भी माना जाता है कि विटामिन डी इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में भी लाभकारी है. यह दोनों कैंसर की रोक के अहम कारक हैं. अमेरिका के हार्वर्ड स्कूल और पब्लिक हेल्थ के अनुसार विटामिन डी की कमी से कई बड़ी बीमारियों जैसे ऑस्टियोपोरोसिस, ह्रदय रोग, फ्लू, कई प्रकार के कैंसर, टीबी और स्केरोसिस का खतरा बढ़ जाता है. विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है यह इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में लाभकारी हेल्थ फैक्ट्स है.



# जरा संभलकर मम्मी टू बी...



**गर्भावस्था के दौरान जरा सी असावधानी बरतने पर आपको कमर दर्द संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इससे बचने के लिए आइए जानते हैं क्या करें और क्या न करें**

## ऐसा न करें

- भारी वस्तुएं न उठाएं। ● कमर को झुकाएं नहीं।
- उल्टे-सीधे तरीके से न लेटें। ● जगने पर बिस्तर से झटके में न उठें।
- ज्यादा देर के लिए हाई हील न पहनें।
- कंधे पर भारी बैग लटकाकर न चलें।
- हर काम अपने सिर पर लेने की कोशिश न करें।

## ऐसा करें

- भारी वस्तुएं उठाने के लिए अपने पति या अपने किसी खास से कहें।
- कमर झुकाने के बजाय घुटनों के बल बैठें और अपनी कमर सीधी रखें।
- अपनी स्पाइन को सीधा रखने के लिए जिस करवट लेटी हैं उस तरफ घुटनों के बीच में एक तकिया जरूर रखें।
- नींद से उठने पर पहले करवट लें। फिर अपने हाथों का सहारा लेकर बैठ जाएं।
- हाई हील के स्थान पर लो हील और फ्लैट जूते-चप्पल का ही इस्तेमाल करें। इससे आपकी पेल्विस और पीठ सीधी रहेगी।
- भारी बैग के बजाय बैक पैक का इस्तेमाल करें।
- जितना संभव हो घर के कामों की जिम्मेदारियां परिवार के सदस्यों को सौंपें। आपके साथ ही आने वाले नन्हें मेहमान को भी तो सुकून चाहिए।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका अंतिम टी20 आज : टीम इंडिया जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी

जोहानिसबर्ग (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे और अंतिम टी20 मैच को जीत कर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है और उसका लक्ष्य अपनी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम की ओर से तीसरे मैच में तिलक वर्मा ने शानदार शतक लगाया जबकि अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक। ऐसे में ये दोनो इस मैच में भी इसी प्रकार का प्रदर्शन चाहेंगे। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले मैच में रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में उनका लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। इसके अलावा रिंकू सिंह के भी इस मैच में खराब फॉर्म से उबरने की उम्मीद है। संजू सैमसन पिछले दो मैचों से असफल रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह को लेक संशय जताया जा रहा है। ऐसे में उनकी जगह किसी युवा को शामिल किय जा सकता है। इस मैच में तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को भी खेलने का अवसर मिल सकता है। भारत के लिए वांडरर्स मैदान से ही लकी रहा है। यहां भारतीय टीम ने साल 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप जीता था। वहीं पिछली टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। 3-1 से सीरीजजीतने के लिए बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे।

रिंकू पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है। इस सीरीज में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। इसके लिए उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डालीं।




आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। वहीं रिंकू ने अधिकतर समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा,), तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक, रवि बिश्नोई।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, पैट्रिक क्रूगर, मार्को जानसन, एंडिले सिमलेन, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला

## रणजी ट्रॉफी: मोहम्मद शमी ने दूसरे दिन की शानदार वापसी, एमपी के खिलाफ चटकाए चार विकेट



इंदौर (एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी की है। उन्होंने होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश पर चार विकेट लेकर बंगाल को पहली पारी में बढ़त दिलाई। पहला दिन शमी के लिए खास नहीं रहा था और वह कोई विकेट भी नहीं ले पाए थे। लेकिन गुरुवार को 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी में अपनी क्लास और अनुभव दिखाते हुए 19 ओवरों में 4-54 के आंकड़े के साथ बंगाल के स्टैंडआउट गेंदबाज के रूप में समापन किया। शमी ने दूसरे दिन की शुरुआत में ही प्रहार किया और एमपी के कप्तान शुभम शर्मा को सिर्फ 8 रन पर आउट कर दिया, अपने विनाशकारी स्पेल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और लगातार गेंदों पर कुमार कार्तिकेय और खुलवंत खेजरोलिया को आउट किया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई। अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की जिसने उनके अभियान की शुरुआत की। पूरी गति से गेंदबाजी नहीं करने के बावजूद शमी ने लगातार मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिसमें प्रमुख बल्लेबाज रजत पाटीदार को आउट करना भी शामिल है। उन्हें अपने भाई मोहम्मद कैफ के साथ मिलकर गेंदबाजी करते देखा गया। शमी ने बंगाल के लिए आखिरी मैच नवंबर 2018 में केरल के खिलाफ खेला था जो एकतरफा मुकाबला था। शमी अपनी शीर्ष फिटनेस पर वापसी की कोशिश में जुटे हैं और उन्हें अपने इस अच्छे प्रदर्शन से उन्हें 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापसी का रास्ता मिल सकता है।

## गावस्कर ने भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ पर उठाये सवाल

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ पर सवाल उठाये हैं। गावस्कर ने कहा है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को छोड़कर कोचिंग स्टाफ के किसी भी सदस्य को ऑस्ट्रेलिया दौरे का अनुभव नहीं है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया में किसी प्रकार की उछाल होगी और उसका सामना कैसे करना है ये बताने का यह काम केवल एक व्यक्ति गंभीर ही कर सकते हैं। गावस्कर के अनुसार भारतीय कोचिंग स्टाफ में केवल गंभीर के पास ही ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव है। वहीं स्टाफ के अन्य लोगों के पास तो टेस्ट मैच खेलने का ही अनुभव नहीं है।



गावस्कर के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में खिलाड़ियों को बहुत अच्छी तरह से सलाह दिये जाने की जरुरत है पर उनके बल्लेबाजी सहायक कोच अभिषेक नायर से अधिक अनुभवी तो गंभीर को है। ऐसे में उन्हें ही बताना होगा कि कैसे खेलना चाहिये। गंभीर ही बल्लेबाजों को सिखा सकते हैं कि किस किस तरह से बल्लेबाजी की जानी चाहिये। इसके साथ ही किस तरह का संयम दिखाना चाहिए जिससे कि टीम का प्रदर्शन बेहतर हो सके। गंभीर ने 2011-12 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इन मैचों की 8 पारियों में 22.62 की औसत से 181 रन बनाए। गंभीर इस सीरीज में सिर्फ एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए थे। उनका सबसे अधिक स्कोर 83 रन रहा। इस प्रकार बची हुई सात पारियों में उन्होंने केवल 98 रन बनाये। वहीं जहां तक नायर का सवाल है तो उन्होंने केवल तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं पर कोई टेस्ट मैच कभी नहीं खेला है।

# कुसल मेंडिस और अविष्का फर्नांडो के शतक, श्रीलंका ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को हराया

दाम्बुला (श्रीलंका) (एजेंसी)। कुसल मेंडिस और अविष्का फर्नांडो के शतकों की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 45 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

मेंडिस ने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 128 गेंद में 143 रन बनाए जबकि फर्नांडो ने 115 गेंद में 100 रन जोड़े। श्रीलंका ने 49.2 ओवर में पांच विकेट पर 324 रन बनाए जब बारिश होने लगी। न्यूजीलैंड को 27 ओवरों में 221 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करने वाले विल यंग और टिम रॉबिनसन ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। इसके बाद श्रीलंकाई स्पिनरों ने कीवी बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी और मेहमान टीम 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। धीमे गेंदबाज महीष तीक्ष्णा और कप्तान चरित असलांका ने 2-2 विकेट लिए जबकि जाफरी वांडरसे को एक विकेट मिला। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने तीन विकेट चटकाए।




इससे पहले श्रीलंका के लिए मेंडिस और फर्नांडो ने दूसरे विकेट के लिये 206 रन जोड़े। कप्तान असलांका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और जैकब डफी के दूसरे ओवर में नाथन स्मिथ ने थर्डमैन पर भागते हुए पाथुम निसांका (12) का कैच लपका। डफी ने मेंडिस को उस समय जीवनदान दिया जब वह 11 रन पर थे। डफी उनका नीचे की ओर जाता रिटर्न कैच नहीं लपक सके। इसके बाद निसांका और फर्नांडो ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की दूसरे विकेट के लिये सर्वोच्च साझेदारी कर डाली।

इससे पहले रिकॉर्ड सनत जयसूर्या और हशान तिलकरत्ने के नाम था जिन्होंने 2003 विश्व कप में 170 रन जोड़े थे। मेंडिस ने अपना चौथा वनडे शतक 37वें ओवर में 102 गेंद में पूरा किया जबकि फर्नांडो ने अगले ओवर में तीन साल में पहला वनडे शतक बनाया। फर्नांडो ने 9 चौके और दो छक्के लगाए और वह ईश सोढी की गेंद पर मिडआन में कैच देकर लौटे। मेंडिस ने 17 चौके और दो छक्के जड़े और वह डफी का शिकार बने।


## लेह में मिलेगा पैरा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

लेह । लॉस एंजिलिस 2028 पैरालम्पिक से पहले खिलाड़ियों को जरुरी कौशल का प्रशिक्षण देने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अब उन्हें लेह में बनाये जाने वाले पैरा खेल केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। लेह का ये केन्द्र विश्व में ऊंचाई पर बनने वाला पहला खेल केंद्र होगा। इसके लिए पर्वतीय विकास परिषद, लेह और आदित्य मेहता फाउंडेशन के बीच करार हुआ है। परिषद के मुख्य कार्यकारी काउंसिलर एडवोकेट ताशी ग्यालसन ने कहा, 'यह हमारे लिए काफी गर्व का पल है कि पैरा खेलों में विश्व का पहला सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित केंद्र लेह में बन रहा है। भारतीय पैरा खिलाड़ियो ने साल 2024 पेरिस पैरालम्पिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 पदक जीते थे। जिससे पता चलता है कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस केंद्र में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, नेत्रहीन फुटबॉल, बोकिया, कैनोइंग, साइकिलिंग, घुड़सवारी, गोलबॉल, जूडो, पावरलिफ्टिंग, नौकायन, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलन, व्हीलचेयर बास्केटबॉल, व्हीलचेयर तलवारबाजी, व्हीलचेयर रग्बी, व्हीलचेयर टेनिस का अभ्यास खिलाड़ियों को कराया जाएगा।



## रोहित, विराट ने भारतीय क्रिकेट को सुरक्षित हाथों में छोड़ा है : मोहम्मद कैफ

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 प्रारूप में उनकी सेवानिवृत्ति के बाद युवाओं को अच्छा प्रदर्शन करते देखकर खुश होंगे। रोहित ने इस साल की शुरुआत में जून में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया और कोहली के साथ प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। विश्व कप फाइनल में कोहली ने जहां 76 रन बनाए थे तो वहीं, रोहित ने 3 अर्धशतकों सहित कुल 257 रन बनाकर टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। विराट रोहित की सेवानिवृत्ति के बाद टीम में अभिषेक वर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा आए। ऊपर से नए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस बदलाव को सहज बना दिया। कैफ की यह टिप्पणी तब आई जब तिलक ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में अपना पहला टी20 शतक लगाया, जबकि अभिषेक ने 25 गेंदों में 50 रन बनाकर भारत को 219/6 तक पहुंचा दिया था। इससे पहले श्रृंखला के शुरूआती मैच में सैमसन ने अपना लगातार दूसरा टी20 शतक जमाया और ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गये। कैफ ने एक्स पर लिखा- दक्षिण अफ्रीका की कठिन बल्लेबाजी परिस्थितियों में तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन को रन बनाते देखना विराट और रोहित के लिए सुखद रहा होगा। जब टी20 की बात आती है तो उन्होंने भारतीय क्रिकेट को सुरक्षित हाथों में छोड़ दिया है। रोहित और कोहली के संन्यास के बाद भारत का टी20ई परिवर्तन काफी सहज रहा है और 2026 में अपने खिताब की रक्षा करने में कोई बड़ी बाधा नहीं आई है।



## अंडर-19 एसीसी एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, कप्तानी करेंगे अमान

**–पाक से 30 नवंबर को होगा मुकाबला**

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एकदिवसीय अंडर-19 एसीसी एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज मोहम्मद अमान को कप्तान बनाया गया है। ये टूर्नामेंट इस माह के अंत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। भारतीय टीम का मुकाबला इस टूर्नामेंट में 30 नवंबर को दुबई में पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम में इस टूर्नामेंट के लिए मुंबई के आयुष म्हात्रे, बिहार के वैभव सूर्यवंशी, तमिलनाडु के सी आंद्रे सिद्धार्थ, केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान के साथ कर्नाटक के बल्लेबाज हार्दिक राज और समर्थ नागराज भी शामिल किये गये हैं।

भारत को इस टूर्नामेंट में ग्रुप ए में रखा गया है और पाकिस्तान , जापान और मेजबान यूएई भी उसके साथ शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें हैं। इस टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम 26 नवंबर को शारजाह में होने वाले अभ्यास मैच में बांग्लादेश से खेलेगी। इस टूर्नामेंट का सेमीफाइनल छह दिसंबर को जबकि फाइनल आठ दिसंबर को होगा।

भारतीय कप्तान अमान का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। पिता के निधन के बाद उन्हें बेहद संघर्ष करना पड़ा था।

**भारतीय अंडर-19 टीम इस प्रकार है**

मोहम्मद अमान (कप्तान), आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, सी आंद्रे सिद्धार्थ, किरण चोरमले (उपकप्तान), प्रणव पंत, हरवंश सिंह पंगलिया (विकेटकीपर), अनुराग कावड़े (विकेटकीपर), हार्दिक राज, मोहम्मद एनान, केपी कार्तिकेय, समर्थ नागराज, युद्धजीत गुहा, चेतन शर्मा, निखिल कुमार।रिजर्व खिलाड़ी साहिल पारख, नमन पुष्पक, अनमोलजीत सिंह, प्रणव राघवेंद्र, डी दीपेश।



## चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाथ से निकल तो पीसीबी होगी कंगाल

लाहौर (एजेंसी )। भारत के पाकिस्तान दौरे से इंकार के बाद से ही चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर संशय छाया हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इसे हाइब्रिड मॉडल पर खेलने को तैयार नहीं है। वहीं भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि वह सुरक्षा कारणों से अपनी टीम पाक नहीं भेज सकता है।ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट की मेजबानी किसी और देश को देश सकती है। ऐसे में पहले ही आर्थिक संकटों में फंसी पीसीबी का कंगाल होना तय है।



तय कार्यक्रम के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में होना है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर टूर्नामेंट स्थगित होता है या किसी और देश में शिफ्ट होता है तो आईसीसी पीसीबी पर प्रतिबंध लगा सकती है। इसके अलावा पीसीबी को आईसीसी से मिलने वाली राशि में भी कटौती हो सकती है। चैंपियंस ट्रॉफी को स्थगित करने या दूसरी जगह शिफ्ट करने का मतलब है कि मेजबानी फीस के तौर पर मिलने वाली राशि भी पीसीबी को नहीं मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने पहले ही कराची, रावलपिंडी और लाहौर के स्टेडियम को नये सिरे से बनाने में पहले ही भारी रकम खर्च की है। ऐसे में टूर्नामेंट का स्थगित होना या दूसरी जगह आयोजित किया जाना पीसीबी के लिए एक करारा झटका होगा। वहीं पीसीबी का कहना है कि भारत का सुरक्षा को लेकर उठाया गय सवाल गलत है क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले दो वर्षों में तीन बार पाकिस्तान का दौरा किया है। इसके अलावा इंग्लैंड दो बार और ऑस्ट्रेलिया ने भी एक बार पाक का दौरा किया है।

## लियोन को अश्विन से बेहतर मानते हैं एडम्स

जोसंबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज पॉल एडम्स ने बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाइई स्पिनर नाथन लियोन की जमकर प्रशंसा की है। एडम्स ने कहा कि लियोन भारतीय स्पिनर आर अश्विन से कहीं बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि लियोन अश्विन की तुलना में अधिक संपूर्ण गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा कि लियोन भारत के खिलाफ सीरीज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अभी 530 टेस्ट विकेट के साथ लियोन और 536 विकेट के साथ अश्विन विश्व के दो सबसे बेहतर स्पिनर माने जाते हैं पर उनका कहना है कि लियोन विश्वभर की पिचों पर बल्लेबाजों को परेशान करने में अधिक कुशल साबित हुए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप और ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा करने के मामले में लियोन के पास अश्विन की तुलना में अधिक विविधता है। एडम्स ने माना कि अश्विन के पास एक कैरम बॉल है जो गेंद को विपरीत दिशाओं में घुमा सकती है पर कहा कि लियोन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने बहुत अधिक ओवर-स्पिन के साथ गेंदबाजी की है। इससे बल्लेबाजों के लिए खेलना कठिन हो जाता है। साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नहीं होने से भी इस सीरीज में भारतीय टीम के अन्य गेंदबाजों पर अधिक दबाव रहेगा।



## एटीपी फाइनल्स : ज्वेरेव ने रूड को हराकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा



ट्यूरिन। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा, क्योंकि जर्मन खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को 7-6(3), 6-3 से हराकर इस सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हालाँकि रूड अपने शुरुआती मैच में कार्लोस अल्काराज़ को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए, लेकिन ज्वेरेव ने इनाल्पी एरिना में 86 मिनट के प्रदर्शन के साथ नॉर्वेजियन खिलाड़ी को हरा दिया। 2024 में अपने टूर-लीडिंग 68 की जीत के साथ, ज्वेरेव ने जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। रोम और पेरिस चैंपियन शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में अल्काराज़ से भिड़ेंगे, जब वह अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित करने की कोशिश करेंगे। ज्वेरेव अपने तीसरे एटीपी फाइनल्स खिताब की तलाश में हैं, इससे पहले उन्होंने 2018 में लंदन और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी। ज्वेरेव और रूड एक आकर्षक शुरुआती सेट में बराबरी पर थे, जिसमें कोई ब्रेक पॉइंट नही था, लेकिन कई बेहतरीन रैलियां थीं। हालांकि, दूसरे वरीयता प्राप्त जर्मन ने समय पर नियंत्रण हासिल किया, टाई-ब्रेक में 6-1 की बढ़त हासिल की और अंतत : सेट को सुरक्षित किया। दूसरे सेट में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जिसमें रूड ने ज्वेरेव की तेज़ सर्विस और क्रिस्प ग्राउंडस्ट्रोक के खिलाफ़ कड़ी टक्कर दी। जैसे ही मैच एक और टाई-ब्रेक की ओर बढ़ रहा था, ज्वेरेव ने रूड की सर्विस में एक दुर्लभ गिरावट का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। उस बिंदु से, ज़ेवेरेव ने कोई गलती नही की, सोमवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी पिछली जीत के बाद आराम से सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। ज्वेरेव आठ एकल खिलाड़ियों में से सबसे अधिक एटीपी फाइनल्स अनुभव के साथ ट्यूरिन पहुंचे। एटीपी के अनुसार, 27 वर्षीय खिलाड़ी सातवीं बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और उन्होंने कुल मिलाकर 16-9 जीत/हार का रिकॉर्ड बनाया है।

## कुमामोटो मास्टर्स जापान में पीवी सिंधु की हार के साथ भारत का अभियान समाप्त

कुमामोटो (जापान)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा। कुमामोटो मास्टर्स जापान 2024 में एक बड़ी हार के साथ उनका सफर खत्म हो गया है। उन्हें दूसरे दौर के मुकाबले में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ 21-17, 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज सिंधु कनाडा की खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम जीतने के बाद मैच में अपनी लय कायम नहीं रख पाई और विरोधी खिलाड़ी ने कमबैक करते हुए लगातार अगले दो गेम जीते। पहला गेम हारने के बाद मिशेल ने अंतिम दो गेम में जोरदार वापसी की और यह रोमांचक मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। सिंधु ने दमदार शुरुआत की और पहला गेम 21-17 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार नियंत्रण और सटीकता दिखाई, लेकिन सिंधु ने अपने आक्रामक खेल का इस्तेमाल करते हुए पहले बढ़त बनाई। ब्रेक के बाद, उन्होंने दबाव बनाना जारी रखा और आखिरकार अपने चौथे गेम-पॉइंट पर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मिशेल ने वापसी करते हुए तेज शॉट चयन के साथ जवाब दिया और मैच पर नियंत्रण रखते हुए 21-16 से बराबरी की। इसके बाद मैच काफी रोमांचक हो गया। अंतिम गेम रोमांचक रहा, जिसमें सिंधु ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई और इसे 11-9 तक जारी रखा। हालांकि, ली ने इसके बाद वापसी की और मैच के अंत में उन्होंने बढ़त हासिल करते हुए 21-17 से जीत हासिल की। यह केवल तीसरी बार है जब ली ने सिंधु को पिछले कुल 13 मुकाबले में हराया है।

# तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के इस रिकॉर्ड को तोड़ा, टी20 में शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

जोहानिसबर्ग (एजेंसी )। भारत ने तीसरे टी20 मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर 11 रन से करीबी जीत हासिल की। वहीं टीम इंडिया के इस जीत के नायक तिलक वर्मा रहे जिन्हें उनकी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। इस मैच में तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट करके तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने ऐसी पारी खेली की प्रोटियाज अचंभित रह गए।

भारत का पहला विकेट शून्य पर गिर गया था जब संजू सैमसन आउट हो गए थे, लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने मिलकर भारतीय पारी को शानदार तरीके से संभाला।

तीसरे मैच में अभिषेक शर्मा ने पिछले कुछ मैचों की कसर निकालते हुए 25 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन ठोक दिए जबकि तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया और 56 गेंदों पर 7 छक्के और 8 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेल डाली। तिलक वर्मा ने अपनी इस पारी के बाद संजू सैमसन के इस रिकॉर्ड तो तोड़ने में सफलता हासिल की जबकि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये उनकी बेस्ट व्यक्तिगत शतकीय साझेदारी भी की।

तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक 18वीं पारी में लगाया और वो भारत की तरफ से सबसे कम पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें नंबर पर आ गए जबकि संजू सैमसन 10वें नंबर पर चले गए जिन्होंने अपनी 29वीं पारी में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला शतक लगाया था। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अभिषेक शर्मा हैं जिन्होंने अपनी दूसरी पारी में ही ये कमाल कर दिया था जबकि दूसरे नंबर पर दीपक हुड्डा हैं जिन्होंने तीसरी पारी में शतक लगा दिया था। इस लिस्ट में आखिरी स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर के 96वीं पारी में शतक लगाया था।



# आदिवासी ही भारत के मूल मालिक नहीं मिल रही भागीदारी : राहुल गांधी

एजेंसी

**मुंबई :** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को नंदूरबार की चुनावी सभा में कहा कि आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं लेकिन उन्हें सरकार में उनके हिस्से की भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्हें यह भागीदारी सिर्फ संविधान से ही मिलेगी। राहुल गांधी नंदूरबार में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी आबादी 8 प्रतिशत है तो भागीदारी भी 8 प्रतिशत होनी चाहिए। केंद्र सरकार जब 100 रुपये खर्च करती है, तो आदिवासी के लिए केवल 10 पैसे तय किए जाते हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के लोग सभी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, वे आपके अधिकार छीन रहे हैं। आपकी जमीन, जल, जंगल छीनकर अरबपतियों को दिया जा रहा है। आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं। इसे बदलने का एक मात्र तरीका जातिगत जनगणना है। इसी से पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी और उसे सरकार में कितनी भागीदारी मिल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार आएगी, जातिगत जनगणना शुरू की जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ा दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र के बहुत से उद्योग पड़ोसी राज्यों में भेज दिया गया है, जिससे राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आने पर किसी अन्य राज्य के उद्योग धंधे किसी अन्य राज्य में नहीं भेजे जाएंगे। राहुल गांधी ने प्रचार सभा में महाविकास आघाड़ी के वादों को फिर से दोहराया है।



## एक नजर

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल :** मणिपुर के जिरीबाम तथा चुराचांदपुर जिले से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। जिरीबाम में सीआरपीएफ कैंप पर हमले के दौरान लापता हुए छह लोगों की खोज में सुरक्षा बल व्यापक पैमाने पर तलाशी एवं छापामार अभियान चला रहे हैं। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मणिपुर पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों ने मणिपुर पुलिस के एक आईजीपी की देखरेख में बड़ाबेकरा थाना अंतर्गत थांगबोइपुंजी, नारायणपुर गांव और जिरीबाम थाना के चंपानगर में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जिरीबाम जिले के चंपानगर क्षेत्र से दो डबल बैरल 12 बोर, एक 2 इंच मोर्टार, 36 जिंदा बैरल कारतूस और पांच खाली बैरल कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा चुराचांदपुर जिले के एच कोटलियान गांव से एक .303 राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो शॉर्ट आरजी मॉडिफाइड पंपी, दो लॉन्ग आरजी मॉडिफाइड पंपी, पांच एके 47 जिंदा राउंड, दो 9 मिमी जिंदा राउंड, चार 12 बोर कार्ट केस, 18 नग .303 राइफल संशोधित जिंदा राउंड, 16 कंबल, दो टोपियां और एक स्कार्फ बरामद किये गये।

### बेकाबू ट्रक ने छह को कुचला, पांच की मौत

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़-दिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित पानीपत में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर छह लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को एक ट्रक चालक एलिवेटिड हाईवे पर विपरीत दिशा में एंट्री ली और सिवाह पुल के सामने एक बाइक पर सवार दो लोगों को कुचला। घटना के बाद चालक ने आगे मलिक पेट्रोल पम्प के सामने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इसके बाद चालक ने तीसरा हादसा गुरुद्वारे के सामने भी ट्रक से दो लोगों को टक्कर मार दी। एक के बाद एक तीन वाहनों में टक्कर मारने की घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव सड़क पर बिखरे पड़े रहे और मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे पीजीआई रोहतक में रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक नशे में था। जब उसे पकड़ा तो वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। मरने वालों में तीन की पहचान अनिकेत उर्फ अंकित, सूरज और राजेंद्र (25) के रूप में हुई हैं।

## पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने 12 आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों को खुफिया आधारित आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और उत्तरी वजीरिस्तान में अलग-अलग मुठभेड़ में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ में छह आतंकवादियों के जख्मी होने का भी दावा किया गया। एआरवाई न्यूज चैनल की आज की खबर में यह जानकारी पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से दी गई है। आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षाबलों को यह सफलता बुधवार को मिली। 12-13 नवंबर को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र मीरान शाह में खुफिया आधारित ऑपरेशन शुरू किया। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के स्थान पर कब्जा कर लिया। चारों तरफ से घिरे आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया। छह आतंकवादी घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के केच जिले में हुई मुठभेड़ में आतंकी सरगना सना उर्फ बारू सहित चार आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर के अनुसार, सना उर्फ बारू जिला केच में तथाकथित मजीद ब्रिगेड के लिए फोकल भर्ती एजेंट, विशेष रूप से आत्मघाती हमलावर था। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसकी लंबे समय से तलाश थी। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 30 अक्टूबर को सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में हुई मुठभेड़ में आठ आतंकवादियों को मार गिराया था।

## वायु प्रदूषण की चपेट में आया काठमांडू विश्व का छठा प्रदूषित शहर बना

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल की राजधानी काठमांडू भी वायु प्रदूषण की चपेट में आ गया है। वायु प्रदूषण के कारण पूरे शहर में धुंध छाई हुई है। कई वर्षों के बाद काठमांडू में इस तरह का वायु प्रदूषण देखने को मिला है। वायु प्रदूषण की मात्रा इतनी अधिक बढ़ गई है कि काठमांडू दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में छठे स्थान पर आ गया है। आईक्यू एयर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक काठमांडू में वायु प्रदूषण का स्तर 170 एक्यूआई के पार हो गया है। आईक्यू एयर के मुताबिक आज सुबह 11 बजे तक काठमांडू में वायु प्रदूषण का असर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। वैसे तो यह 100 एक्यूआई के पार होना ही स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है लेकिन यह सुबह 11 बजे तक 170 एक्यूआई के पार होने से स्थिति गंभीर होती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इसी तेजी से प्रदूषण स्तर बढ़ता रहा तो कुछ ही दिनों में प्रदूषण स्तर 200 एक्यूआई के पार हो सकता है। काठमांडू में एक्यूआई का स्तर 170 के पार होने के साथ ही यह विश्व के छठे सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में आ गया है। सुबह 11 बजे जारी सूचकांक के मुताबिक पाकिस्तान का लाहौर 755 एक्यूआई के साथ पहले स्थान पर है जबकि भारत की राजधानी दिल्ली 423 एक्यूआई के साथ द्वारा सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। तीसरे स्थान पर वियतनाम की हनोई है जबकि चौथे स्थान पर कोलकाता और पांचवें स्थान पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका है। छठे स्थान पर रहे काठमांडू का सबसे प्रदूषित क्षेत्र खुमलतार क्षेत्र है जहां का वायु प्रदूषण 169 के पार चल गया है। इसी तरह भरतपुर चितवन का क्षेत्र 168, काठमांडू का रत्नपार्क 164, भक्तपुर 163, शंख पार्क का वायु प्रदूषण स्तर 160 के पार हो गया है।



## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर के पांच जिलों के छह और पुलिस थानों पर लागू हुई अफस्पा



**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) के तहत मणिपुर के पांच जिलों के 6 पुलिस थानों को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इन पुलिस थानों में सेकमाई (इंफाल वेस्ट), लामसांग (इंफाल वेस्ट) लामलाई (इंफाल ईस्ट), जिरीबाम (जिरीबाम), लीमाखोंग (कांगपोकपी), मोइरांग (विश्नुपुर) शामिल हैं। मंत्रालय का कहना है कि मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है एवं विष्णुपुर-चुराचंदपुर, इंफाल ईस्ट- कांगपोकपी-इंफाल वेस्ट व जिरीबाम जिलों के सीमांत हिंसा-ग्रस्त क्षेत्रों में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है तथा हिंसा के जघन्य कृत्यों में विद्रोही समूहों की सक्रिय भागीदारी के कई उदाहरण सामने आए हैं। गृह मंत्रालय की ओर गुरुवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। इससे पहले मणिपुर के 19 पुलिस थानों को छोड़ कर बाकी सभी पुलिस थानों में अफस्पा लागू था। गृह मंत्रालय ने जातीय संघर्ष की स्थिति को देखते हुए इन 19 में से 6 पुलिस थानों में भी अफस्पा लागू करने की घोषणा की है। अधिसूचना के अनुसार मणिपुर में इन 6 पुलिस थानों के अधिकार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत दिनांक 31 मार्च 2025 तक यदि इस अधिसूचना को इससे पहले वापस नहीं लिया जाता है, तत्काल प्रभाव से 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाता है।

### उप्र में पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का फैसला

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा को एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया है। साथ ही दिसंबर में प्रस्तावित आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के इस फैसले से लाखों छात्रों को राहत मिली है। प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद यूपीपीएससी ने यह निर्णय लिया है। अब पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही स्थगित की गयी आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा-2023 का प्रारूप तय करने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अतिशीघ्र अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। यूपीपीएससी के मुताबिक समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 को स्थगित करते हुए उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति सभी पहलुओं पर गहन अध्ययन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, जिससे इन परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके।

## आईसीएमआर ने भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी : नड्डा




एजेंसी

**नई दिल्ली :** स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (डीएचआर-आईसीएमआर) ने गुरुवार को सुषमा स्वराज भवन में स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि आईसीएमआर बायोमेडिकल अनुसंधान में सबसे आगे रहा है और कुछ सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। तपेदिक, मलेरिया और सीओवीआईडी -19 जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने से लेकर गैर-संचारी रोगों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण संबंधी विकारों के समाधान को आगे बढ़ाने तक-आईसीएमआर ने भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आईसीएमआर को बधाई देते हुए कहा कि आईसीएमआर अपने स्थापना दिवस के वार्षिक उत्सव के दौरान अनुसंधान उत्कृष्टता को मान्यता देने की इस परंपरा को जारी रखेगा और एक स्वस्थ और मजबूत भारत बनाने के अपने मिशन में आगे बढ़ेगा। शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश के जैव चिकित्सा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में योगदान के शानदार इतिहास के साथ, आईसीएमआर लंबे समय से भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है। सरकार विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। अनुसंधान और नवाचार में डीएचआर-आईसीएमआर का नेतृत्व, अपने एक्स्ट्रामुरल और इंट्रामुरल कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल में परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ा रहा है। भारत का वैज्ञानिक परिदृश्य तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन एक स्वस्थ, अधिक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हमारे शोधकर्ताओं के अमूल्य योगदान को पहचानने का एक उपयुक्त क्षण है। शिखर सम्मेलन में नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल और सचिव डीएचआर एवं महानिदेशक आईसीएमआर, डॉ. राजीव बहल भी मौजदू रहे।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बिहार संग्रहालय बना आकर्षण का केन्द्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के आगाज के साथ साझीदार राज्य बिहार के पवेलियन का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। इस पवेलियन में लोग बिहार संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज बिहार सरकार के हथकरघा एवं रेशम उत्पादन विभाग के निदेशक निखिल धनराज निप्पाणिकर ने दीप प्रज्वलित कर पवेलियन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहार संग्रहालय के निदेशक अशोक कुमार सिन्हा सहित उद्योग मित्र, बिहार खादी एवं उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2 में पार्टनर स्टेट के रूप में बिहार मंडप लगाया गया है। बिहार पवेलियन में सभ्यता द्वार, बोधि वृक्ष, ग्लास ब्रिज, आधुनिक नालंदा विश्वविद्यालय एवं मधुबनी पेंटिंग, मंजूषा पेंटिंग व टिकुली आर्ट से सजा पवेलियन एवं पवेलियन के सेंटर हॉल में बना बिहार म्यूजियम इस बार का मुख्य आकर्षण का केन्द्र है। बिहार पवेलियन में पद्मश्री कलाकारों द्वारा मधुबनी पेंटिंग, टेराकोटा कला, सिक्की कला आदि का प्रदर्शन किया जा रहा है। बिहार पवेलियन में 75 स्टॉल के माध्यम से वहां की लोक संस्कृति को देखा जा सकता है। बिहार पवेलियन के क्रियान्वयन निदेशक निखिल धनराज निप्पाणिकर ने बताया कि इस बार मेले में हैंडलूम एवं हेंडिक्रॉफ्ट तथा खादी के 75 स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर बिहार के पारंपरिक हस्तकलाओं एवं हस्तकरघा उत्पाद जिनमें नालंदा का बाबन बूटी, भागलपुर का सिल्क, मिथिलांचल की मधुबनी पेंटिंग, पटना की टिकुली कला इत्यादि को स्थान दिया गया है। इसके अलावा बिहार खादी के उत्पाद भी रखे गए हैं। निखिल धनराज ने बताया कि बिहार पवेलियन को प्रत्येक वर्ष मेले की थीम के अनुरूप नयाब डिजाइन एवं रूपरेखा से सजाया जाता है। इस वर्ष बिहार मंडप के मुख्य द्वार को सभ्यता द्वार का रूप दिया गया है।



vedanta transforming for good
ESL STEEL LIMITED
एकता में विकास
झारखंड के भविष्य के प्रति वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता नंद घर के माध्यम से झलकती है, जहां वह नन्हीं जिंदगियों को संवारने, महिलाओं को सशक्त बनाने और समुदायों में उम्मीद की किरण जगाने का कार्य कर रही है।
#BehtarJharkhand



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**